माघ मास, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 265, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 14 जनवरी, 2023

मकर संक्रांति

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

### संत रविदास घाट पर गंगा क्रूज यात्रा का पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर व बटन दबाकर टेंट सिटी का वर्चुअली शुभारम्भ किया

# गंगा नदी जलधारा नहीं, तप-तपस्वियों की साक्षी है-मोदी

**सफर पर चला क्रूज**

**पीएम मोदी ने कहा, विदेशों जैसा रोमांचक अनुभव अब भारत में सैलानियों के लिए उपलब्ध**

**क्रूज पर्यटन का नया दौर है, इस क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार के नए अवसर देगा, ये क्रूज जहां से भी गुजरेगा, वहां विकास की नई रोशनी लाएगा**

**देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग विकसित करने के लिए नया कानून और विस्तृत कार्य योजना है**

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** गंगा नदी हमारे लिए सिर्फ जलधारा नहीं है, बल्कि प्राचीन काल से तप-तपस्वियों की साक्षी है. मां गंगा ने भारतीयों को हमेशा पोषित किया है, प्रेरित किया है. गंगा पट्टी आजादी के बाद पिछड़ती चली गई, लाखों लोगों का पलायन हुआ, इस स्थिति को बदलना जरूरी था और हमने नई सोच के साथ काम करना शुरू किया, एक तरफ नमामी गंगे के माध्यम से गंगा की निर्मलता के लिए काम किया, दूसरी तरफ अर्थ गंगा पर भी काम किया, अर्थ गंगा आर्थिक गतिविधियों का नया वातावरण बन रहा है। शुक्रवार को काशी के रविदास घाट पर आयोजित गंगा विलास क्रूज यात्रा की वर्चुअली शुभारम्भ के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही। वर्चुली मंच से काशी की जनता का हर हर महादेव के साथ उन्होंने अभिवादन किया, इसके बाद उन्होंने सभी को लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल की शुभकामना दी, कहा कि हमारे त्योहारों में नदियों की सशक्त भूमिका है इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पूर्वी उत्तर भारत पूर्व में पूरी तरह से उपेक्षित था आज समृद्धि हो रहा है, जलमार्ग से पर्यटन का रास्ता खुल रहा है। पूर्वी भारत के पर्यटन स्थल को इस क्रूज के माध्यम से जोड़ने का मौका मिला है। 51 दिनों की इस यात्रा का उद्देश्य सभी स्थानों की संस्कृतियों, लोक-कलाओं के साथ ही वहां के स्थानीय उत्पादों को विश्व पटल पर मंच प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 में देश में केवल 5 राष्ट्रीय जलमार्ग थे, अब देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं और लगभग दो दर्जन पहले से ही चालू हैं।



### विदेशी टूरिस्ट को पीएम का संदेश

प्रधानमंत्री ने कहा, यूपी, बिहार, असम, बंगाल और बांग्लादेश की यात्रा के दौरान यह क्रूज हर तरह की सुविधा मुहैया करवाएगा, पीएम ने कहा कि सभी विदेशी टूरिस्ट का विशेष अभिनंदन करता हूं जो पहले सफर पर निकलने वाले हैं, मैं कहूंगा कि भारत के पास वो सबकुछ है जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं, भारत की व्याख्या सिर्फ शब्दों में नहीं की जा सकती, हमें दिल से समझा जा सकता है।

### सैटेलाइट से गंगा विलास की तुलना

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज गंगा विलास की शुरूआत होना एक साधारण घटना नहीं है. उन्होंने कहा, जैसे कोई देश जब अपने दम पर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में स्थापित करता है तो वो उस देश की तकनीती क्षमता को दिखता है, वैसे ही 3200 किलोमीटर से ज्यादा लंबा ये सफर, भारत में जलमार्ग के विकास और नदी जलमार्गों के लिए बन रहे आधुनिक संसाधनों का जीता-जागता उधारण है।



### क्रूज टूरिज्म का नया दौर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में क्रूज टूरिज्म का नया दौर के रुप में उभर कर सामने आया है जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उाने वाले दिनों के लिए यह पहले से ही लोकप्रिय हो गया है। इस क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार के नए अवसर देगा. विदेशी पर्यटकों के साथ देश के पर्यटकों के लिए भी ये खास अनुभव होगा। ये क्रूज जहां से भी गुजरेगा वहां विकास की नई रोशनी लाएगा। हम शहरों के बीच लंबे रिवर क्रूज के अलावा, अलग-अलग शहरों में छोटे क्रूज को भी बढ़ावा दे रहे हैं, काशी में भी ऐसी व्यवस्था चल रही है, बजट से लेकर लग्जरी क्रूज तक, हर प्रकार की सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

### टेंट सिटी का किया उद्घाटन




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेन्स के जरिए वाराणसी में टेंट सिटी का भी उद्घाटन किया। कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने के लिए गंगा नदी के तट पर टेंट सिटी की परिकल्पना की गई है। जो विशेष रूप से काशी विश्वनाथ धाम के उद्घाटन के बाद से वाराणसी में रहने की सुविधा प्रदान करेगी।टेंट सिटी का संचालन हर साल अक्टूबर से जून तक किया जाएगा और बारिश के मौसम में नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण तीन महीने के लिए इसे हटाया जाएगा। समारोह को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भी संबोधित किया ।

### पीएम ने इनकी रखी आधारशिला, इनका किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजीपुर के सैदपुर, चोचकपुर, जमानिया और बलिया के कंसपुर में चार फ्लोटिंग कम्यूनिटी जेटी का उद्घाटन किया। इसके अलावा बिहार में पटना जिले के दीघा, नकटा दियारा, बाढ़, पानापुर और समस्तीपुर जिले के हसनपुर में पांच सामुदायिक घाटों की आधारशिला भी रखी। पश्चिम बंगाल में हल्दिया मल्टी मॉडल टर्मिनल और गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के लिए समुद्री कौशल विकास केंद्र का भी लोकार्पण किया। गुवाहाटी में पांडु टर्मिनल में जहाज मरम्मत सुविधा और एलिवेटेड रोड का शिलान्यास भी किया।

## ग्लोबल साउथ समिट : समापन सत्र में बोले पीएम मोदी यूएन सुरक्षा परिषद में तत्काल मौलिक सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक 'ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने का एलान किया। पीएम मोदी ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और ब्रेटन वुड्स संस्थानों सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों में तत्काल मौलिक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक 'ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करेगा। साथ ही उन्होंने एक नए प्रोजेक्ट 'आरोग्य मैत्री' का भी एलान किया। उन्होंने कहा कि मुझे इस नए प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए खुशी हो रही है। इसके तहत भारत प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकट का सामना कर रहे विकासशील देशों को मेडिकल सहायता उपलब्ध कराएगा।



# मीरजापुर में क्रेन से टकराई राजधानी एक्सप्रेस

**मीरजापुर।** सियालदह से चलकर नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस मीरजापुर जिले में हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बची। झिंगुरा रेलवे क्रासिंग के पास शुक्रवार शाम राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या-12314) एक क्रेन से टकरा गई। पायलट ने समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन से टकराने के बाद क्रेन का एक हिस्सा ओएचई से टकरा गया जिससे तार के साथ ही एक पोल भी टूट गया। क्रेन से टक्कर के बाद ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया और अप व डाउन लाइन पर परिचालन प्रभावित हो गया। रेलवे स्टेशन के माध्यम से सूचना एनसीआर मुख्यालय को दी गई। मौके पर राहत बचाव कार्य शुरू हुआ। एक घंटे में अप लाइन शुरू कर दी गई पर डाउन लाइन पर अभी भी रेल परिचालन बंद है। कुछ ट्रेनों का रूट भी डायवर्ट किया गया है। प्रयागराज-मुगलसराय रूट पर ट्रेनों की रफ्तार 160 किलोमीटर प्रतिघंटा करने का कार्य चल रहा है। सियालदह से चलकर नई दिल्ली को जाने वाली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस 12 घंटे से भी ज्यादा देरी से शाम पांच बजे के करीब झिंगुरा से गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेलवे ट्रैक के बगल में ही काम चल रहा था। क्रेन का एक हिस्सा ट्रेन के इंजन से टकरा गया।पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद जोरदार टक्कर से इंजन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं टक्कर के बाद क्रेन का एक हिस्सा ओएचई से जा टकराया और तार के साथ ही एक पोल भी टूट गया। टक्कर व इमरजेंसी ब्रेक लगने की वजह से यात्रियों को जोर का झटका लगा और ट्रेन में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद अप व डाउन लाइन पर परिचालन प्रभावित हो गया।



# 31 जनवरी से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

**बैठेगी संसद**

**एक फरवरी को पेश किया जाएगा बजट, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया, 66 दिनों में होंगी 27 बैठकें**

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। यह सत्र 6 अप्रैल 2023 तक चलेगा। सत्र की शुरूआत लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र से होगी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी 2023 को बजट पेश करेंगी।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और सामान्य अवकाश के साथ 66 दिनों में 27 बैठकों के साथ 6 अप्रैल तक चलेगा। अमृत काल के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, केंद्रीय बजट और अन्य मदों पर चर्चा के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने बताया कि बजट सत्र 2023 के दौरान अवकाश 14 फरवरी से 12 मार्च तक रहेगा, ताकि विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियां अनुदान मांगों की जांच कर सकें और अपने मंत्रालयों और विभागों से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर सकें।66 दिनों की अवधि में 27 बैठकें होंगी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने की संभावना है। यह पांचवां केंद्रीय बजट होगा जो वित्तमंत्री सीतारमण पेश करेंगी। 2024 के राष्ट्रीय चुनाव से पहले केंद्रीय बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत अंतिम पूर्ण वर्ष के बजट के रूप में पेश किया जाएगा। बजट सत्र के पहले भाग के दौरान दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा होती है और उसके बाद केंद्रीय बजट पर चर्चा होती है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे, वहीं वित्त मंत्री केंद्रीय बजट पर बहस का जवाब देंगे। बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान, सरकार के विधायी एजेंडे के अलावा विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर चर्चा पर ध्यान दिया जाएगा। केंद्रीय बजट सत्र के इस भाग के दौरान पारित किया जाता है। पिछले सत्र के दौरान नौ बिल लोकसभा में पेश किए गए और सात बिल संसद के निचले सदन द्वारा पारित किए गए।



# हिमाचल में पुरानी पेंशन योजना बहाल

**गदगद हुए कर्मचारी**

**कैबिनेट बैठक में 1500 रुपये महिलाओं को देने का भी फैसला भी लिया, कैबिनेट सब कमेटी एक महीने में रिपोर्ट देगी**

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने लोहड़ी के पर्व पर प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना की सौगात दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की बहुप्रतीक्षित पहली बैठक शुक्रवार को राज्य सचिवालय में हुई। इसमें कांग्रेस सरकार की पहली गारंटी यानी पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अर्की में मैंने पहली बार कहा था कि ओपीएस बहाल करेंगे। पिछले दिनों अधिकारी पैसा नहीं होने की बात कहकर इसमें अड़चन डालते रहे, लेकिन मैंने अपना फामूर्ला दिया। पिछली सरकार ने तो कर्मचारियों के पांच हजार करोड़ रुपये एरियर के भी नहीं दिए। सीएम ने कहा कि प्रदेश के विकास की गाथा लिखने वाले करीब 1,36,000 अधिकारियों और कर्मचारियों को आज से ओपीएस का लाभ मिलना शुरू हो गया है। अधिसूचना आज या कल वित्त विभाग कर देगा। जो भी विभागों, बोर्डों, निगमों के पात्र कर्मचारी हैं, उन्हें इस योजना में लाया गया है।

लोहड़ी का तोहफा आज सरकार ने दिया है। यह हमारी पहली गारंटी थी। छत्तीसगढ़ के फामूर्ले को आधार बनाकर हिमाचल प्रदेश में अपना फामूर्ला तैयार कर ओपीएस लागू किया जा रहा है। सीएम सूक्खू ने कहा कि जब हमने आकलन किया तो पता चला कि पिछली सरकार 11,000 करोड़ की देनदारियां हमारी झोली में डालकर चली गई। छठा वेतन आयोग लागू किया। 1000 करोड़ रुपये का तो डीए का एरियर नहीं दिया है। नौकरी पर लगे लोगों का 4,430 करोड़ रुपये देना है। पेंशन वालों का 5,226 करोड़ रुपये देना है। कैबिनेट बैठक में 1500 रुपये महिलाओं को देने का भी फैसला भी लिया गया है। इस संबंध में कैबिनेट सब कमेटी एक महीने में रिपोर्ट देगी। कैबिनेट मंत्री धनी राम शांडिल, चंद्र कुमार और अनिरुद्ध सिंह इस सब कमेटी में शामिल हैं।






## एनआईए को सौंप दी गई है राजौरी आतंकी हमलों की जांच

**बोले अमित शाह**

**राजौरी में एक और दो जनवरी को हुए दोहरे आतंकवादी हमलों में सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि 14 लोग घायल हो गए थे**



**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के राजौरी में हाल ही में हुए आतंकी हमलों की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गई है। शाह ने यहां एक दिन के दौरे के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में जम्मू में हुई सभी आतंकी घटनाओं की भी एनआईए जांच करेगा और जम्मू कश्मीर पुलिस जांच में सक्रियता से सहयोग करेगी। उन्होंने कहा, हमने कल राजौरी घटना की जांच एनआईए को सौंप दी। राजौरी में एक और दो जनवरी को हुए दोहरे आतंकवादी हमलों में सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि 14 लोग घायल हो गए थे। शाह ने सुरक्षा एजेंसियों और जम्मू कश्मीर के शीर्ष अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने कहा, हमने इसको लेकर चर्चा की है कि सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे मजबूत किया जाए। सुरक्षा एजेंसियों ने मुझे बताया कि वे किसी भी स्थिति से निपटने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए 100 फीसदी तैयार हैं।

# पैतृक गांव में शरद यादव का आज होगा अंतिम संस्कार

## पीएम मोदी, राहुल गांधी, अमित शाह समेत कई राजनेताओं ने जताया शोक

**अंतिम संस्कार**

**शरद यादव की बेटी सुभाषिनी ने ट्विटर पर बताया, पापा नहीं रहे**

**विमान से दिल्ली से मध्य प्रदेश लाया जाएगा पार्थिव शरीर, 75 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस**






**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का गुरुवार रात गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। वो 75 वर्ष के थे और काफी समय से गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शरद यादव के निधन की जानकारी उनकी बेटी सुभाषिनी यादव ने फेसबुक पेज पर दी। शरद यादव का अंतिम संस्कार शनिवार को मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। यह जानकारी उनके एक करीबी सहयोगी ने भोपाल में दी है। शरद यादव ने जयप्रकाश नारायण से लेकर, चौधरी चरण सिंह, राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ भी लंबे समय तक राजनीति की। शरद यादव कुल सात बार लोकसभा सांसद चुने गए और तीन बार राज्यसभा सांसद बने। देश में आपातकाल के दौरान वो जेल भी गए थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री मोदी समेत कई शख्सियतों ने शोक जताया है। शरद यादव की बेटी सुभाषिनी ने ट्विटर पर बताया, पापा नहीं रहे। सबसे पहले 1974 में जबलपुर (मध्य प्रदेश) से लोकसभा सांसद बनने के बाद वह 1989-1990 में केंद्रीय मंत्री रहे थे। शरद यादव ने 1999-2004 तक अटल सरकार में कई मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व जेडीयू अध्यक्ष शरद यादव के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया है, उनसे मेरा बहुत गहरा संबंध था। मैं उनके निधन की खबर से स्तब्ध व मर्माहत हूं। उन्होंने लिखा, वह एक प्रखर समाजवादी नेता थे...उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है...ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया है, शरद यादव जी के निधन से बहुत दुखी हूं। उन्होंने लिखा, उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में सांसद और मंत्री के रूप में बेहतरीन काम किया। वह डॉक्टर लोहिया के आदर्शों से काफी प्रभावित थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन के बाद बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तेजस्वी ने कहा, भाई शांतनु (शरद यादव के बेटे) से बात हुई। समाजवादी विचारधारा के सभी योद्धा उनके साथ खड़े हैं। तेजस्वी ने बताया कि हाल ही में शरद यादव से उनकी बात हुई थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया है, शरद यादव जी समाजवाद के पुरोधा होने के साथ एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे।

## अंजलि कांड: 11 पुलिसवाले सस्पेंड

**एफएसएल रिपोर्ट में दावा**

**अंजलि केस हादसा नहीं, हत्याकांड, कार सवार चारों आरोपियों ने शराब पी रखी थी**



**नई दिल्ली।** नए साल की रात दिल्ली के कंझावला में हुए अंजलि एक्सीडेंट केस के आरोपियों की ब्लड रिपोर्ट सामने आई है। इसके मुताबिक कार में मौजूद चारों आरोपियों ने घटना के समय शराब पी रखी थी। रोहिणी की फोरेंसिक लैब ने शुक्रवार दोपहर यह रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी। वहीं, गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को इस केस में 302 की धारा जोड़ने का निर्देश दिया। यानी आरोपियों पर हत्या की धारा लगाई जाएगी। साथ ही पुलिस की तीन पीसीआर वैन और 2 पिकेट में ड्यूटी पर तैनात 11 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। गृह मंत्रालय ने दिल्ली के डीसीपी हरेंद्र कुमार को जांच में ढील बरतने के लिए कारण बताओ नोटिस भेजा है। बता दें कि हरेंद्र कुमार ने कहा था कि यह मामला हत्या नहीं, बल्कि हादसे का है।

दिल्ली पुलिस की वरिष्ठ अधिकारी शालिनी सिंह ने गृह मंत्रालय को मामले की जांच रिपोर्ट सौंपी है। इसके बाद मंत्रालय ने पुलिस को यह निर्देश दिए हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह हादसा नहीं, हत्या है। आरोपियों को पता था कि कार के नीचे कोई फंसा है, इसके बाद भी उन्होंने कार नहीं रोकी।

### आरोपियों को पता था : अंजलि नीचे फंसी है

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने भी माना था कि गाड़ी के नीचे अंजलि के फंसे होने की बात उन्हें मालूम थी। आरोपियों ने कहा कि हादसे के बाद उन्होंने कई बार कार का यू टर्न लिया, क्योंकि वे बहुत डर गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने ये भी माना है कि गाड़ी में तेज म्यूजिक चलने वाली कहानी झूठी थी।

## संक्षेप

### माघ मेला क्षेत्र में समाजवादी चिंतन शिविर का हुआ उद्घाटन

**प्रयागराज।** मुलायम सिंह यादव भारत में समाजवाद के लेनिन। उक्त विचार आज माघ मेला क्षेत्र में उद्भव संस्थान द्वारा आयोजित समाजवादी चिंतन शिविर का उद्घाटन करते हुए पूर्व सांसद धर्म राज पटेल ने व्यक्त किया। पूर्व सांसद ने आगे बोलते हुए कहा डॉ लोहिया जी ने जो नारा दिया था। मुफ्त पढ़ाई, मुफ्त दवाई और मुफ्त सिंचाई उसको मुलायम सिंह जी ने लागू करते हुए स्नातक स्तर तक शिक्षा, किसानों की सिंचाई और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवाई गरीबों को देकर लोहिया के सपनो को साकार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी ने जनता के हितों को लेकर 102,108, एम्बुलेंस चलवा कर माँ, बहनों के जच्चा बच्चा को सकुशल घर तक पहुंचने का इंतजाम करा एक मिशाल कायम की। कानून व्यवस्था को चुस्त बनाने के लिए हंड्रेड डायल की सुविधा दी। आज भाजपा शासन में सिर्फ नाम बदलने का काम किया जा रहा है। कामरेड हरिशचंद्र द्विवेदी ने मार्क्सवादी समाजवाद की चर्चा करते हुए सवार्हारा वर्ग को पूँजीपतियों के चंगुल से बचाने की बात की। समाजवादी चिंतन शिविर के आयोजक अवधेश आनंद ने कहा कि गाँधी जी ने विचार विहीन राजनीति को पाप कि संज्ञा दी है एवं डॉ लोहिया ने विचार विहीन राजनीति को कलही बताया है। इसलिए समाजवादी विचारों को जन जन तक पहुँचाना ही इस शिविर का उद्देश्य है। शिविर के सह संयोजक अनंत बहादुर सिंह एवं रामलखन यादव ने शिविर के संघठन को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने का प्रस्ताव किया। सपा के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन एवं दान बहादुर मधुर ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसके राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की आवश्यकता बताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की बेटी एवं पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मीना तिवारी एवं उनके पति चंद्र शेखर तिवारी ने उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सर्व श्री पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, योगेश यादव, सैयद इफ़्तेखार हुसैन, अवधेश आनंद, हरिशचंद्र द्विवेदी, अनंत बहादुर सिंह, राम लखन, दान बहादुर मधुर, रामसुमेर पाल, पप्पू लाल निषाद, रविन्द्र यादव एडवोकेट,श्रीमती मीना तिवारी, महबूब उस्मानी, चंद्र शेखर तिवारी, नितिन यादव, शैलेन्द्र सोनकर, अभिनव प्रकाश, आसुतोष तिवारी, श्रवण, शिव प्रजापति, रवि सोनकर, आदर्श, विजय आदि मौजूद रहे.।

# सोशल मीडिया पर वायरल वीडीओ के बाद पुलिस को दोबारा दर्ज करना पड़ा मुकदमा

**दबंगई**

**मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला अबूहलीम पट्टी में गुंडागर्दी से जमीन कब्जा करने का मामला**


काट डालने की धमकी देता दबंग

**मऊआइमा।** विगत दिनों कतिपय बदमाशों ने एक व्यक्ति की बाउंड्री के अन्दर की जमीन कब्जा करने के लिए असलहों का प्रदर्शन करते हुए घर में घुस कर तोड़ फोड़ मार पीट किए। यही नहीं पुलिस के सामने कई बाइकों से आए बदमाशों ने काट डालने की धमकी दी थी। जिसका वीडीओ सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ तो पुलिस स्वयं वादी बन कर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में आधिकारियों की फटकार के बाद भुक्भोगी से तहरीर लेकर तीन नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। इस प्रकार पुलिस को दो मुकदमा दर्ज करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला अबूहलीम पट्टी निवासी शाहनवाज माजिद पुत्र माजिद अबरार का आरोप है कि उनकी बाउंड्री हुई जमीन को उनके बडे बाप ने बिना कब्जाई जरबयाना कर दिया था। मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। शहनवाज माजिद का आरोप है कि 8 जनवरी को कई बाइकों पर डेढ दर्जन लोग असलहा लहराते हुए घर में घुस कर तोड़ फोड़ किए। पुलिस को सूचना देने पर दो सिपाही पहुंचे परन्तु मनबढ़ बदमाशों ने पुलिस के सामने काट डालने की धमकी दी थी। पुलिस बदमाशों को पकड़ने के बजाय बदमाशों को भगाने में लगी रही। उक्त सारा मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इंस्पेक्टर स्वंय वादी बन कर केवल इरफान पुत्र जैनुल उद्दीन के खिलाफ मामूली धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जब उक्त वीडियो को आला अधिकारियों ने देखा तो मऊआइमा पुलिस ने शुक्रवार को शहनवाज माजिद की तहरीर पर मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद हनीफ नौवापुर मान्धाता प्रतापगढ़ तथा इरफान, अबू हमजा पुत्रगण जैनुद्दीन ग्राम सुलतानपुर खास तथा एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बता दें कि इरफान पुत्र जैन उद्दीन घूरपुर में हुई लूट में जेल गया था। इन दिनों हाईकोर्ट की बेल पर है। अभी एक माह पूर्व सुलतानपुर खास निवासी जीतेंद्र कुमार की मोबाइल की दुकान पर चढ कर तमंचा लगा कर पचास हजार गुंडा टैक्स अबू हमजा पुत्र जैन उद्दीन ने मांग था। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आज तक खुलेआम घूम रहा है। परन्तु उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई।

## पार्टनर ने जालसाजी करके बैंक से लाखों रुपये हड़प लिया

**मऊआइमा।** लकड़ी का कारोबारी पार्टनर ने जालसाजी एंव फ्राड कर फर्जी अभिलेखों के जरिए अपने पार्टनर साथी के खाते से छह लाख तेईस हजार दो सौ रुपये हड़प कर चम्पत हो गया। पुलिस आयुक्त के आदेश पर फ्राड का मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आजमगढ़ के महाराजगंज प्रतापपुर के मां वैशवण पौन साली निवासी हरिलाल यादव पुत्र सत्य देव यादव का कहना है कि वह एक व्यक्ति से मऊआइमा क्षेत्र में लकड़ी का कारोबार करता था। व्यापार पार्टनर पर था। हरिलाल यादव का आरोप है कि उसके बैंक खाते से पार्टनर ने कूट रचित, फ्राड, जालसाजी का अभिलेख तैयार कर खाते से छह लाख तेइस हजार दो सौ रुपये उड़ा दिया। मोबाइल पर मैसेज आने पर उसे जानकारी हुई तो पार्टनर नहीं मिला कहीं भाग गया। हरिलाल यादव ने पुलिस आयुक्त से फरियाद लगाई जिसपर मऊआइमा पुलिस ने सिबाउद्दीन पुत्र गयासुद्दीन महदौरी चकसाला रानीगंज प्रतापगढ के खिलाफ जालसाजी फ्राड आदि का मुकदमा दर्ज कर मामले जांच कर रही है।

## खंड विकास अधिकारी ने चौपाल लगाकर सुनीं लोगो की समस्या


चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनते खण्ड विकास अधिकारी

**होलागढ़।** खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत सांगीपुर और ओढ़रा में चौपाल लगाकर कर लोगो की समस्या जाना और उसका निस्तारण किया सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सांगीपुर में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें लोगो द्वारा आठ शिकायतें आई जिसमें सुभाष चंद्र और भारत लाल ने आवास के लिए शिकायत किया जिसमें आई एस बी अजय श्रीवास्तव ने बताया कि इनका नाम सूची में दर्ज नहीं है तीन वृद्धा पेंशन और तीन शौचालय की शिकायत किया गया इसके बाद ओढ़रा में भी चौपाल लगाया गया। इस मौके पर एपीओ विनोद कुमार गुप्ता ए डी ओआईएसबी अजय श्रीवास्तव रोजगार सेवक राजकुमारी स्वाति पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ती आशा भारत लाल सुभाष चंद्र रामराज श्रीकांत आदि ग्राम पंचायत के लोग मौजूद थे। चौपाल के बाद खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने चांदपुर सराय भारत और सांगीपुर में गौशाला का निरीक्षण किया और और गायों के लिए चारा और ठंड से बचने के लिए व्यवस्था का जायजा लिया और गौपालक और कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।

## मेडिकल साथी अस्पताल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 105 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया

**करछना।** कुशगढ़ गांव स्थित मेडिकल साथी अस्पताल की ओर से ब्लॉक करछना के ग्राम पंचायत हथसरा के ग्राम सचिवालय पर एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शुक्रवार को आयोजित हुआ। जिसमें स्थानीय लोगों की भीड़ रही। शिविर में मौजूद विभिन्न रोगों से संबंधित चिकित्सकों की ओर से रोगियों का आधुनिक उपकरणों से स्वास्थ्य का परीक्षण करके उनमे निशुल्क में दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर के संयोजक रहे मेडिकल साथी अस्पताल के डॉ रंज्जन प्रसाद तिवारी ने बताया कि शिविर में मौजूद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुमन पंत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सर्वेश पांडेय फिजीशियन डॉ आलोक सहित बाल रोग विशेषज्ञ की ओर से कुल 105 मरीजों का आधुनिक उपकरणों के जरिए स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें निशुल्क में दवाइयां भी दी गई। साथ ही साथ अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की भी लोगों में सलाह दी गई । इसके अलावा खान -पान और रहन-सहन के सहित साफ सफाई के प्रति विशेष ध्यान देने की बात कही गई। शिविर के व्यवस्थापक रहे हथसरा ग्राम प्रधान शिव गणेश पटेल की ओर से शिविर में मौजूद चिकित्सकों समेत सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर भाजपा नेता सालिकराम तिवारी प्रीति बालमुकुंद विश्वकर्मा कमल कुमार विनोद कुमार बबूआन बृजेश कुमार मिश्र रामबली पटेल सूर्य बली पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# चौपाल में सुनी गई ग्रामीणों की दरख्वास


चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनती ब्लाक प्रमुख व अधिकारी

**सहसों।** ग्रामीणों की समस्याओं के लिए सरकार के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को विकासखंड सहसों के बारों गांव में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई।

ग्राम पंचायत बारों में ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रामीणों ने इंटरलॉकिंग, नाली, पेंशन के अतिरिक्त राशन कार्ड के लिए ग्रामीणों ने अपनी दरखास्त दी।जिस पर खंड विकास अधिकारी ने सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारी को समाधान का निर्देश दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत नरेंद्र दुबे, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू, ग्राम प्रधान रामभुवन बिंद, ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह आदि रहे।इसी प्रकार ग्राम पंचायत बभनकुइया में एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनकर उसके समाधान का आश्वासन दिया।इस मौके पर गांव की फूलपति देवी, राजकुमारी ,बबीता देवी ने पेंशन तथा अंजलि ने राशन कार्ड के लिए प्रार्थना पत्र दिया इसी प्रकार नाली, इंटरलॉकिंग, शौचालय आदि के कई प्रार्थना पत्र आए जिस पर एडीओ आईएसबी ने समाधान का आश्वासन देते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी अश्वनी कुमार, पंचायत सहायक स्वाती सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तालाबों पर कब्जा बरकरार, जिम्मेदार मौन


तालाब पर हो रहे कब्जे का दृश्य

**पैमाइस होने पर कार्यवाई शून्य**

**लालापुर।** एक तरफ सरकार ने सख्त निर्देश दिया कि जो भी सरकारी भूमि से लेकर तालाबों पर कब्जा कर रखा है तत्काल उस भूमि को कब्जा मुक्त कराए।लेकिन ऐसा नही है क्षेत्र के अधिकांस तालाब से लेकर गड़ही पर दबंगों कब्जा बरकरार है।

कई बार तहसील समाधान दिवस पर कब्जा मुक्त को लेकर किसान संगठन के कार्यकर्ता से लेकर ग्रामीणों ने लिखित शिकायत की लेकिन नतीजा जस का तस रहा। यहाँ तक कि कुछ तालाबों की जमीन पर कब्जा करके घर बना लिया तो किसी तालाब को खुदाई करके फसल बो लिया। कार्यवाई क्यो नही होती क्योंकि राजस्व टीम पैमाइस जरूर करती है लेकिन हल्का लेखपाल की उदासीनता से करवाई शून्य हो जाती है। अगर इस पर तनिक ध्यान दिए होते तो चिल्ला गौहानी के तालाब, सोनौरी गांव के दो तालाब, मन्दुरी, अमिलिया गांव की गड़ही पर दबंगो का कब्जा न होता। एक तरफ जहां तालाबों का अस्तित्व खतरे में होता जा रहा वही दूसरी तरफ आने वाले समय मे जल संचय को लेकर बिकट समस्या पैदा हो जाएगी।

अमृत सरोवर के तहत कुछ तालाबों का सौन्दरी करण हुआ जितना मौके पर मिल गया बस उतने में ही रंग रोगन कर फोटो शूट कराकर इति कर दिया। सायद अपनी जिम्मेदार जिम्मेदारी समझे होते तो जितना कागज में था पैमाइस कराकर उतना रकवा सौन्दरी करण कराते तो कब्जा भी हट जाता तालाब अपने पुराने आस्तित्व में आ जाता।

# अरैल क्षेत्र में पानी के लिए मचा हाहाकार, विभागीय बेखबर



**नैनी।** जल निगम विभाग द्वारा अरैल ग्राम में लगभग आधा दर्जन नलकूप लगाए गए हैं इसके बावजूद भी 2 सप्ताह से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। य विभाग अधिकारियों की लापरवाहीं से सच्चा बाबा नगर, कुशवाहा नगर, निषाद बस्ती, मुरादपुर, यादव बस्ती, सुडिया भीट, नई बस्ती, नंदन तालाब आदि मोहल्ले में नागरिक एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं बताया जाता है कि शासन द्वारा आधा दर्जन नलकूप के बावजूद एक दर्जन मोहल्ले में पानी के लिए गंभीर समस्या बनी है अरैल ग्राम नागरिकों ने जिलाधिकारी से पानी की समस्या दूर करने के लिए मांग किया है।

## गौ आश्रम में गो वंश का हालत दर्दनाक कई गौ वंश रहते हैं मरणासन्न

**खीरी।** भीषण शीतलहर का दौर जारी है जिसके कारण हाड़ कपा देने वाली ठंड से कमजोर जीव जंतु दम तोड़ नजर आ रहे हैं ।अगर बात किया जाय आस पास के गौ आश्रमों कि तो गौ आश्रम में बंधे सभी पशुएं शरीर से काफी दुबले पतले और कमजोर अवस्था में ही रहते हैं । गौ आश्रम में काम करने वाले गोपालक कहते हैं कि सरकार से जो व्यवस्था उपलब्ध है उसी में हम सब काम करते रहते हैं ।अब ऐसे में उन सभी कमजोर पशुओं का हाड़ कपाने वाली को झेल पाना मुश्किल ही साबित हो रहा है। जो जानवर घरों में पाले गए हैं उनको पशुपालक हर संभव व्यवस्था बनाए रखते हैं। जिससे वे पशु जीवन यापन कर पशु पालकों को दूध भी देते रहते हैं। गो आश्रम जो कि सरकार द्वारा बनवाई गई है यहां पर गर्मियों के महीने में सैकड़ों की संख्या में संख्या में गोवंश दर्ज थे ।अगर वर्तमान में ठंड के समय देखा जाए तो संख्या में काफी गिरावट है। आसपास के लोग यह बताते रहते हैं कि प्रतिदिन एक या दो पशु छोटे या बड़े मृत अवस्था में रिक्शा से फेंके जाते हैं।

## पंचायत सहायकों को वर्चुअल के तहत दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण लेते पंचायत सहायक

**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत सहायकों को शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विस्तृत जानकारी दी गई एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा खंड प्रेरक अतुल कुमार मिश्रा एवं दुष्यंत प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित सभी पंचायत सहायकों को वर्चुअल प्रशिक्षण के तहत जानकारी से अवगत कराया गया, अपर मुख्य सचिव पंचायती राज उत्तर प्रदेश के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 प्रतिक्रिया के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई इस जानकारी से अवगत कराया गया तथा गांव में स्वच्छ भारत मिशन फेस टू के अंतर्गत आने वाले सभी विधाओं के विषय में पंचायत सहायकों को वर्चुअल प्रशिक्षण के तहत जानकारी मुहैया कराई गई इस अवसर पर ब्लॉक कर्मियों के अलावा सभी पंचायत सहायक व सचिव उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता 14 व 15 को

**नैनी।** जिला हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में दिनांक 14 व 15 जनवरी 2023 को अभिमन्यु शाखा पार्क नैनी प्रयागराज में जिला स्तरीय हैंडबॉल पुरुष/ महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जनपद के विभिन्न टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का प्रतिभाग होना है संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 जनवरी 2023 को दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा उक्त अवसर पर संघ के समस्त पदाधिकारी व सीनियर खिलाड़ी मौजूद रहे। इस मौके पर बद्री नाथ दीक्षित, योजराज मिश्रा, गोविंद निषाद, शेखर सिंह, के के चौबे, जगदीश सिंह, उमेश उपाधाय, आदि लोग ।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 264 का हुआ इलाज


उरुवा के केशवपट्टी स्थित नेत्र शिविर में लोगों का इलाज कराते समाजसेवी

**उरुवा।** सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन शुक्रवार को उरुवा विकास खंड स्थित। जेवनियां गांव के केशवपट्टी स्थित एचपी गैस के सामने किया गया। जिसमें 265 लोगों ने अपना इलाज कराया। यह जानकारी देते हुए आयोजक समाजसेवी व भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने बताया कि नेत्र शिविर में क्षेत्र के 150 लोगों को निःशुल्क चश्मा तथा 100 लोगों को दवाएं दी गयी। कैंप में आये आँख विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच कर मोतियाबिंद मिले 14 मरीजों को आपरेशन के लिए अपने साथ चित्रकूट ले गए। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने दवा और चश्मा मिलने पर समाजसेवी इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम में विवेकान्द की जयंती मनाई गई


स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उपस्थित लोग

**थरवई।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर थरवई में स्थित स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को स्वामी विवेकानद जी की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष रायजादा ने स्वामी जी के विचारों को याद करते हुए युवा पीढ़ी को उनके सिद्धांतों के बारे में बतलाते हुए कहा कि स्वामी जी ने कहा है कि अगर युवा सकारात्मक सोच राष्ट्र के प्रति नैतिक जिम्मेदारी के साथ चारित्रिक विशेषता रखते हुए अध्यात्म का ज्ञान रखें तो वह समाज में सदा प्रतिष्ठित रहेगा व उनके विचारों को याद रखते हुए उपस्थित लोगों गौरव उपाध्याय सरोज तिवारी, अनुराधा त्रिपाठी, विनीता, संध्या मिश्रा आदि ने अपने उत्तम विचारों से उनके जीवन चरित्र को दशार्या। कार्यक्रम का संचालन कर रहे चंद्रधर तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष पाण्डेय ने अपने सुमधुर वचनों से कार्यक्रम को संचालित किया। कार्यक्रम में उपस्थित यादवेन्द्र पाण्डेय, बालाजी मिश्र देवराज, रवीन्द्र नाथ त्रिपाठी हिमांशु त्रिपाठी आशुतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालय के शिक्षकों संग बैठक कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील


बैठक में उपस्थित लोग

**नैनी।** इलाहाबाद-झासीं खण्ड शिक्षक एमएलसी चुनाव में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने भाजपा प्रत्याशी डाँ.बाबूलाल तिवारी को एतिहासिक मतो से जिताने हेतू श्रीमती डी.सिंह विद्यालय नैनी, केदारनाथ इंटरमीडिएट कालेज, आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज उत्तरी लोकपुर नैनी, राजकली इंटर कालेज रामपुर डीहा आदि विधालयो में शिक्षकों के साथ बैठक कर मतदान कर डाँ.बाबू लाल तिवारी को एतिहासिक मतो से जिताकर विद्यालय परिवार और शिक्षकों के मजबूती के लिए संघर्षरत प्रत्याशी डाँ.बाबूलाल तिवारी को जिताकर मोदी योगी सरकार के विकास को बल देने की बात कही। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि पूरे जिले में सम्पर्क प्रचार प्रसार को तेज कर जन-जन तक पहुचने का लक्ष्य जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने तैयार कर लिया है। प्रथम दिवस प्रचार प्रसार में जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, विनय कुमार शुक्ल, दुर्गा पांडेय, शतीश विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता रहे।


गरीबों के साथ जर्मन से आये मेहमान

## आनापुर कोठी में वितरण किया गया गरिबों को कम्बल

**नवाबगंज।** शुक्रवार को आनापुर के राजा साहब और जर्मन से आए मेहमानों ने कम्बल वितरण किया वहीं लोगों को संबोधित करते हुए डॉ, वैदुर्य प्रताप शाही ने कहा कि समाज में परोपकार और मानव सेवा सब से बड़ा धर्म है। वहीं जर्मन से आए कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि समाज में इंजिनियर समान देता है और अध्यापक समाज बनाता है और किसान सब को भोजन देता है कार्यक्रम के बाद सती चौरा मंदिर में पूजा अर्चना किया। जिसमें मुख्य रूप से कुल पुरोहित जमुना तिवारी, त्रिलोकी सिंह, मनोज सिंह, रणविजय सिंह कृष्ण देव सिंह अनूप सिंह आदि लोग मौजूद थे।

**प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज**

**शुद्धि पत्र सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि देवघाट झलवा आवास योजना के एच0आई0जी0 टाइप-ए भूखण्ड संख्या-03 का क्षेत्रफल 162 वर्ग0 का विज्ञापन दिनांक 10.01.2023 को दैनिक जागरण एवं जनसंदेश टाइमस समाचार पत्रों के अंक में पिता स्व0 रवि कुमार सक्सेना का नाम त्रुटिवश प्रकाशित है के स्थान पर पुत्र श्री सागर सक्सेना का नाम भी प्रकाशित किया जा रहा है। उक्त संशोधन सूचना दिनांक 10.01.2023 को प्रकाशित विज्ञापन का अंश माना जायेगा।


जोनल अधिकारी
प्रयागराज विकास प्राधिकरण
प्रयागराज।

पत्रांक-271/ज0स0अ0/वि0प्रा0/2022-23 दिनांक-13-01-2023



स्वामी विवेकानन्द केन्द्र स्थापना के 50वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में योग और व्यायाम का दिया गया प्रशिक्षण

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 21.00 |
| न्यूनतम : | 7.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### भारी फोर्स तैनात, पांच ड्रोन कैमरों से निगरानी

**प्रयागराज।** दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के मद्देनजर मेला क्षेत्र में तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। तीन एएसपी समेत कुल 19 अफसरों के पर्यवेक्षण में फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई है। 155 सीसीटीवी कैमरों के अलावा कुल पांच ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। मेले में पीएसी की 10 कंपनियां पूर्व में ही तैनात थीं। मकर संक्रांति के लिए पांच अतिरिक्त कंपनियां भी एक दिन पहले ही आ गईं। इसके अलावा जोन के जनपदों में से 30 अतिरिक्त इंस्पेक्टर भी ड्यूटी में लगाए गए हैं। एसपी मेला सुरक्षा राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# जिलाधिकारी ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के दृष्टिगत यात्रियों के लिए बनाये गये आवागमन मार्गों एवं होल्डिंग एरिया का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**दुकानों पर खाद्य पदार्थों की मूल्य सूची लगाने तथा निर्धारित मूल्य पर ही खाद्य पदार्थों की बिक्री किए जाने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के दृष्टिगत आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन की व्यवस्था हेतु प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के दोनो तरफ होने वाली संभावित भीड़ के प्रबंधन के लिए की गयी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्नानार्थिंयों के लिए बनाये गये होल्डिंग स्थलों पर प्रकाश, पानी, शौचालय सहित अन्य भूलभूत सुविधाओं के समुचित प्रबंध बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने प्लेटफार्मों पर आने-जाने वाले मार्गों एवं आने वाली गाड़ियों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार तथा पार्किंग स्थल के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर साइनेज लगाये जाने के लिए कहा है, जिससे कि यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर बनाये गये कंट्रोल रूम को भी देखा तथा डिस्प्ले के माध्यम से वहां से होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने पीएस सिस्टम के संचालन को भी देखा तथा कहा कि यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक सूचनाओं का प्रसारण निरंतर रूप से होता रहे, जिससे कि यात्रियों को सही जानकारी प्राप्त हो सके।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को रेलवे स्टेशन तथा होल्डिंग एरिया में एम्बुलेंस, दवाओं एवं चिकित्सकों की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने दुकानों पर बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों की निर्धारित मूल्य सूची भी दुकानों पर लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेने वाले लोगो के विरूद्ध कार्रवाई भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के अलावा रामबाग, एंग्लो बंगाली इण्टर कालेज एवं प्रयाग स्टेशन सहित कई अन्य क्षेत्रों के मार्गों का भ्रमण कर आवागमन के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही साथ उन्होंने वहां पर बनाये गये होल्डिंग एरिया को भी देखा तथा वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के लिए कहा है। इस अवसर पर डीसीपी नगर संतोष मीणा तथा रेलवे के अधिकारीगणों के अलावा अपर जिलाधिकरी नगर, वित्त एवं प्रशासन, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक विजय मिश्र के भतीजे का मकान कुर्क

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के खपटिहां गांव में पूर्व विधायक विजय मिश्र के भतीजे मनीष मिश्र का दो मंजिला मकान प्रशासन ने कुर्क कर लिया। जिसकी कीमत लगभग 7 करोड़ 30 लाख रुपये बताई गई है। प्रदेश सरकार की संगठित अपराध की रीढ़ पर प्रहार नीति के तहत भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई है। एसडीएम भदोही के आदेश पर पूर्व विधायक विजय मिश्र के पैतृक गांव खपटिहां स्थित भतीजे मनीष मिश्र के मकान को मुनादी कराकर कुर्क किया। प्रशासन का कहना है कि अवैध तरीके से अर्जित धन द्वारा आबादी में यह मकान बनाया गया है। कार्रवाई के दौरान भदोही पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस व राजस्व विभागकर्मी मौजूद रहे। भदोही के गोपीगंज थाने में मनीष मिश्र के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, एनएसए, गुंडा एक्ट, लूट, अपहरण समेत दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

# गूगल पर टेलीकाम कम्पनी के कस्टमर केयर का अधिकारी बनकर चूना लगाने वाला अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

**प्रयागराज।** शुक्रवार को थाना साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा साइबर क्राइम को मिली सफलता पंश्चिम बंगाल का रहे वाला शातिर अभियुक्ति पुलिस ने धरदबोचा गूगल कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों को चूना लगाता था अभियुक्त को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वांछित अभियुक्त के खिलाफ थाना साइबर सेल में मु0अ0सं0 05/2020 धारा 406/419/420/467/468/120 बी भादवि व 66/66सी/ 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस के मुताबिक आम जनमानस को अभी फोन करके कस्टमर केयर अधिकारी बनकर ठगी का काम करता था साइबर ठगों ने पहले से ही विभिन्न टेलिकम कम्पनियों के फर्जी नम्बरों को गूगल पर एड करवा के रखता था। साइबर क्राइम पुलिस ने बताया की थाना पर पंजीकृत मुकदमे में वादी के साथ लगभग 15 लाख रुपये की साइबर ठगी की थीं। मुकदमा में पूर्व में गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार लिया गया था। मुख्य अभियुक्त फरार चल रहा था लोकेशन मिलते ही सरगना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम बुधिसर शिकारी 30 वर्ष पुत्र अर्जुन शिकारी नि0 पथ पुकुर थाना बकुलतला जिला दक्षिण 24 परगना पश्चिम बंगाल का रहने वाला है अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

## संकल्प एवं कपट रहित मनुष्य को मिलता है प्रभु का दर्शन : शंभु शरण महाराज

**मेजा।** मेजा के निबैया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को श्रीकृष्ण - रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास शंभु शरण जी महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।

कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, ऊद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी - विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया।कथा व्यास ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। गोपियों को दिए गए वचन को पूरा करते हुए श्री कृष्ण ने महारास रचाते हुए जितनी गोपियां उतने ही कृष्ण का साक्षात दर्शन हुआ।इस तरह सभी गोपियों की मनोकामना को लीला बिहारी ने पूरा किया। भगवान श्रीकृष्ण - रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के मौके पर पूर्व विधायिका नीलम करवरिया ने महिलाओं के साथ नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई।

# उमरे के अधिकारियों ने डीएफसी के न्यू करछना जंक्शन से सुजातपुर स्टेशन का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीएफसीसीआईएल के द्वारा तैयार किए गए सेक्शन न्यू करछना जंक्शन से सुजातपुर स्टेशन तक जिसकी दूरी 62 किलोमीटर खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने सिविल इंजीनियरिंग कार्यों का निरीक्षण किया एवं विद्युत कार्यों का भी निरीक्षण किया और डीएफसी द्वारा बनाए गए स्टेशनों का भी निरीक्षण किया इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री मनीष कुमार गुप्ता एवम मुख्य रेल पथ इंजीनियर श्री विनोद बमपाल, एवं मुख्य सिग्नल इंजीनियर प्रशांत कुमार वर्मा, एवं मुख्य बिजली वितरण इंजीनियर अनूप कुमार अग्रवाल एवं डीएफसीसीआईएल के ईडी मुकेश कुमार जैन एवम महाप्रबंधक पश्चिम अनुराग यादव एवम महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल पंकज जायसवाल एवम महाप्रबंधक एसएंटी अर्जुन सिंह तोमर एवम जीएमआर ग्रुप के परियोजना निदेशक राज सिंह टाक, एवं एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर ओचई क्रुनाल मुखर्जी एवं केईसी सीमेंस के परियोजना निदेशक अतुल पांडेय एवं प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंद्र तिवारी सिस्ट्रा के कमल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



निरीक्षण करते उमरे के अधिकारी

'अब इस रूट पर मालगाड़ियों की आवाजाही शुरू हो जाएगी मुम्बई जाने एवम आने वाली सवारी ट्रेनें अब नैनी एवम छिवकी स्टेशनों पर नहीं फंसेगी।

डीएफसी के इस सेक्शन के खुलने से कानपुर की ओर से डीडीयू की ओर आने एवम जाने वाली मालगाड़ियां इरादतगंज लिंक लाइन, छिवकी लिंक लाइन से डीएफसी लाइन से प्रयागराज शहर के बाहर से होकर निकल जाएंगी।'

-अनुराग यादव महाप्रबंधक पश्चिम।

# विवेकानन्द केन्द्र स्थापना के 50वर्ष पूरा होने पर योग प्रशिक्षण आयोजित

**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की महिला महाविद्यालय (संघटक इलाहाबाद विश्वविद्यालय) और महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के संयुक्त तत्त्वावधान में शुक्रवार को परिसर में स्वामी विवेकानन्द केन्द्र स्थापना के 50वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षक सुश्री ज्योति पाण्डेय ने छात्राओं को योग और व्यायाम का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्या प्रो.रंजना त्रिपाठी ने सरस्वती जी और स्वामी विवेकानन्द की फोटो पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात योग और व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।



सरस्वती जी और स्वामी विवेकानन्द की फोटो पर माल्यार्पण करते हुए

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश प्रांत द्वारा ,भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से ₹विवेकानंद संदेश यात्रा उत्तर प्रदेश ₹ आयोजित की जा रही है। जो स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती (12 जनवरी से प्रारंभ होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी तक प्रदेश के 21 जिलों से यात्रा करते हुए लखनऊ में पूर्ण होगी।

## शरद यादव के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

**प्रयागराज।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का गुरुवार रात निधन हो गया। उनके निधन पर राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। शुक्रवार को जीरो रोड नेहरू जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेश यादव और अरुण तिवारी की अध्यक्षता में शरद यादव को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक सभा की गई। जिसमें प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक और मुकुंद तिवारी ने कहा की उनके निधन से भारतीय राजनीति की एक प्रभावी आवाज खामोश हो गई है। कहा की जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ समाजवादी नेता शरद यादव का निधन भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की शरद यादव संघर्षशील और गरीबों के हितों के लिए राजनीति करने वाले नेता थे। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। कांग्रेसियों ने दुःख जताते हुए उनके शोकाकुल परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरानः सुरेश यादव, अरुण तिवारी, विवेकानंद पाठक, मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, नमस्ते यादव, राकेश पटेल, मनोज पासी, रीना बिंद, जितेश मिश्रा, विजय यादव, मो०हसीन, शकील अहमद, दिनेश सोनी, विवेक पाण्डेय, नागेश पाण्डेय समेत आदि लोग मौजूद रहें।

# आईजेक फ्रैन्क द्वारा लगाये गये सभी आरोप झूठे और मनगढ़त : शुआट्स

**आरोप**

**ब्लैकमेलिंग के लिये झूठा आरोप लगा रहा है आईजेक फ्रैन्क**

**प्रयागराज।** स्वार्थ के मीडिया प्रभारी डॉ रमाकांत दुबे ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि आईजेक फ्रैन्क शुआट्स का एक बर्खास्त कर्मचारी रहा है, जो बर्खास्त होने के बाद से दुर्भावनपूर्ण ब्लैकमेलिंग हेतु अधिकारियों पर अनैतिक दबाव बनाने के लिये शासन-प्रशासन को गुमराह करने के लिऐ शासन-प्रशासन को झूठे शिकायती पत्र भेजकर शुआट्स व इसके कुलाधिपति, कुलपति व अन्य अधिकारियों की छवि धूमिल करने का कृत्य किया जा रहा है। विभिन्न सरकारी एजेन्सियों द्वारा संपादित जाँच में आईजेक फ्रैन्क की शिकायतें असत्य एवं निराधार पाई जा चुकी हैं। अब आईजेक फ्रैन्क द्वारा एक बार फिर ब्लैकमेलिंग की नियत से फतेहपुर इवेंजिकल चर्च आफ इंडिया (ईसीआई) धर्मान्तरण प्रकरण में शुआट्स अधिकारियों को झूठा फंसाने के लिए असत्य, मनगढ़न्त व कपोलकल्पित आरोप लगाया रहा है।



पत्रकारों को जानकारी देते हुए

विश्वविद्यालय अभिलेखों के अनुसार आईजेक फ्रैन्क द्वारा लिखित पत्र दिनांकित 06.04.2016 में उसने स्वीकार किया है कि वह 2007 से विश्वविद्यालय के बोर्ड में सदस्य नहीं रहा। आईजेक फ्रैन्क को जाँच समिति द्वारा विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों, विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने, विश्वविद्यालय के शान्तिपूर्ण माहौल को खराब करने, सेवा शर्तों के उल्लंघन आदि का दोषी पाया गया जिसके उपरान्त उसे दिनांक 27.09.2017 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। ऐसे में आईजेक फ्रैन्क जानबूझकर कपट एवं जालसाजी करके फर्जी बोर्ड आफ डायरेक्टर्स के सदस्य के रूप में झूठा बयान व भ्रामक तथ्य फतेहपुर पुलिस के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। वास्तविकता यह है कि आईजेक फ्रैन्क का शुआट्स के प्रबन्धन बोर्ड एवं संस्थापक सोसाइटी से दूर-दूर तक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कोई सम्बन्ध नहीं है। शुआट्स के एकाउन्ट से हुए 24 करोड़ के गबन के सम्बन्ध में शुआट्स द्वारा सी0बी0आई0 जाँच का अनुरोध किया गया था जिस पर एक्सिस बैंक गबन की विवेचना सी0बी0आई0 द्वारा की गई थी जिसमें स्वयंभु गवाह बनकर अपने को प्रबंधन समिति का सदस्य बताकर आईजेक फ्रैन्क ने झूठे आरोप एवं भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किये लेकिन सी0बी0आई0 द्वारा दाखिल चार्जशीट में शुआट्स के किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई आरोप सत्य नहीं पाये गये। प्रवर्तन निदेशालय (ई0डी0) की जांच में भी स्वयं को प्रबंधन समिति का सदस्य बताकर आईजेक फ्रैन्क ने झूठे आरोप एवं भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किये किन्तु ई0डी0 ने अपनी जाँच में शुआट्स अधिकारियों पर लगाये गये सभी आरोप असत्य पाये। एक्सिस बैंक द्वारा शुआट्स के एकाउन्ट से किये 24 करोड़ के घोटाले को आईजेक फ्रैन्क द्वारा शुआट्स के मृत प्रोफेसर डा0 विल्सन किस्पोटा के आईसीआईसीआई बैंक से जोड़कर विवेचना को गुमराह करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। पूर्व में भी आईजेक फ्रैन्क द्वारा कुलपति डा. आर.बी. लाल पर करोड़ों रुपए के शिक्षा घोटाले सहित तमाम आरोप लगाये गये थे। आईजेक फ्रैन्क की शिकायत पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जांच कराई गई थी जांच आख्या दिनांकित 28.11.2013 में आईजेक फ्रैन्क के आरोपों की पुष्टि नहीं पाई गई। इसी प्रकार आईजेक फ्रैन्क की शिकायत पर सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसायटीज एवं चिट्स, प्रयागराज द्वारा वर्ष 2004-05 से 2010 तक की आडिट जांच दिनांकित 31.08.2010 में जांचोपरान्त आईजेक फ्रैन्क के शिकायती पत्र को निरस्त किया जा चुका है।

# मकर सक्रांति स्नान पर्व को लेकर पुलिस हुई सक्रिय

**बैठक**

**बैठक कर अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**श्रद्धालुओं से शालीनता से पेश आए पुलिस**

**हाई कोर्ट आदेश का पालन करते हुए स्नान घाट से 100 मीटर की परिधि के अंदर नहीं होगी फोटोग्राफी वीडियोग्राफी**



बैठक को संबोधित करते अपर पुलिस महानिदेशक

**प्रयागराज।** माघ मेला मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रांति को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने को लेकर शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज चंद प्रकाश अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज आकाश कुलहरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व नोडल पुलिस अधिकारी सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ब्रीफिंग में अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियों के साथ सभ्य व शालीन व्यवहार करें किसी के भी साथ दुर्व्यवहार कदापि न किया जाय।- सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँचकर अपने अधीनस्थ कर्मियों से समन्वय स्थापित कर लें तथा ड्यूटी के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें।सभी अधिकारी/कर्मचारी अच्छे टर्न आउट के साथ उत्साहपूर्वक, सेवाभाव से सतर्कतापूर्वक ड्यूटी संपादित करेंगे तथा भीड़ नियंत्रण के लिये सीटी का प्रयोग अवश्य करेंप्रतिबन्धित स्नानघाटों पर जहां कटान हैं उस ओर स्नानार्थियों श्रद्धालुओं को न जाने दिया जाय और यह सुनिश्चित किया जाये कि स्नानार्थी निर्धारित स्नान घाटों पर ही स्नान करें स्नान घाटों पर स्नान के बाद लोगों को न रूकने दिया जाय, जिससे स्नानघाट पर भीड़ एकत्रित न होने पाये और आने वाले स्नानार्थी सुविधापूर्वक स्नान कर सकें।सभी राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी माघमेला अपने थाने में तैनात कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी के बारे में विधिवत ब्रीफ कर दें ताकि उन्हें अपने कर्तव्यों के बारे में कोई भ्रम न रहे।मेला क्षेत्र में पाण्टून पुलों तथा आने-जाने के मार्गों पर नियमानुसार ही आवागमन सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्थान पर भीड़ को ठहरने न दिया जाय बल्कि उन्हें बराबर निर्धारित मार्ग पर रेगुलेट किया जाय।-मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/ स्नानार्थिओ से उनके वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करने हेतु प्रेरित करें। मा.उच्च न्यायालय के आदेशानुशार सभी घाटों के आस पास 100मीटर की परिधि के अंदर वीडियोग्राफी/ फोटोग्राफी पूर्णतः वर्जित है।इस सम्बंध मे सभी अधिकारी/कर्मचारीगण अनुपालन सुनिश्चित करें। माघ मेले के दौरान मेला क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों तथा लावारिस वस्तुओ पर विशेष ध्यान रखें। सभी नौ संचालको को निर्देशित करे कि नावों में क्षमता से अधिक व्यक्ति नहीं बैठाएगे,नावों पर बैठने वालों व्यक्तियो को लाइफ सेविंग जैकेट्स पहनाना सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षेप

### चिकित्सालय का नही कराया गया विद्युतीकरण

**कौशाम्बी।** राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय के भवन में बिजली का कनेक्शन नहीं कराया जा सका है। बिजली की आपूर्ति नहीं होने से सबसे ज्यादा दिक्कत स्टाफ के साथ मरीजों को गर्मी के दिनों में उठानी पड़ती है। भवन बनाने के बाद कार्यदायी संस्था ने भवन विभाग को हैंडओवर कर चली गई। अस्पताल में बिजली का कनेक्शन नहीं सबकुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अनजान बने हुए है।

### धूप निकली तो खेतों में डटा किसान

**कौशाम्बी।** बारिश के बाद कोहरे की धुंध हटने के बाद शुक्रवार को दोपहर बाद किसान खेतों पर पहुंचा। खेत की रखवाली करते हुए गेहूं की फसल में खाद व दवा का छिड़काव किया। पाला व कोहरे का असर सरसों के साथ आलू की फसल में देखने को मिला। आलू में झुलसा रोग भी लगने लगा है।

### हटी कोहरे की चादर, निकली धूप

**कौशाम्बी।** दोआबा में कोहरे का कहर पखवारे भर बाद शुक्रवार को थमा। शुर्क्रवार को सुबह तीखी धूप निकली तो लोग घर से बाहर निकले। हलाकि इस बीच पुरवा हवा के साथ आसमान में बादल भी मडराते रहे। दिन में चटक धूप के बाद लोगों ने राहत की सांस लिया। गलन भी कम थी। इसके बाद लोग दिन भर घरों के बाहर व छत पर बैठ धूप का आनंद लेते रहे।

### अतिरिक्त प्रभार का चार्ज नहीं ले रहे लेखाकार व सहायक

**कौशाम्बी।** नेवादा व कौशाम्बी ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार लेखाकार व सहायक लेखाकार को दिया गया है। अतिरिक्त प्रभार का चार्ज लेखाकार व सहायक नहीं ले रहे हैं। इससे विकास कार्य प्रभावित है। नाराज डीडीओ ने लेखाकार व सहायक से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है।

### सूचना न देने पर बीएसए को आयोग की नोटिस

**कौशाम्बी।** अजुहा के एक व्यक्ति ने आरटीआई के तहत बीएसए से सूचना मांगी है। तीन साल से आवेदन पत्र लंबित है। मामले को राज्य सूचना आयोग ने गंभीरता से लेते हुए बीएसए को नोटिस दी है। साथ ही 23 तक सूचना देने का निर्देश दिया है। सूचना न देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

# गांव की समस्या गांव में समाधान को हुई चौपाल



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व गांव के लोग

**चायल, कौशाम्बी।** विकास खण्ड चायल के ग्राम चौराडीह के पंचायत भवन के बगल में स्थित प्राथमिक विद्यालय चौराडीह के प्रांगण में सरकार की योजनाओं के संबंध में ग्राम एक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य गाँव की समस्याओं का गाँव में ही समाधान होना था। कार्यक्रम की अगुवाई चौराडिह ग्राम प्रधानपति कल्लूएवं पूर्व ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता व मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह पटेल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के शुरूआत में डॉ. ए.के गुप्ता उपमुख्य पशु चिकित्साअधिकारी ने पशु धन बीमा एवं एफ एम डी टीकाकरण कराने को लेकर पशु पालकों से आग्रह किया। इस ग्राम चौपाल में विकास खण्ड चायल की सहायक विकास अधिकारी सहकारिता स्मिता जायसवाल, बीओपीवीडी रमेश कुमार,

ग्राम विकास अधिकारी अरविंद सिंह, अखिलेश सोनी, कृषि विभाग से विजय कुशवाहा, बाल विकास पोषाहार विभाग की पुष्पा देवी आदि विकास खण्ड चायल कर्मचारी गण एवं साधन सहकारी समिति जानकीपुर सुधवर के सचिव सूर्य बली मिश्रा के साथ सहयोगी जितेंद्र मिश्रा भी ग्राम चौपाल में उपस्थित रहे। ग्राम चौपाल में उपस्थित विकास खण्ड चायल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राम वासियों को सरकार की सभी योजनाओं की विस्तार जानकारी दी गई और उनकी समस्याओ को सुना गया।

## भाजपा नेता ने दरोगा के सामने ट्रैक्टर चालक को पीटा

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय में शुक्रवार को भाजपा नेता ने सरेआम अपनी दबंगई दिखाई। ट्रैक्टर.ट्राली में पीछे से टक्कर मारने के बाद कार से उतरे भाजपा नेता ने चालक को दरोगा के सामने पीट दिया। इसके बाद भाजपा नेता अपने साथियों के साथ कार लेकर चला गया। कोड़र निवासी सुरेश कुमार ट्रैक्टर चालक है। शुक्रवार को वह आरटीओ ऑफिस के समीप बालू उतारकर ट्रैक्टर.ट्राली वापस लेकर घर जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे सुरेश कुमार जिला मुख्यालय के चौराहा पहुंचा। इसी दौरान ओवरटेक के चक्कर में भाजपा नेता की कार ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। इसके बाद भाजपा नेता ने ट्रैक्टर चालक को नीचे उतारकर पीटना शुरू कर दिया। चौराहे पर ड्यूटी में तैनात दरोगा ने रोकने का प्रयास कियाए लेकिन भाजपा नेता ने अपनी दबंगई दिखाते हुए दोबारा पीटा। किसी तरह मामला शांत हुआ। धमकी देते हुए भाजपा नेता अपनी कार में बैठकर चला गया। मामले की तहरीर चालक सुरेश कुमार ने दी है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। कार प्रतापगढ़ के भाजपा नेता की बताई जा रही है।

## राजमिस्त्री और ठेकेदारों का कैंप लगाकर किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



राजमिस्त्री व ठेकेदारों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते चिकित्सक

**कौशाम्बी।** जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी द्वारा कौशांबी के सिराथू कस्बे में एक दिवसीय स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया स्वास्थ्य कैंप में क्षेत्र के निर्माण कार्य में लगे राजमिस्त्री ठेकेदारों और मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की गई इस दौरान चिकित्सकों ने मजदूरों के खून ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की साथ ही कुछ लोगों को आंख की जांच भी कराई गई इस दौरान जेके लक्ष्मी सीमेंट के सुपर स्टॉकिस्ट रोहित यादव ने कहा स्वस्थ रहना मनुष्य के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है अगर मन स्वस्थ है तभी आगे का कार्य किया जा सकता है जेके लक्ष्मी सीमेंट द्वारा व्यवसायिक गतिविधियों के साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए अपनी सामाजिक सेवा को बरकरार रखे हुए हैं इस दौरान मजदूरों और ठेकेदारों को निशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया इस दौरान मौके पर रोहित यादव राकेश केसरवानी अनुराग और आशुतोष पांडे व आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अझुवा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत धुमाई रेलवे क्रासिंग के समीप शुक्रवार की सुबह तकीबन साढ़े नौ बजे के युवक किसी काम से रेलवे क्रासिंग के उस पार जा रहा था। जब तक युवक कुछ समझ पाता तब तक ट्रेन आ गई और उसके चीथेड़े उड़ गए। हादसा देख आसपास रहे लोगों की जानकारी पर पहुंचे परिवारीजनों का रो-रो कर बुराहाल रहा। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना का जिक्र करें तो धुमाई का मजरा मुराइन का पुरवा निवासी सूरज पुत्र रामऔतार (26) किसी काम से शुक्रवार की सुबह अझुवा बाजार जा रहा था, बताया जाता है कि जैसे ही वह रेलवे लाइन क्रॉस कर रहा था कि ट्रेन आ गई। जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

## पड़ोसन के घर बरपा दबंगों का कहर

**कौशाम्बी।** सिराथू कस्बे की कौशल्या देवी पत्नी महेश चंद्र ने बताया कि मोहल्ले के जागेश्वर उसके खंडहर में कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि पड़ोसी ने परिजनों के साथ मिल महिला के घर में घुसकर तोड़फोड़ की और कौशल्या देवी को बेरहमी से पीट दिया। देर शाम पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपित जागेश्वर समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# ग्राम चौपाल में सीडीओ ने बांटा वृद्ध, असहाय व गरीबों को कंबल

**चायल, कौशाम्बी।** विकास खंड नेवादा के ग्राम कटैनी उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ डॉ रवि किशोर त्रिवेदी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधी जय सिंह पटेल ने पहुंचकर ग्राम चौपाल का शुभारंभ किया ।

ग्राम प्रधान तीरथ सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्प और अंग वस्त्र एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा को देकर उनका स्वागत किया। साथ ही साथ आए सभी अधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । इसी क्रम में रेनू द्विवेदी फूड स्पेक्टर, नीरज कुमार खंड शिक्षा आधिकारी नेवादा,शिव कुमार मिश्रा सीडीपीओ नेवादा, प्रभात गौतम सराय अकिल पशु चिकत्सा आधिकारी,प्रतिभा स्वास्थ शिक्षा आधिकारी,अविनाश बीसीपीएम नेवादा, राम सुफल पाल जिला ग्रामों उद्योग



चौपाल के बाद पौधरोपण करते सीडीओ

आधिकारी,विनोद कुमार सिंह सहायक निबंधक सहकारिता,पंकज सोनकर एपीओ मनरेगा नेवादा, धीरज मिश्रा एडीओ नेवादा ने सभी ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीडीओ नेवादा विमल प्रकाश पांडे ने विकास कार्यो के विषय में लोगों ने बताया कि जो बसुहार गांव की पक्की सड़क से बच्चा सरोज के घर तक बनने वाली सड़क जो अधुरी पड़ी है उसे पूर्ण कराए जाने के लिए सीडीओ से मांग किया जिस पर उन्होंने तत्काल अधूरी सड़क कार्य को पूरा कराने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या जैसे विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, नए राशन कार्ड के आवेदन, किसान सम्मान निधि और बच्चों के डीबीटी जैसी समस्याओं को अधिकारियों से अवगत कराया। इतना ही नहीं सीडीओ ने वृद्ध असहाय गरीबों को बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल भी वितरण किया और सभी लोगों से बढ़ती ठंड में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की अपील की। इसके बाद सीडीओ व सांसद प्रतिनिधि व ब्लॉक नेवादा बीडीओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया।

## किशोरी को भगा ले गया पड़ोसी युवक

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली इलाके के एक गांव की किशोरी बुधवार की शाम घर से गायब हो गई। शाम किशोरी खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। देर शाम किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। तलाश के दौरान परिजनों को पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया है। खोजबीन के बाद पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# घने कोहरे में हो रहे सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु प्रशासन ने उठाया कदम

**दारानगर, कौशाम्बी।** इन दिनों ठंड के अलावा घना कोहरा पड़ने के कारण सड़को पर फर्राटा भर रहे वाहन अकसर हादसे का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में सड़कों की रोक थाम को लेकर जिम्मेदार प्रशासन के लोगों ने कई तरह के कार्यक्रम चलाते हुए सराहनीय कदम उठाया है।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर चल रहे सिक्स लेन कार्य में लगे बोल्डर डिवाइडर व साइड एंगल पर रिफलेक्टर एवं ब्लिंकर लाइट व डायवर्जन साइड बोर्ड लगाने का किया काम किया गया। प्रशासन की कड़ी मेहनत से कोहरे के कारण हो रही दुर्घटना पर लगेगी रोक लग सकती है। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर चल रहे सिक्स लेन निर्माण कार्य से सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उप जिला अधिकारी सिराथू राहुल देव भट्ट एवं नायब तहसीलदार अंकिता पाठक एवं सैनी थानाध्यक्ष भुवनेश चौबे ने मिलकर 2 दिन 2 रात लगातार मेहनत करते हुए सड़क निर्माण कार्य में लगे बोल्डर व डिवाइडर एवं साइड एंगल पर रेडियम रिफ्लेक्टर एवं ब्लिंकर लाइट साथ ही डायवर्जन साइन बोर्ड लगाने का काम किया तथा लोगों से अपील की



घने कोहरे में अलग-अलग कार्यक्रम चलाते जिम्मेदार

गई कि यातायात के नियमों का पालन करे और घने कोहरे में वाहन चलाते समय रोड साइन एज का जरूर ध्यान रखें तथा सुरक्षित वाहन चलाएं साथ ही साथ थानाध्यक्ष ने यह भी कहा की थाना सैनी पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। प्रशासन की यह कड़ी मेहनत कोहरे में होने वाले दुर्घटना पर रोक लगाएगी।

### मामूली बात को लेकर कहासुनी, चार आरोपितों पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के युसुफपुर सरैया निवासी रमेश कुमार ने बताया कि पड़ोसी मोतीलाल से मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी अदावत में शाम आरोपित ने भाई व बेटे साथ घर में घुसकर रमेश को बेरहमी से पीटते हुए अधमरा कर दिया। पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार कराने के बाद तहरीर लेकर आरोपित मोतीलाल, बलदेश, अमित समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अजुहा में दिन में जल रही स्ट्रीट लाइट

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा में अभी हाल ही में करीब 100 स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई हैं। लोगों का कहना है कि यह लाइटें शाम को जलाने के बाद दिन में बुझाई नहीं जाती हैं। दिनभर लाइटें जलती रहती हैं। इससे बिजली फिजूल खर्च हो रही है। नगरवासियों ने ईओ का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## हर्षाल्लास से मना बीबी फात्मा जहरा का जन्मदिन

**जन्मदिन**

**महफिलें आयोजित कर अकीदतमंदों ने दी एक दूसरे को बधाई**

**कौशाम्बी।** मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा स की बेटी बीबी फात्मा जहरा का जन्मदिन जिले में हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से शुरू जश्न मनाने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। बीबी फात्मा के जन्मदिन पर जहां अकीदतमंदों ने महफिलें आयोजित की तो वहीं एक दूसरे को गले लगा कर बीबी के जन्मदिन की बधाई दी।

शुक्रवार को जिले भर में मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा स के बेटी का जन्मदिन उनके चाहने वालों ने धूमधाम से मनाया। जनपद के मंझनपुर, करारी,सिराथू, कड़ा,दारानगर,भरवारी, सयैद सरावां, चायल और मुस्तफाबाद आदि स्थानों पर मस्जिदों और इमामबाड़ों में अकीदतमंदों ने महफिलें आयोजित कर बीबी की शान में मुकामी शायरों ने अपने अपने कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी। इस सिलसिले में मंझनपुर स्थित मीरा मियां



शायर पढ़ते मौलाना साहब

के इमामबाड़े में महफिल आयोजित की गई जहां मिन्हाल मंझनपुरी ने बेहतरीन कलाम पेश किया और मौलाना कौसर अब्बास रिजवी ने तकरीर कर बीबी की जीवनी पर विस्तार से लोगों को जानकारी दी। इसी प्रकार नगर पंचायत करारी स्थित शिया जामा मस्जिद में भी अकीदतमंदों ने महफिल का आयोजन किया। महफिल में रिजवान बाबा ने अपने बेहतरीन अंदाज में कलाम सुनाया तो लोग वाह वाह कर उठे। वहीं बुजुर्ग शायर नजीर करारवी ने जब यह शेर पढ़ा तो लोगों ने काफी सराहना की उन्होंने पढ़ा..जिससे कायम है बहारे दीने खालिक ऐ नजीर..हैं गुलिस्ताने नबी की वह गुले तर फात्मा। उसके बाद रौशन करारवी ने पढ़ा..दरबार में बता गया जैनब का हौसला..जहरा का एहतेजाज अभी तक जवान है। इसके बाद इमामे जुमा मौलाना सयैद जमीर हैदर रिजवी ने तकरीर करते हुए कहा कि आपकी पैदाइश से पहले अरब के लोग आपको अबतर का ताना दिया करते थे कि ए मोहम्मद तुम्हारे तो कोई औलाद नहीं है लेकिन अल्लाह ने रसूल स के घर बीबी फात्मा जहरा की सूरत में एक बेटी देकर आपकी नस्ल को कयामत तक के लिए महफूज कर दिया। आज दुनिया के कोने कोने में जहां भी सयैद नस्ल के लोग दिख जायें समझ लेना रसूल स की नस्ल मौजूद है लेकिन जो लोग उस दौर में रसूल स को अबतर का ताना दिया करते थे आज दुनिया के किसी भी कोने में उनकी नस्ल नहीं दिख रही। बीबी फात्मा की वेलादत के बाद रसूल स के घर जो खुशी देखी गई वह अपने आप मे एक मिसाल थी। आपके जन्मदिन पर पूरे मदीने ने खुशी मनाई थी। इस मौके पर जफर करारवी, एहसान हैदर, इमरान हैदर रिजवी, शराफत हुसैन, मोहम्मद रिजवी, शैदाय रजा,फैजान,मौलवी अजीज हुसैन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दुराचार में नाकाम युवक ने किशोरी को पीटा

**कौशाम्बी।** महेवाघाट कोतवाली इलाके में पड़ोसी युवक ने किशोरी से दुराचार का प्रयास किया। सफलता नहीं मिलने पर आरोपित युवक ने किशोरी को बेरहमी से पीट दिया। इसके बाद कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। घर पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## कड़ाधाम नगर पंचायत को जल्द मिलेगी 1200 आवास की सौगात



नगर पंचायत कड़ाधाम

**दारानगर, कौशाम्बी।** नगर पंचायत कडाधाम के सभी वार्डों के पात्र व्यक्तियों को जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। उक्त आशय की जानकारी ईओ कडाधाम शैलेन्द्र मिश्रा ने दिया है।

बताया कि लगभग 1200 प्रधानमंत्री आवास नगर पंचायत को मिले हैं और जहां से नगर पंचायत की घरौनी प्रक्रिया समाप्त हुई हैं वही से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की जाए। जिससे हमारे नगर पंचायत के लोगों को इस सुविधा का जल्द से जल्द लाभ मिले। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि यदि कोई नगर पंचायत का व्यक्ति या अन्य कोई भी प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसे मांगे तो मुझसे मिलकर तुरंत शिकायत करें। जिसके ऊपर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# खेल कूद प्रतियोगिता में सीडीओ ने किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाती पाण्डेय, ग्राम प्रधान देवरा व सचिव ग्राम पंचायत मनोज सिंह के सहयोग से शुक्रवार को ग्राम देवरा मे राष्ट्रीय युवा दिवस ;स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक ध्बालिका की 400, 800 एवं 1500 मीटर दौड़ तथा कबड्डी व बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में लालाराम. प्रथम, गुरदीप सिंह. द्वितीय एवं अभिषेक पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग की 400 मीटर की दौड़ में विनीता सरोज. प्रथम, रेशमा देवी .द्वितीय व अनिता देवी तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग की 800 मीटर की दौड़ में मानिक चन्द्र. प्रथम, शुभम् सिंह. द्वितीय एवं आशीष पाल तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में शोभा



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देते सीडीओ

देवी प्रथम,खुशबू. द्वितीय एवं अर्चना सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में मानसिंह द्प्रथम, रामनिवास पांडेय. द्वितीय एवं अभय पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में तमन्ना. प्रथम, मंजिली .द्वितीय एवं संजना तृतीय स्थान पर रहीं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में टेवा टीम. विजेता व टेंगाई टीम. उप विजेता रही। इसी प्रकार बालीबाल बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में पवैया टीम. विजेता तथा देवरा टीम .उपविजेता रहीं। बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में वीकेडी टीम .विजेता तथा पवैया टीम. उपविजेता रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में महादेव टीम. विजेता तथा वीकेडी टीम .उप विजेता रही।

## दो घरों से लाखों का जेवर उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के खैरात अली चक गांव में गुरुवार की रात दो घरों का ताला तोड़कर चोर नकदी समेत लाखों रुपये का जेवर उठा ले गए। दो अन्य घरों में चोरी का प्रयास किया गयाए लेकिन चोर सफल नहीं हो सके। पुलिस को मामले की तहीर दी गई है। प्रकरण की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

## डिजिटल इंडिया के अरमानों पर पानी फेर रही मोबाइल कंपिनयां

**कौशाम्बी।** मोबाइल सेवा लोगों की जरुरत बन गई है। हर हाथ में मोबाइल नजर आता है। बगैर मोबाइल के कार्यों में परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं मोबाइल कंपनियों की मनमानी से डिजिटल इंडिया के अरमानों पर पानी फेरा जा रहा है। चायल इलाके के लाखों उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन पर 2जी की स्पीड से भी नेटवर्क नहीं चल रहा है।

## दिव्यांगों को वितरित किया गया कंबल

**कनैली,कौशाम्बी।** दिव्यांग सोशल फाउंडेशन संस्थान द्वारा शुक्रवार को कौशाम्बी के विजिया में संचालित दिव्यांग सेवाश्रम में दिव्यांगों को कबंल वितरित किया। यहां के बाद संस्थान के लोगों ने सरसवां ब्लाक के बरौली गांव पहुंच गरीबों को कबंल वितरित किया। कंबल पाकर गरीब व दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसके अलावा दिव्यांगों के पेंशन आवेदन भी भराए गए। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन राकेश तिवारी, अनीश मिश्रा, विवेक, मोहित प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रंजिश में देवरानी को पीटा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बरहमपुर गांव में देवरानी व जेठानी के बीच आपसी विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों मारपीट पर उतारू हो गई और जेठानी ने देवरानी को पीट कर घायल कर दिया। गांव की रहने वाली बीना शर्मा पत्नी मनोज कुमार शर्मा ने अपनी जेठानी पर मार पीट का आरोप लगाया है। बीना व उनकी जेठानी में शुक्रवार को आपसी विवाद को लेकर कहा सुनी होने लगी। जिसमे उसकी जेठानी ने उसे भद्दी भद्दी गालिया देने लगी और जब बीना ने गाली देने का विरोध किया तो जेठानी ने उसे लाठी डंडा व लात घूसे से जम कर मारा पीटा। पीड़िता ने मामले प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### वांछित धराया, गया जेल

**लालगंज।** लीलापुर थाना के दरोगा शत्रुघ्न वर्मा ने गुरूवार की रात गश्त के दौरान हत्या के मुकदमे मे वांछित राघवेन्द्र प्रताप पुत्र रामभवन सिंह निवासी पूरे खुसई मोहनगंज को दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# भव्यता से मनाया जाय 'उत्तर प्रदेश दिवस' : डीएम



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिले में 24 से 26 जनवरी 2023 तक ''उत्तर प्रदेश दिवस-2023'' को भव्यता के साथ मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/ जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस-2023 के आयोजन के सम्बन्ध में विभागवार जानकारी प्रदान की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में यूपी दिवस के कार्यक्रम स्थल का अतिशीघ्र चयन कर लें जिससे समय से सभी तैयारियॉ पूरी हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस-2023 को भव्यता के साथ मनाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस आयोजन में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में आमजन मानस को अवगत कराया जायेगा, सभी विभाग शासकीय योजनाओं से सम्बन्धित अपने स्टाल लगायेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी दिवस-2023 के अवसर पर जनपद में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जायेगा तथा जनपद में निवेश करने वाले उद्यमियों का चयन करके उनका सम्मान किया जायेगा, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं निर्यात संवर्धन विभाग द्वारा ओडोओपी की प्रदर्शनी एवं विक्रय का आयोजन किया जायेगा। ग्राम विकास विभाग की ओर से सफलतम स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पुरस्कृत किया जायेगा, पंचायती राज विभाग की ओर ग्राम पंचायतों के विकास के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को भी पुरस्कार दिये जायेगें। खेल विभाग की ओर से राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा, युवा कल्याण विभाग की ओर से विवेकानन्द पुरस्कार दिये जायेगें। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में रोजगार एवं निवेश की सम्भावना विषय पर जागरूकता हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा नवीन कृषि तकनीक पर आधारित विशेष सत्र का आयोजन किया जायेगा। दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण किया जायेगा तथा टूरिज्म संगोष्ठी पालिसी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, समाज कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जायेगें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों में जिनके द्वारा अच्छे कार्य किये गये हो उनको चिंन्हत करते हुये यूपी दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित करायें। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित यूपी दिवस-2023 के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा समय से तैयार कर लें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। विभागों द्वारा जो भी प्रदर्शनी/स्टाल लगाये जाये वह अच्छे एवं उत्कृष्ट होने चाहिये इसका विशेष ध्यान दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओम प्रकाश राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के वीरशहपुर निवासी अनीस कन्नौजिया पुत्र लाले लाल कन्नौजिया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत अंतू थाने में मुकदमा दर्ज है। जिसे पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी। थाने के दरोगा अंकित कुमार व उनकी टीम ने आरोपी अनीस को शुक्रवार को थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मौरहा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर के पास से पुलिस को तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गैंगस्टर को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## राज्य स्तरीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप की हुई तैयारी बैठक



बैठक में शामिल सांसद व अन्य

**प्रतापगढ़।** राज्य स्तरीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप की तैयारी बैठक शुक्रवार को सांसद के कैंप कार्यालय कटरा मेदनीगंज पर हुई। जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट स्टेडियम में 27,28 एवं 29 जनवरी को होने वाली 49 वीं सीनियर महिला यूपी स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप की तैयारी बैठक एसोसिएशन के चेयरमैन कुंवर वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सांसद के कैंप कार्यालय पर हुई। मुख्य संरक्षक सांसद संगम लाल गुप्ता ने आयोजन से जुड़ी जानकारी ली और व्यवस्थाओं के सम्बंध में जिलाधिकारी से बात की। आयोजन अध्यक्ष भाजयुमो काशी क्षेत्र के निवर्तमान महामंत्री वरुण प्रताप सिंह ने दायित्व निर्धारित किया। संचालन सचिव डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। अंत में टेनिस बाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतने वाले कर्मराज सिंह मंजीत को सांसद ने बधाई देते हुए सम्मानित किया। कौशलेंद्र प्रताप सिंह, राम कुमार सिंह, विद्या सागर सिंह, पुष्पा सिंह, अभिषेक पांडेय, रवि प्रकाश सिंह चन्दन, केके गुप्ता मौजूद रहे।

# जूनियर बार एसोशिएसन के भरोसे पर वकीलों ने आंदोलन किया स्थगित

**स्थगित**

**एसडीएम लालगंज की कार्यशैली से नाराज वकीलों ने सप्ताह भर के लिए विरोध किया स्थगित**



प्रतापगढ़ में जूबाए के पदाधिकारियों से मुलाकात करते लालगंज के अधिवक्ता

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज का एक प्रतिनिधिमण्डल अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व में जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र व महामंत्री संतोष नारायण मिश्र से मिला। लालगंज तहसील मे एसडीएम तथा अधिवक्ताओं के बीच गतिरोध को लेकर जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष व महामंत्री के द्वारा आज जिलाधिकारी से इस प्रकरण पर वार्ता हुई कि प्रतिनिधिमण्डल को जानकारी दी गई। अध्यक्ष व महामंत्री को जिलाधिकारी द्वारा एक सप्ताह में लालगंज के अधिवक्ताओं की मांग का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया गया। इस आश्वासन पर सम्यक विचार करते हुए लालगंज एसडीएम के विरूद्ध कार्य बहिष्कार व विरोध प्रदर्शन को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया जाता है। लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ तहसील के इस अवधि में एसडीएम को लेकर लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन में सहयोग के लिए जूनियर बार एसोशिएसन प्रतापगढ़, आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन प्रतापगढ़ , तहसील कुण्डा, पटटी, सदर व रानीगंज एवं जनपद के सभी बार एसोशिएसनों के प्रति सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। प्रतिनिधिमण्डल में लालगंज पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्रा व महामंत्री शेष तिवारी आदि रहे।

## दो लाख तक का ऋण लेने के लिए 25 तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत निवासित शहरी गरीबों का दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा में संचालित है। योजनान्तर्गत रोजगार करने एवं रोजगार बढ़ाने हेतु व्यक्तिगत ऋण अधिकतम धनराशि रुपए 2 लाख एवं समूह ऋण ग्रुप लोन अधिकतम धनराशि 1 लाख तक ब्याज सब्सिडी ऋण हेतु आवेदन कर सकते है। उन्होने कहा है कि शहरी बेरोजगार जिनकी वार्षिक आय रुपए 10 लाख से कम हो ऋण आवेदन पत्र डूडा कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है जिन लाभार्थियों की ऋण बैंकों से स्वीकृतिध्वितरण होगा उन्हें ब्याज सब्सिडी के रूप में 7 प्रतिशत से अधिक लगने वाले ब्याज को सब्सिडी के रूप में लाभार्थी के ऋण खाते में दी जायेगी। लाभार्थी आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, 02 फोटो, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर दिनांक 25 जनवरी 2023 तक जमा कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति जिला नगरीय विकास अभिकरण डूड कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त व जमा कर सकते है।

# पात्र लाभार्थियों का नाम सूची से काटे जाने पर आक्रोश





छप्परनुमा मकान के साथ गरीब

**आरोप**

**आवास सूची में बिना जांच किये नाम काटे जाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

**पट्टी।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम की ग्राम पंचायत सागापट्टी में आवास की सूची से पात्र लाभार्थियों के नाम काटे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। अनियमितता का आरोप लगाते हुए गांव के ही कुछ पात्र लोगों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है।

ग्राम पंचायत सागापट्टी में आवास योजना के तहत अनियमितता को लेकर ग्रामीण एकसुर नजर आये। ग्रामीणों का कहना है कि आवास सूची में ऐसे लोगों के नाम शामिल किये गये है जिनके पास पक्के मकान है। ऐसे ग्रामीण जो आवास के लिए पात्र है और झुग्गी-झोपड़ी में अपना बसर कर रहे है ऐसे लोगों का नाम प्रधान व ग्राम पंचायत सेक्रेटरी की मदद से सूची से बाहर कर दिया गया है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। गांव के ही कुछ पीड़ित लोगों ने मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत कर जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर मामले में जांच ना हुई तो धरना प्रदर्शन करने के लिए ग्रामीण मजबूर होंगे।

## नकदी व मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने दबोचा



**लालगंज।** कोतवाली के भटनी स्थित अपने गांव के पास मोबाइल पर बात कर रहे युवक को तमंचा सटाकर बदमाश पांच हजार की नकदी व मोबाइल छीनकर भाग निकले। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पीछा करके एक बदमाश को बाइक समेत धर दबोचा। सूचना पर पहुंची पुलिस बदमाश को बाइक समेत पकडकर लालगंज कोतवाली ले गयी। पुलिस बदमाश से पूछतांछ मे जुटी हुई है।

लालगंज कोतवाली के भटनी निवासी अभय सोनी पुत्र राजेन्द्र सोनी शुक्रवार की सुबह करीब साढे नौ बजे अपने घर के समीप स्थित एक पुल पर बैठकर किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच एक बाइक पर तमंचा लहराते तीन बदमाश वहां पहुंचे और युवक के कनपटी पर तमंचा सटा दिया। बदमाश युवक के जेब मे रखा पांच हजार रुपए की नकदी व मोबाइल फोन छीन लिया। बदमाश पीडित को कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पीडित के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने पीछा करके बदमाशो को बसंतगंज गोविंदपुर के पास घेर लिया। ग्रामीणों से घिरा देख बदमाश तमंचा निकालकर लहराने लगे और फायरिंग का भी असफल प्रयास किया। इसी बीच ग्रामीणों ने दूर से ईट फेंककर हमला कर बदमाशो को दबोच लिया। लेकिन दो बदमाश भागने मे कामयाब रहे। ग्रामीणों ने एक बदमाश को बाइक समेत पकडकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। इधर घटना का वीडियो बनाकर किसी ग्रामीण ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज का कहना है कि युवक से छिनैती की घटना की जानकारी है। गिरफ्तार किये गये बदमाश से पूछताछ की जा रही है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## चोरों के शटर काटते समय दुकान में लगी आग



अज्ञात चोरों द्वारा काटी गयी दुकान की शटर

**लालगंज।** दुकान के शटर को काटकर चोरी का प्रयास करने के दौरान आग लग गयी। इससे दुकान मे रखे हजारो के सामान जलकर राख हो गये। रायबरेली जिले के सलोन कोतवाली अंर्तगत चैदहा निवासी मुन्ना चैरसिया लालगंज के उमरपुर चैराहे पर लोहे का व्यवसाय किया करता है। वह उसी दुकान में कोल्ड ड्रिंक्स व चायपान का कारोबार भी करता है। आरोप है कि बीते गुरूवार की रात अज्ञात चोर चोरी की नीयत से गैस कटर से शटर का ताला काट रहे थे। इसी बीच गैस कटर से आग लग गयी। दुकान से धुंआ उठता देख आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो दुकान मे लगी आग को देख आवाक रह गये। लोगों ने किसी तरह आग बुझायी और पीडित को सूचना दिया। पीडित के अनुसार आग लगने से दुकान मे रखी हजारों की नकदी व सामान जलकर राख हो गये। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज का कहना है कि घटना की जानकारी है तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों को दिया गया शील्ड



शील्ड के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी

**प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के मदाफरपुर बाजार खेल मैदान में नेहरू युवा केन्द्र और युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की तरफ से दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी, ऊॅची कूद, वालीबाल, लंबी कूद आदि खेलों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता के समापन के दूसरे दिन सांसद संगमलाल गुप्ता व मंगरौरा प्रमुख राजीव प्रताप सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल आपसी सौहार्द बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं के समग्र विकास का कारक भी है। खेल से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। मंगरौरा ब्लाक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को मोबाइल के खेलों से बाहर निकालकर मैदान में अपना दम दिखाना चाहिए। नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक समर बहादुर सिंह ने कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा होती है। खेलों का आयोजन कर युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग का समाज को बजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि युवा वर्ग अपनी ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक कार्यों में लगाएं। खेल में बालक वर्ग दौ सौ मीटर दौड़ में प्रभात सरोज प्रथम, मनजीत कुमार द्वितीय व पंकज सरोज को तीसरा स्थान मिला। वही बालिका वर्ग की सौ मीटर दौड़ में रोशनी सरोज प्रथम, अंशू को द्वितीय स्थान तथा रागिनी सरोज को तीसरा स्थान मिला। वालीबाल की प्रतियोगिता में बाबा क्लब विजेता व मंगापुर की टीम उप विजेता रही। इस प्रकार अन्य खेलों में विजयी प्रतिभागियों को सांसद व प्रमुख ने शील्ड, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान परियोजनाधिकारी शिवम यादव, प्रशिक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह, डा0 शिव प्रताप सिह, श्याम नारायण पटेल समेत कई कणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जीएसटी सचल दल ने खंगाले व्यवसाई के अभिलेख

**प्रतापगढ़।** बाबागंज बाजार के सीमेंट सरिया के बड़े व्यवसाई मूलचंद एवं हुकुमचंद के यहां शुक्रवार दोपहर जीएसटी विभाग ने छापा मारा। जीएसटी सचल दल प्रयागराज की टीम ने फोर्स के साथ छापेमारी कर दुकान से व्यवसायिक अभिलेख खंगाले। जिएसतिबकी छापेमारी से आसपास के व्यवसायियों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बाजार में चल रही कार्रवाई के बाबत मीडिया ने जब जानकारी का प्रयास किया तो टीम के सदस्यों ने जानकारी साझा करने में असमर्थता जताई। अधिकारियों ने बताया कि व्यापक स्तर पर हो रही कर चोरी की घटनाओं को देखते हुए विभाग द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

# ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते ग्रामीण

**प्रतापगढ़।** विकास खंड सांगीपुर की नरायनपुर ग्राम पंचायत व आसपास के सैकड़ों ग्रामीण शुक्रवार को डीएम कैंप कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि छुट्टा मवेशियों का संरक्षण नहीं करने से किसानों की फसल चैपट हो रही है। दो दिन पहले ग्रामीणों ने छुट्टा मवेशियों को प्राथमिक विद्यालय परिसर में बंद कर दिया। चारा-पानी नहीं मिलने से मवेशियों की हालत बिगड़ने लगी है। ग्रामीणों ने भूमि उपलब्ध कराने का दावा कर गांव में गोशाला बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि गोशाला का निर्माण कराने से छुट्टा मवेशियों का संरक्षण हो सकेगा और किसानों की फसल का नुकसान भी नहीं होगा। मौके पर पहुंचे एडीएम त्रिभुअन विश्वकर्मा ने ज्ञापन लेने के बाद आश्वासन दिया कि शीघ्र ही गोशाला निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कराई जाएगी। उमेश तिवारी, रामकिशोर, मदनलाल वर्मा, दीपक तिवारी सहित तमाम ग्रामीण शामिल रहे।

## ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों पर करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया कि जनपद में 43 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/ एकाउन्टेण्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के रिक्त पदों पर तैनाती की जायेगी। उन्होने भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में बताया है कि 14 जनवरी से 16 जनवरी तक ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा करायी जायेगी। 17 जनवरी से 02 फरवरी तक आवेदन पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जायेगें। 03 फरवरी से 08 फरवरी तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय मे प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जायेगा। 09 फरवरी से 16 फरवरी तक ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार की जायेगी एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत की जायेगी एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जायेगा।

# राजापुर में श्रीराम कथा सुनने को भक्तों की उमड़ रही भीड़





राजापुर बाजार में श्रीराम कथा कहते कथाव्यास कृष्णानंद शास्त्री व जुटी भीड़

**लालगंज।** उदयपुर के राजापुर बाजार मे हो रही सामूहिक श्रीराम कथा को सुनने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कथा के पांचवे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथाव्यास कृष्णानंद शास्त्री गर्ग ने कथा प्रसंग में कहा कि धर्म की ही सदैव जीत होती है। जब जब धरती पर साधु सन्तों, धार्मिक लोगों पर अधर्म का घोर संकट होता है तो भगवान मानव रूप में अवतार लेकर अधर्म का नाश कर धर्म की पुर्नस्थापना करते है। कथा व्यास ने कहा कि सतयुग त्रेता व द्वापर युगों में मानव रूप में जन्म लेकर नारायण ने लोगों को कष्टो से उबारा है और धर्म की पताका को फिर से स्थापित किया है। इस मौके पर अरविंद उपाध्याय, दयाराम मिश्र, प्रधान भइयाराम, डा. अम्बुज मिश्र, आनंद प्रकाश, जयप्रकाश, विनय गुप्ता राहुल, नटवर लाल सोनी, नीरज, मोनू, राजेश सिंह आदि ने कथाश्रवण किया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डर नं0 पीआरवाइजे-सिग-030-2022-23**

**ई निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/सिग्नल एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा**, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क्र. सं. | निविदा नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित मूल्य | बिड सिक्यूरिटी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 030 | पहाड़ा (आइ.आर) की अप लूपलाइन से डीएफसी डाउन मेन लाइन तक कनेक्टिविटी हटाने के सम्बन्ध में संकेत एवं दूर संचार का कार्य। | 4037306.96 | 80800/- |

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 0.00

**कार्य समापन की अवधि:** छः माह

**निविदा खुलने की तिथि:** 28.12.2022

**2. निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **3. बिड सिक्यूरिटी जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदाकार धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित बिड सिक्यूरिटी निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जायेगी। **4. निविदा खुलने का समय तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **5. निविदा की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **6. निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार:** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1815/22(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## जनसंपादकीय

# समर्थन और विरोध की पराकाष्ठा

तनवीर जाफरी



कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के नेतृत्व में सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ो यात्रा भीषण शीत लहरी के बावजूद अपने पूरे जोश-उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ते हुये अपनी मंजिल की ओर अग्रसर है। देश के 12 राज्यों से गुजरते हुये लगभग 150 दिन में 3750 किलोमीटर का सफर तय करने वाली इस यात्रा को प्रत्येक राज्यों से, चाहे वे भाजपा शासित राज्य हों,कांग्रेस शासित या गैर कांग्रेस शासित राज्य, हर जगह अकल्पनीय समर्थन हासिल हो रहा है। देश के अनेक विपक्षी दल के नेताओं,पूर्व नौकरशाहों,सामाजिक कार्यकताओं से लेकर फिल्म व खेल जगत आदि के अनेक दिग्गज राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि इतनी कड़ाके की ठंड में इस यात्रा में शिरकत करने व राहुल गाँधी की एक झलक देखने के लिये क्या शहर क्या कस्बा तो क्या गांव हर जगह भारी भीड़ उमड़ती दिखाई दे रही है।

भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे इस राष्ट्रव्यापी समर्थन से जहां कांग्रेस कार्यकताओं में ऊर्जा का नया संचार हो रहा है वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जिसने गत दस वर्षों से राहुल गाँधी की छवि को बिगाड़ने के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी,इस यात्रा से बुरी तरह से बौखला उठी है। भाजपा नेता भारत जोड़ो यात्रा को 'भारत तोड़ो यात्रा' का नाम दे चुके हैं। इस कठिनतम यात्रा को नकारात्मक नजरों से देखने वालों की नजरें राहुल गाँधी की टी शर्ट से लेकर उनकी दाढ़ी व कंटेनर्स पर ही नहीं बल्कि इस यात्रा में शामिल होने वाले लोगों पर भी लगी हुई हैं । और भाजपा समय समय पर चयनात्मक रूप से उनकी यात्रा में शिरकत को लेकर सवाल भी उठाती रही है। उदाहरण के तौर पर भारत जोड़ो यात्रा में जिस समय सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर शामिल हुई थीं उसी समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि जो लोग 'गुजरात के लोगों को प्यासा रखना' चाहते थे, वो भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हैं। इसी प्रकार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुये राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हमला करते हुए कहा था कि यह 'भारत तोड़ो यात्रा' है। नड्डा ने यहां तक कहा था कि - यह एक प्रायश्चित यात्रा है क्योंकि राहुल गांधी के पूर्वजों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने राहुल गांधी को गुजराती विरोधी बताया था।

अब गत 3 जनवरी को जब कि भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में नौ दिनों तक रुकने के बाद उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई उस समय भारतीय खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ' (रॉ ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत भी राहुल के साथ यात्रा में राहुल के कदम से कदम मिलाते नजर आए। भाजपा पूर्व रॉ प्रमुख दुलत की यात्रा में शिरकत को लेकर भी हमलावर हुई । भाजपा आई टी सेल प्रमुख ने दुलत पर निशाना साधते हुये कहा कि- ' पूर्व स्पाईमास्टर दुलत अपने काम के प्रति कभी प्रतिबद्ध नहीं थे। वे अलगाववादियों और पाकिस्तान से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि रॉ के पूर्व सचिव दुलत की कश्मीर संकट में यादगार भूमिका है। भाजपा आई टी सेल प्रमुख ने यह भी कहा कि-'अलगाववादियों और पाकिस्तान के समर्थन और कश्मीर बवाल में उनकी अहम भूमिका है'। गौर तलब है कि यही अमरजीत सिंह दुलत अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में प्रधान मंत्री के कश्मीर मामलों के सलाहकार भी थे। उन्होंने रॉ से अवकाश प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जम्मू-कश्मीर मामलों के सलाहकार के रूप में कार्य किया था। उस समय तो वाजपेई जी को पूर्व स्पाईमास्टर दुलत में योग्यता व कुशलता नजर आई जबकि आज की भाजपा उन्हीं के बारे में 'अलगाववादियों और पाकिस्तान को समर्थन और कश्मीर बवाल में उनकी अहम भूमिका' जैसी गैर जिम्मेदाराना बातें कर रही है? क्या यह इसलिये है कि कश्मीर मामलों के विशेषज्ञ समझे जाने वाले यही वह दुलत भी थे जिन्होंने गत वर्ष अप्रैल में बॉलीवुड की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को कोरा दुष्प्रचार बताया था जबकि भाजपा इस फिल्म को बढ़ावा दे रही थी तथा इसे प्रचारित कर रही थी ?

अब तक भारत यात्रा में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व प्रियंका गाँधी,आदित्य ठाकरे, म ?हात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी ,आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन,सहित फि ल्मी दुनिया के प्रसिद्ध सितारे कमल हासन,स्वरा भास्कर, पूजा भट्ट, रिया सेन,पटवर्धन,रिया सेन,अमोल पालेकर स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा , व सुशांत सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय,रोहित वेमुला की मां और खेल जगत की अनेक मशहूर हस्तियां यात्रा में शामिल हो चुकी हैं। योगेंद्र यादव जैसे समर्पित सामाजिक कार्यकर्त्ता तो कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पूरी यात्रा में साथ चल रहे हैं। इन समस्त भारत यात्रियों को यही उम्मीद है कि शायद ये यात्रा उस बिसरे हुए भारत की याद ताजा कर सके जो उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष, समावेशी और प्रगतिवादी मूल्यों के साथ साथ अनेकता में एकता के लिए विश्व प्रसिद्ध था।

सवाल यह है कि क्या महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी , आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, व रॉ के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत जैसे अनेक लोग जो देश व संविधान की रक्षा के लिये देश को संवैधानिक व सामाजिक रूप से एकजुट करने के मकसद से भारत जोड़ो यात्रा को अपना समर्थन दे रहे हैं वे भाजपा के मतानुसार ' भारत तोड़ो यात्रा ' के शरीक हैं ? और जो गाँधी के हत्यारे का महिमांडन करते हों,जो संविधान विरोधी जहर उगलते रहते हों,जो हेमंत करकरे जैसे शहीद को अपने 'श्राप ' का शिकार बताते हों वे सब न केवल राष्ट्रवादी बल्कि 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी ' हैं ? जो लोग समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की बात करें वे 'भारत तोड़क ' और जो वर्ग विशेष के विरुद्ध दूसरे वर्ग के लोगों को चाकू तेज करने के लिये उकसाये वह 'राष्ट्र जोड़क '? जिनके शासनकाल में सैकड़ों सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित किये गये हों वे भारत विरोधी और जो लोग इन्हीं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो को किसी व्यक्ति विशेष के हाथों बेच रहे हों वे राष्ट्रवादी ? कहना गलत नहीं होगा कि भारत जोड़ो यात्रा इस समय भारी जनसमर्थन और पूर्वाग्रही राजनीति के विरोध की पराकाष्ठा से जूझती हुयी देश में सामाजिक एकता का एक नया इतिहास लिख रही है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## डी एम मिश्र की गजलें



1

आग जलाकर रक्खो मौसम नम ज्यादा है.मुस्काने की वजह तलाशो गम ज्यादा है
सूरज डूब चुका है फिर जाने कब निकले/ उम्मीदों के दीप जलाओ तम ज्यादा है
मेरी बस्ती के लोगों के चेहरे देखो/आँखों में हैं खुशियाँ कम मातम ज्यादा है
घबराओ मत खुलते खुलते खुल जायेगा/ बाली उम्र है शायद अभी शरम ज्यादा है
वक्त तुम्हारे पास बहुत कम देर करो मत/ मारो चोट कि लोहा अभी गरम ज्यादा है
एक समंदर उसके आगे छोटा पड़ता/नन्हीं सी मछली है लेकिन दम ज्यादा है


2

खिली धूप से सीखा मैने खुले गगन में जीना/ पकी फसल में देखा मैंने खुशबूदार पसीना
अभी तो मेरे अम्मा - बाबू दोनों घर में बैठे/ अभी तो मेरा घर ही लगता मक्का और मदीना
अगर न होते लोग साथ कितने हिचकोले खाता/ कर गया कैसे पार वो दरिया छोटा एक सफीना
कहाँ ढूँढने निकले हो अमरित इस अंध गली में/ अगर ज़िंदगी जीना है तो सीख लो विष भी पीना
कई हुकूमत देख लिया है सदियाँ गुजर गईं हैं/ बहुत बार टकराया तेरा खंजर मेरा सीना

# भारतीय दृष्टि और सर्जना के सजग रचनाकार

## स्मरण

गिरीश्वर मिश्र



व्यक्तित्व की शास्त्रीय अवधारणा उसे एक गत्यात्मक संगठन या रचना के रूप में ग्रहण करती है जिसका स्वरूप जीवन काल में विभिन्न चरणों में नई-नई विशेषताओं के साथ विकसित होता रहता है। यह बहुत कुछ एक आख्यान (नेरेटिव) की तरह होता है जो परिस्थितियों से रस लेते हुए क्रमशः विकसित होता है । व्यक्तित्व को प्रायः किसी व्यक्ति के समग्र अस्तित्व के सार तत्व के रूप में स्वीकार कर उसे एक टाइप (कोटि) में स्थापित कर दिया जाता है। परंतु उससे व्यक्ति की वास्तविकता का पता नहीं चलता। निबंध विधा के प्रमुख हस्ताक्षर और भारतीय ज्ञान परम्परा के व्याख्याता पंडित विद्यानिवास मिश्र की कई छवियाँ प्रचलित हैं । उनके सृजन कर्म और योगदान को उन्हीं छवियों के अनुसार देखा समझा जाता है। मिश्र जी के प्रारंभिक व्यक्तित्व का गठन एक आस्तिक परिवेश में हुआ था जहां एक बड़े संयुक्त परिवार में नियमित जीवन-चर्या थी, शास्त्र-चर्चा और आचार-विचार पर बहुत बल दिया जाता था। प्राकृतिक परिवेश और लोक-जीवन से बड़ी निकटता थी क्योंकि तब प्रकृति सिर्फ.उपभोग का संसाधन न हो कर जीवन-स्रोत थी । फिर युवावस्था से ही उन्हें घर से दूर इलाहाबाद में स्वतंत्र रहते हुए जीने और अपनी राह स्वयं तय करने का अवसर मिला। इन स्थितियों में मिश्र जी विचारपूर्वक भारतीय वेश-भूषा, सात्विक आहार और सहज आचरण का स्वेच्छया वरण किया। वे सांस्कृतिक विवेक के साथ आचरण की पवित्रता और शुचिता को मूल्यवान मानते रहे। वैसा करना उन्हें न केवल आनंदित और आश्वस्त करता था बल्कि कार्य के लिए ऊर्जा और चुनौती भी देता था ।

यहाँ इस बात को भी रेखांकित करने की जरूरत है कि मिश्र जी अपनी जीवन शैली को कभी दूसरों पर आरोपित नहीं करते थे और अपनी स्वतंत्रता की ही तरह दूसरों की व्यक्तिगत निजता, रुचि और पसंद को यथेष्ट सम्मान देते थे । वे इसका अच्छी तरह ख्याल रखते थे कि अतिथियों और मित्रों को किसी तरह का कष्ट न हो। इस दृष्टि से वे निश्चय ही उदारवादी थे। हाँ, वे स्वयं को जरूर अनुशासित रखते थे और शायद इसी का यह परिणाम है कि पारिवारिक, सामाजिक और प्रशासनिक व्यस्तताओं से भरे जीवन में भी वे अध्ययन, पर्यटन, और लेखन के लिए अवकाश निकाल पाते थे। जीवन के परिसर में वे बड्डे सक्रिय थे और उन्हें घर-परिवार के बीच रहना जितना अच्छा लगता था उतना ही नदी, पर्वत, समुद्र, आश्रम, संत समागम, और पुरातात्विक स्थलों, आदि के निकट पर्यटन और सांस्कृतिक आयोजनों भी भागीदारी भी प्रिय थी।

निश्चय ही मिश्र जी ने अपने अध्यवसाय से बहु आयामी दक्षता अर्जित और विकसित की थी जिसका बड़ा व्यापक फलक था । वे भाषा, साहित्य, दर्शन, कला, इतिहास और संस्कृति आदि विषयों में अध्यवसायपूर्वक जुड़े रहे । मिश्र जी अपने को भारतीय और पाश्चात्य चिंतन दोनों से अद्यतन करते रहते थे । अपने संसर्ग में आने वाले छात्रों, अध्येताओं और मित्रों को भी वे सदैव अकादमिक और सांस्कृतिक कार्यों में निबद्ध करते रहते थे। यह कर्मठता उन्हें पंडित क्षेत्रेश चंद्र चट्टोपाध्यय, महापंडित राहुल सांकृत्यायन, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन, तथा कवि लेखक स. ही. वात्स्यायन ह्यअज्ञेयह्व जैसे लोगों के साथ निकट से जुड़ने और कार्य करने से आ सकी थी। दूसरी ओर उथल-पुथल भरे जीवन में परिस्थितियों के दबावों और देश काल की बदलती स्थितियों के बीच मिश्र जी की रचनाओं में विषय की विविधता और व्यापकता आती गई । उनकी संवेदना क्रमशः मनुष्य, समाज, संस्थाओं और प्रकृति से जुड़ती रही। वे स्वयं जीवन जिस रूप में और जो भी देता है उसे स्वीकार करने को प्रस्तुत रहते थे। लगातार बदलती भूमिकाओं और विभिन्न प्रकार के दायित्वों के बीच लेखन सृजन में सातत्य और नियमबद्धता की व्यवस्था कम ही चल पाती थी। ऐसे में कार्यों का विस्तार होता गया और उनके सम्पादन को लेकर उनके स्वभाव में व्यग्रता या व्याकुलता भी शामिल हो गयी थी ।

मिश्र जी के व्यक्तित्व का खुलापन, औदार्य और संवेदना सम्पर्क में आने वालों को सहज ही प्रभावित करती थी। कहा जा सकता है उनमें एक कि स्म की संक्रामक सामाजिक वृत्ति थी। वे मित्रों के लिए एक अच्छे मित्र थे और उनका गुस्सा या प्यार, बिना किसी दुराव-छिपाव के, अंदर और बाहर एक सा होता था। अक्सर कार्य के लिए उनकी अपेक्षाएँ नए ढंग की और सामान्य से ऊँची स्तर की हुआ करती थीं जिनके लिए श्रम और लगन की जरूरत होती थी जो आज के माहौल में धीरे-धीरे कम होती जा रही है। ऐसे में कार्य में बाधाएँ भी आती रहीं फिर भी कई नयी दिशाओं में वे यत्नशील रहे। उनके सृजन कर्म में एक विरल कि स्म की बहु आयामी संलग्नता आसानी से देखी जा सकती है जिसमें मूल का आदर करते हुए नए मार्ग तलाशने की तीव्र उत्सुकता है । यह उत्सुकता भारतीय चेतना की विविधवर्णी अभिव्यक्तियों को जन्म देती है। मिश्र जी का रचना-संसार अत्यंत विस्तृत है अतः यहाँ इसका संकेत देने के लिए में सत्तर के दशक में जब उनकी सृजनशीलता की बानगी देती कुछ कृतियों का उल्लेख समीचीन होगा। प्रकाशित कृतियों में से कुछ की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा। वर्ष 1973 में रीति विज्ञान आई जिसमें सर्जनात्मक आलोचना की एक नई दृष्टि प्रस्तुत की गई थी। मिश्र जी ने सिद्धांत पक्ष का विकास और उसका प्रयोग दोनों प्रकार का कार्य किया। इस दिशा में अनेक शोध कार्य भी हुए। फिर दो निबंध संग्रह आते हैंः वसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं (1974) और मेरे राम का मुकुट भींग रहा है (1974)। फिर वैचारिक-सांस्कृतिक रचना हिंदू धर्म : जीवन में सनातन की खोज और परम्परा बंधन नहीं 1976 में प्रकाशित हुईं। इसके बाद कौन तू फुलवा बीन निहारी, (1980) का प्रकाशन हुआ । सन 1981 में निज मुख मुकर, तमाल के झरोखे से और भ्रमरानंद के पत्र का प्रकाशन होता है। इसके बाद अंगद की नियति (1984), अग्निरथ (1985), शेफाली झर रही है (1987) जैसे निबंध संग्रह और लागौ रंग हरिःश्याम रसायन (1985), महाभारत का काव्यार्थ (1986), भाव पुरुष श्रीकृष्ण (1989), भारतीय परंपरा (1998), सोरहम (1991), फागुन दुई रे दिना (1994), पीपल के बहाने (1994), शिरीष की याद आई (1995) सहृदय (1995), भारतीयता की पहचान (1994), बूँद मिले सागर में (1994), भारतीय चिंतन धारा (1995), तंत्र कला और आस्वाद (1996), कँटीले तारों के आर-पार (1998), और जयदेव के ह्यगीत गोविन्दह्व की व्याख्या राधा माधव रंग रंगी (2000) प्रकाशित हुई। इन सारी रचनाओं में लोक, शास्त्र, परम्परा और समकालीन जीवन के साथ संवाद तथा संस्कृति के स्तर पर आत्म-साक्षात्कार के साथ राह ढूँढने की कोशिश दिखती है।

व्यक्तिगत स्तर पर भी मिश्र जी के लिए संवाद महत्वपूर्ण था। वे रिश्तों को निभाना जानते थे और यह अपेक्षा भी करते थे कि दूसरे भी वैसा ही करें। वे अपने गुरु जनों को हृदय से आदर देते थे । उनकी मित्र मंडली अत्यंत व्यापक थी और गाँव से लेकर विदेशों तक फैली हुई थी। वे अपने व्यस्त जीवन में मित्रों के साथ सम्पर्क साधने का कोई न कोई बहाना निकालते रहते थे। उनके साथ हास-परिहास में वह तरोताजा होने का अवसर पाते थे। मिश्र जी के आचरण और व्यवहार में आडम्बर ढूँढना संकुचित दृष्टि के कारण होता है। जो अपने को ह्यआधुनिकह्व और ह्यवैज्ञानिकह्व कहलाना पसंद करती है। यह दृष्टि अपने प्रतिमान यूरो-अमेरिकी चिंतन से उधार लेती आ रही है



और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि के निहितार्थ को नजर अन्दाज करती है जो अब वैश्विकता या भूमंडलीकरण के बानक में छाती जा रही है । भारतीय संस्कृति और विचार-परम्परा के प्रति मिश्र जी का आग्रह इस सांस्कृतिक सोच की अंतर्निहित विशेषताओं पर टिका है जो विश्व में पारस्परिकता और पूरकता को देखती है। पूजा- पाठ और स्नान-ध्यान की सार्थकता को समझने के लिए जो संवेदना चाहिए वह आज घट रही है। यह कहना पर्याप्त होगा कि मिश्र जी के लिए यह सब दिखावटी न होकर उनके जीवन और जीवन-दृष्टि का हिस्सा या स्वभाव था और संभवतः अधिसंख्य भारतीयों के मन में अभी भी बसा हुआ है । आज के युग में जब अपने सत्य को पहचानने, स्वीकार करने और व्यक्त करने का साहस खोता जा रहा है । अब जब लोग दुहरी तिहरी ज़िंदगी जीने के लिए तत्पर हैं उसे स्वीकार कर जीना साहस का कार्य हो जाता है। यदि सहिष्णु दृष्टि न हो तो प्रतीक समझ में नहीं आते और तब सब कुछ अस्पष्ट और उलझाऊ सा लगने लगती है । उसे अज्ञानतावश बड़ी आसानी से कुछ लोगों द्वारा ह्यदकियानूसह्व या ह्यपुरातनपंथीह्व कह नकार दिया जाता है। ऐसे लोग सांस्कृतिकहीनता की छवि लिए नई अस्मिता की बेसब्री से तलाश कर रहे हैं। भारतीय दृष्टि अनेक प्रकार से जीवन जीने और आध्यात्मिक होने का अवसर देती है। यानी इसमें लघु से विराट होने की गुंजाइश बनी रहती है।

**( रोशन सिंह, हिंदी विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय, अलीगढ़ के साथ बातचीत पर आधृत)**

# अमेरिका ईसाई राष्ट्र की राह पर

## प्रसंगवश

भगवान स्वरूप कटियार



जब वर्चस्व की सत्ता और अकूत धन कमाने की राजनैतिक होड़ शुरू हो जाती है तब देश स्वार्थान्धता और धर्मान्धता के ऐसे दलदल में फंसता है जहाँ से फिर निकलना मुश्किल हो जाता है । दिक्कत तब और बढ़ जाती है जब देश की जनता धर्मान्धता और धन के वैभव को ही असल राष्ट्रवाद समझ बैठती है और देश के लोग उसके अफीमी नशे में सबको साथ लेकर चलने वाले सार्वभौमिक भाईचारे और विश्वबन्धुत्व के असल राष्ट्रवाद को दरकिनार कर देते हैं। स्वार्थी नेतागण कुछ जातियों, धर्मों और देशों को अपना दुश्मन मान कर संकीर्ण कट्टरता में फंस कर देश के लोगों को असल मुद्दों से भटकाने लगते हैं। दुनिया के देशों में यह प्रचलन बड़ा आम हो गया है। यह पूरे मानव समाज की वैश्विक एकता के लिए भी बड़ा खतरा है। अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान, ईराक जैसे तमाम देशों की धार्मिक कट्टरता को मैं नजरंदाज नहीं करना चाहता पर लोकतांत्रिक देशों की जिम्मेदारी बनती है कि दुनिया में लोकतंत्र को मजबूत करें। यह दक्षिणपंथी बयार के झोंके इंग्लैंड, नीदरलैंड, जर्मनी, फ्रांस और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भी आये और इंग्लैण्ड जैसे लोकतांत्रिक देश में ब्रेक्जिट जैसी परिघटना घटी और इंग्लैंड यूरोप यूनियन से अलग हो गया और वहां एशियाई लोगों के साथ सौतेला वर्ताव परिलक्षित हुआ। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ईसाई कट्टरवाद और कार्पोरेट पूंजीवाद के गठजोड़ के प्रतीक बन गये थे पर अमेरिका की जनता ने उन्हें उखाड़ फेंका। डोनाल्ड ट्रंप गैर अमेरिकी नागरिकों के घोर विरोधी भी थे जैसे एक समय इग्लैंड की प्रधानमंत्री रहीं मार्गेट थ्रेचर। यह टुच्चे किस्म का राष्ट्रवाद हल्के और संकीर्ण सोच के लोगों को लुभाता है। पर व्यापक आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए व्यापक विश्व बंधुत्व की वैश्विक अवधारणा बेहद जरूरी है।

अमेरिका घोर साम्राज्यवादी और समाजवाद विरोधी देश है यह किसी से छिपा नहीं है। वह दुनिया के देशों को आपस में लड़ा कर अपनी चौधराहट कायम करने में शातिर और माहिर है। अफगानिस्तान, ईराक, लीबिया और लैटिन अमेरिकी देशों में उसने जो कुछ किया या आज भी जिस तरह षड्यंत्रकारी योजनाओ में लगा हुआ है पूरी दुनियां के सामने है। आज यूक्रेन के जो हालात हैं, अमेरिका उसके लिए कम जिम्मेदार नहीं है पर अमेरिका का आंतरिक लोकतंत्र और वहां का संघात्मक ढांचा इतना मजबूत है कि कट्टरवाद वहां जल्दी पनप नहीं सकता। ऐसी ताकतें वहां भी हैं जो ईसाई कट्टरवाद फैलाने में लगी हैं। अमेरिकी आबादी का एक तिहाई हिस्सा एशियाई या गैर अमेरिकी है। वहां कट्टर ईसाईवाद और नस्लभेदी श्वेतवाद तेजी से सर उठा रहा है ।अमेरिका में आजकल रंगभेद की क्रूरता और हिंसा की घटनाएँ बढ़ रही हैं। ट्रंप की पार्टी रिपब्लिक का एक बड़ा हिस्सा इसी रणनीति पर चल रहा है। अगर कहीं संयोग से अमेरिका ईसाई राष्ट्र बनता है तो यह दुनिया के लिए दुर्भाग्यपूर्ण राजनैतिक घटना होगी और धर्मनिरपेक्षता को गहरी चोट पहुंचेगी ।और दुनिया के तमाम देश अमेरिका की राह पर चल पड़ेंगे जिससे शक्ति संतुलन का रूप बदल जायेगा।

अमेरिका का जन्म ही साम्राज्यवाद से हुआ है। ब्रिटिश नस्ल के लोगों ने वहां पहुँच कर न केवल भूभ्भाग पर आधिपत्य जमाया, बल्कि वहां के स्थानीय लोगों को जो आदिवासी और काले थे, दास बनाया। कुछ समय बाद दास प्रथा और वर्चस्ववादी सत्ता के खिलाफ वहां के मूल निवसियों ने विद्रोह किया। इस गृह युद्ध के बाद ही वहां दास प्रथा का अंत हुआ। आजादी के प्रतीक के रूप में वहाँ स्टेचू ऑफ लिबर्टी का निर्माण करवाया गया। इसके अतिरिक्त वहां नस्लभेद मिटाने के न सिर्फ कानून बने बल्कि जन अभियान भी चलाए गये। अमेरिका की सम्रद्धि और सुविधासम्पन्नता ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया। द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान के हिरोशिमा-नागासाकी पर एटोमिक हमले के बाद अमेरिका आर्थिक और सामरिक विश्व शक्ति बन गया। इसके पहले इटली, जर्मनी, ब्रिटेन और जापान विश्व की आर्थिक सामरिक शक्तियां थीं। जापान के विध्वंस और जर्मनी और इटली के बबार्दी ने सोवियत रूस को अमेरिका के प्रतिद्वंद्वी के रूप में खड़ा किया, जिसने एक लम्बे समय तक अमेरिका को चुनौती दी जिसकी जगह अब चीन ने लेली है। साम्राज्यवादी अमेरिका को समाजवादी ताकतों से हमेशा भय रहा है ।इसलिए जहाँ भी समाजवादी लोकतंत्र की शुरूआत होती है, चाहे वियतनाम हो या नेपाल या नॉर्थ कोरिया, लीबिया, ईराक आदि अमेरिका वहां दखलंदाजी जरुर करता है।रूस और चीन की सामरिक शक्ति से अमेरिका को चुनौती मिली और शीत युद्ध शुरू होगया।

शीत युद्ध एक प्रकार से कूटनीति और रणनीति के कौशल का युद्ध था जिसमें सीधे हथियारों का प्रयोग नहीं होता था बल्कि यह अमेरिका और रूस पीछे से अपने प्यादे और मोहरों को लड़ाते थे। उन्हें हथियार और धन की आपूर्ति करते थे। लगभग दो दशक तक यह स्थिति रही। रूस के बिखराव के बाद अमेरिका अकेली विश्व शक्ति बन गया। बीसवीं सदी खत्म होते होते चीन अमेरिका के लिए चुनौती के रूप में खड़ा हो गया पर अमेरिका आज भी टेक्नोक्रेट और व्यावसायिक लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहाँ लगभग 33.19 करोड़ की आबादी में 05 करोड से ज्यादा प्रवासी नागरिक हैं। अमेरिका सीआईए के जरिये समूची दुनिया के देशों में उथल झ्रपुथल करने का केंद्र बना रहा और गैर अमेरिकी दुनिया के देशों को कैसे अस्थिर रखना है, कहाँ कैसे अनुकूल सरकारें बनवानी और प्रतिकूल सरकारें गिरवानी हैं इन सब षड्यंत्रों का केंद्र अमेरिका रहा है।

चीन की आर्थिक और सामरिक सम्पन्नता के उभार के बाद अमेरिका में एक नये किस्म के राष्ट्रवाद का उभार हुआ जिसमें यह अवधारणा जन्मी कि विदेशी नागरिक हमारा हक छीन रहे हैं। वे नौकरियां औ नागरिकता हासिल कर उनके देश की धन संपदा भी हड़प रहे हैं। इस भावना ने गैर अमेरिकियों के साथ दुर्व्यवहार और हत्याएं तक की घटनाओं को अंजाम दिया जो मानवीय और अन्तर्राष्ट्रीय नजरिये से बेहद अफसोस जनक एवं आपत्तिजनक है और मानवाधिकारों का हनन भी है। जो अमेरिका कभी बाहरी लोगों के लिए रोजगार और व्यवसाय के आकर्षण का केंद्र था आज वह बाहरी लोगो से मुक्ति चाहता है। इसका पहला चरण आप्रवासियों को वापस भगाना है जिसके लिए ग्रेट रिप्लेसमेंट स्ट्रेटजी शुरू की जारही है। किसी न किसी बहाने आप्रवासियों को आने से रोका जा रहा है।जो वहां रह रहे हैं उन्हें कड़े कानून बना कर वापस भेजने के लिए बाध्य किया जा रहा है ।

हाल के सर्वेक्षण में सूचना तकनिकी के क्षेत्र में लाखों की संख्या में रोजगार कम हुए हैं। ट्विटर के मालिक एलन मस्क और फेसबुक के मालिक जुकरबर्ग ने भी छंटनी शुरू कर दी है। दूसरी ओर अमेरिकी लोगों में रंगभेद की कट्टरता बढ़ रही है। बाहरी लोगों के खिलाफ ऑन लाइन नफरत का प्रचार तेजी पकड़ रहा है। आप्रवासियों के खिलाफ मॉस शूटिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। अमेरिका अटॉर्नी जनरल जेम्स ने अपनी रपट में ऑन लाइन कट्टरपंथी विचारधारा के दुष्प्रचार को स्वीकार किया है।

अमेरिका में 2010 में श्वेत आबादी 64 प्रतिशत थी जो अब घट कर 60 प्रतिशत रह गयी है। अमेरिकन को डर है कहीं 2045 तक अमेरिकन अल्पसंख्यक न हो जाएँ। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शासन काल में इस नफरत को ज्यादा हवा दी।

अमेरिका में 45 फीसदी लोग अमेरिका को ईसाई राष्ट्र घोषित करना चाहते हैं । वहां यह भी चल रहा है कि श्वेत श्वेत को ही वोट दे। रिपबलिक पार्टी के कर्ता धर्ता डोनाल्ड ट्रंप तो खुल्लम खुल्ला नफरत का बाजार चला रहे हैं। अफसोस है जी 20 जैसे संगठन भी इस गंभीर समस्या से मुंह मोड़े हुए हैं। अमेरिका बनाम चीन तो चलता रहेगा पर गरीब देश इसके निशाने पर होंगे जो सबसे अधिक चिंता का विषय है।

**( लेखक कवि एवं चिंतक हैं, संपर्क 94155 68836)**

## नाटक



## 'चाणक्य' युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरक प्रस्तुति

अमल मिश्र

चाणक्य जैसे कूटनीति, अर्थनीति और राजनीति के विद्वान शिक्षक और संरक्षक को न सिर्फ याद करना बल्कि उनके व्यक्तित्व के अनेक आयाम और सन्दर्भों को रंगभूमि पर जीवन्त होते देखना सदैव सुखद और प्रेरक रहता है। चाणक्य यानी विष्णुगुप्त जिन्होंने अपने महाज्ञान का सदुपयोग जनकल्याण तथा भारत को अखंड और महाशक्ति बनाने में किया, कौटिल्य कहलाये जिनके द्वारा स्थापित राजनीति और अर्थनीति के सन्दर्भों के अतिरिक्त वह एक शिक्षक की भूमिका में सदैव समादृत रहे और उन्होंने राष्ट्र हित को सदैव सर्वोपरि रखा।

दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य योगेश सिंह, कुलपति की प्रेरणा से आयोजित प्रख्यात रंगकर्मी मनोज जोशी द्वारा निर्देशित और अभिनीत नाटक चाणक्य की एक हजार सात सौ अस्सीवीं नाट्य प्रस्तुति एक महान दृष्टा और राष्ट्र निमार्ता आचार्य की भूमिका को रेखांकित करती हुयी दर्शकों के मन में उतरती जा रही थी। प्रस्तुति का पहला दृश्य इस संवाद के साथ शुरू होता है कि 322 ईसापूर्व में ग्रीस के राजा फिलिप का पुत्र अलेक्जेंडर विश्व विजय की महत्वाकांक्षा लिए भारत की पश्चिमी सीमा पर पहुंचा था। पश्चिमोत्तर प्रदेश गांधार था जिसकी प्रसिद्धि तक्षशिला विश्वविद्यालय के विद्वानों और आचार्यों के कारण उत्कर्ष पर थी। उस प्रदेश के राजा आम्भि ने एलेग्जेंडर के साथ राजनैतिक संधि कर ली थी। एक ओर एलेग्जेंडर भारत में प्रवेश कर रहा था तो दूसरी ओर तक्षशिला विश्वविद्यालय के कुलपति और आचार्य अपने-अपने शिष्यों के साथ गांधार का त्याग कर चुके थे पर आचार्य चणक के पुत्र विष्णुगुप्त चाणक्य के चिन्तन में कोई और आकृति बन रही थी, वह थी अखण्ड भारत की परिकल्पना। अपनी संस्कृति की रक्षा और जाति, सम्प्रदाय व संघों में बंटे समाज को एक सूत्र में बाँधने की परिकल्पना। क्योंकि वह जानते थे कि इस संधि से अलेक्जेंडर का केवल भारत में आने का द्वार ही नहीं खुला है



बल्कि अगला प्रहार हमारी संस्कृति पर होगा।

सिकंदर (अलेक्जेंडर) की दृष्टि और सैन्य क्षमताओं का आकलन कर चुके चाणक्य इस दृश्य में अपने शिष्य से कहते हैं कि वह महान योद्धा है, एक अच्छे राज्य का परिकल्पक। वह अगर भारत में जन्मा होता तो उसे पाकर भारत धन्य हो जाता। परंतु उसकी सोच और कार्य भारत विरोधी हैं। इस पर उनका छात्र पूछता है कि ऐसे व्यक्ति के साथ मित्रता क्यों न की। जाए? इस पर चाणक्य कहते हैं कि महान संत की मित्रता और शत्रु योद्धा की शत्रुता ही पुण्य प्रबल होती है। संत के साथ शत्रुता करने से धर्म संस्कार का अंत होता है और अमित्र योद्धा के साथ मित्रता करने से साहस और बल दोनों ही क्षीण हो जाते हैं। इसके बाद हम देखते हैं कि पुरु नगर के राजा पुरुराज का आगमन होता है। उन्हें चाणक्य अलेक्जेंडर के विषय में आगाह करते हैं तथा उसे रोकने के लिए उनसे मदद माँगते हैं और उनसे अलेक्जेंडर की सैन्य कुशलता और क्षमता के विषय में विस्तार से बताते हैं परंतु कुछ सार्थक हो पाने में देर हो जाती है और पुरु मारे जाते हैं। ईसा पूर्व 320 में पुरु की पराजय और हत्या, एलेग्जेंडर की सेना में विद्रोह और उसकी युद्ध के प्रति अनिच्छा, उसकी ग्रीस वापसी के मार्ग बेबीलोन के पास मृत्यु आदि घटनाओं का सजीव और भावपूर्ण प्रस्तुति दर्शकों को गुदगुदाती, रोमांचित और उत्तेजित करती रही। इस बीच नाटक में एक महत्वपूर्ण मोड़ आता है। एलेग्जेंडर की मृत्यु के पश्चात भी चाणक्य की चिंताएं समाप्त नहीं होती हैं क्योंकि उसके उत्तराधिकारी सेल्यूकस की विस्तारवादी सोच का भी आचार्य चाणक्य को भान था। इसलिए वह भारत की अखंडता और बंटे हुए समाज व साम्राज्य को एकजुट करने भारत भ्रमण पर निकल गए। पुरु से निकलकर पारसेक (कश्मीर), इंद्रप्रस्थ (दिल्ली), मिथिला, काशी, कोशल से होते हुए मगध आ पहुंचे। मगध में नंद वंश के राजा हिरण्यगुप्त गुप्त का साम्राज्य था जो अपने अभिमान और धनलिप्सा के कारण प्रजा में धनानंद के नाम से प्रख्यात था। नाटक के अगले दृश्य में हम देखते हैं कि धनानंद के दरबार में चाणक्य अपने अखंड भारत का सपना लेकर उपस्थित होते हैं तथा उसको सेल्यूकस की सोच के कारण संभावित खतरे के प्रति आगाह करते हुए आगे आने का निवेदन करते हैं पर मद में चूर धनानंद चाणक्य को भरे दरबार में अपमानित कर, उनकी शिखा को पकड़कर दरबार से बाहर धकेल देता है। धनानंद के इस व्यवहार पर क्षुब्ध चाणक्य ने प्रतिज्ञा ली कि वह उसका समूल नाश कर उसके स्थान पर एक योग्य शासक को बैठाएंगे। आगे अभिनीत किया जाता है कि चाणक्य ने कैसे पूरे भारत को एक सूत्र में बांधते हुए धनानन्द का नाश कर चन्द्रगुप्त को मगध का राजा बनाया और अपने अखंड भारत की परिकल्पना को साकार किया।

संगीत और प्रकाश के समुचित प्रबन्धन के साथ पूरे अभिनय में कलाकारों झ्र अशोक बंथिया, चारू जोशी, संजय भाटिया, राजीव भारद्वाज, कविता राणा, सुनील शिंदे, दिनेश कनाडे द्वारा किरदार को जीना, अपने साथ ही दर्शकों को घटना के काल और तल पर ला खड़ा करना चाणक्य नाटक की अविस्मरणीय और असाधारण प्रस्तुति को पुष्ट करता है। यह प्रख्यात अभिनेता व निर्देशक मनोज जोशी जैसे प्रयोगवादी, विद्वान और मंझे हुए कलाकार ही कर सकते हैं जिनके लिए यह एक नाटक नहीं बल्कि चाणक्य के अखण्ड भारत की पुनर्स्थापना उद्देश्य बन चुका हो। आशा है कि इस नाट्य प्रस्तुति से नयी पीढ़ी के हृदय के गहरे तल में राष्ट्र के प्रति प्रेम, समर्पण और प्रतिबद्धता उत्पन्न होगी और यही हमारे राष्ट्र की ताकत और उद्देश्य भी। हमें यह स्मरण रखना होगा कि व्यक्ति से कुटुंब, कुटुंब से समाज, समाज से राज्य और राज्य से राष्ट्र जुड़ा है। यह विचार यदि हम सभी देशवासियों के दिलों में प्रज्वलित कर पाए तो इसकी सार्थकता है।

**(मोतीलाल नेहरु कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय साउथ कैंपस, संपर्क 99568 99939)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, एक गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर शुक्रवार को सायं हाजीपुर पेट्रोल पम्प के पास आटो में पीछे से ट्रैक्टर के टक्कर मारने से आटो पलट गई। जिससे आटो चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तथा एक गंभीर रुप से घायल हो गया।

जिसे स्थानीय चिकित्सक ने ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया। अदलहाट थाना क्षेत्र के गरौड़ी ग्राम निवासी 44 वर्षीय सईद अख्तर पुत्र अजीजुल्ला आटो चालक सवारी लेकर अहरौरा की ओर से अदलहाट आ रहा था। हाजीपुर ग्राम के पास एक यात्री द्वारा रूकने का इशारा करने पर आटो चालक एकाएक बाएं तरफ मोड़ लिया। इसी दौरान पीछे आ रही ट्रैक्टर ने आटो में टक्कर मार दिया। जिससे आटो पलट गई और चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। आटो पर सवार अदलहाट थाना क्षेत्र के मानिकपुर (भुइली) ग्राम निवासी 45 वर्षीय कृष्ण लाल पुत्र सिया राम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आटो को सीधा कराने के बाद घायल को स्थानीय निजी चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सक ने ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

## बिजली करंट की चपेट में आने से दो बच्चे अचेत

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव में बाथरूम में स्नान कर रहे बालक व बालिका इनवर्टर के करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी राधेश्याम करवल की 10 वर्षीय पुत्री महिमा अपने मामा के लड़के 7 वर्षीय आदेश के साथ शुक्रवार को बाथरूम में नहाने गई थी।कि बाथरूम में लगाए गए इनवर्टर के करंट के चपेट में आ गए। जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। काफी देर तक जब दोनो बच्चे बाथरूम से बाहर नहीं निकले, तो परिजन बाथरूम का दरवाजा खटखटाने लगे। परंतु बाथरूम के अंदर से कोई आवाज नहीं आई। जिससे परिजन आनन-फानन में बाथरूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो दोनों बच्चे बेहोशी की हाल में जमीन पर पड़े मिले। जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर बताया है।

## बिजली विभाग की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**चील्ह।** विद्युत विभाग पुरजागिर पावर हाउस द्वारा लगातार सघन विद्युत चेकिंग का अभियान जारी है। एक्शन में अवर अभियंता और एसडीओ काम कर रहे है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तिलठी में विद्युत विभाग की टीम एसडीओ उमेश चंद्र और अवर अभियंता टंकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को बृहद चेकिंग अभियान मय फोर्स के साथ चलाया गया। इस दौरान 15 बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया, जबकि मौके पर 40 हजार की वसूली उपभोक्ताओं से किया गया। 3 लोगों पर 138 बी के तहत एफ आई आर दर्ज कराया गया। इसके अतिरिक्त दो और लोगों पर विद्युत चोरी का मुकदमा धारा 135 के तहत दर्ज किया गया। जो लोग चोरी से विद्युत जला रहे थे, अवर अभियंता टंकेश मिश्रा ने कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा। जैसे यह जानकारी आस-पास के गांव में हुई। ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

# स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार पिता-पुत्र को रौंदा

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरकछ साधन सहकारी समिति के पास स्कॉर्पियो एवं साइकिल सवार पिता-पुत्र में टक्कर होने से पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार को नया गांव निवासी राम सजीवन अपने पुत्र लव कुश को साईकिल पर बैठा कर महुलार कोटे की दुकान पर खाद्यान्न लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही साधन सहकारी समिति बरकछ के सामने पहुंचा की विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो ने धक्का मार दिया। धक्का लगते ही पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस घायल पिता पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

## घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**जिगना।** बिंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा चौकी अंतर्गत विजयपुर पहाड़ी पर गैपुरा लालगंज मार्ग पर गुरुवार की देर शाम पिकप की टक्कर में घायल महुवाडाड़ निवासी झल्लू 40 पुत्र स्व गोवर्धन की बीती रात 11 बजे मंडलीय अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह गैपुरा से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पिकप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे पीएचसी सरोंई में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात उसने दम तोड़ दिया। चौकी प्रभारी रविकांत मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## संक्षेप

### बच्चों की शिक्षा एवं आकस्मिक चिकित्सा से लोग हो रहे वंचित



**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र अन्तर्गत किसान इंटर कॉलेज के सामने राजगढ़ धनसरियां मार्ग से सेमरा बरहो वाया मधुपुर मार्ग पर बने रेलवे अंडर ब्रिज के अंदर पानी भर गया है। लगातार नहर का पानी पुल के अंदर आ रहा है। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है वहीं स्कूली छात्र छात्राओं का आवागमन होता है। लेकिन नहर का पानी भरने से रेलवे अंडरपास तालाब की तरह भरा हुआ है जिसमें छोटी बड़ी गाड़ियों के डूबने का खतरा बना हुआ है तथा बड़ी दुर्घटना का कारण बना हुआ है जिसके चलते पूरा रास्ता अवरुद्ध हो गया है। जबकि रेलवे प्रशासन की ओर से न तो कोई रास्ता रोकने के लिए बोर्ड लगा है और ना ही कोई इसकी जानकारी दे रहा है। किसान का धान लेकर जा रहा पिकअप पिछले 2 घंटों से पानी में फंसा हुआ है। सैकड़ों मोटरसाइकिल चालक पानी में आकर फंस जा रहे हैं। इतना पानी भरा हुआ है कि पैदल भी जाना मुश्किल है। परंतु स्थानीय लोगों के साथ साथ राजनैतिक लोग भी मूकदर्शक बने हुए हैं। ऐसे में दर्जनों गांवों के लोगों ने रेलवे विभाग के अधिकारियों से तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था कर राहगीरों के लिए आम रास्ते को तत्काल चालू कराने की मांग किया है।

### बैकुंठपुर में बीडीओ ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओ को जाना

**अदलहाट।** बैकुंठपुर स्थित शिव मंदिर परिसर के पास विडियो ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्यायों को सुना और उस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। उपस्थित ग्रामीणों ने नये राशनकार्ड में नाम दर्ज करने, वृध्दा पेंशन, आवास, बैकुंठपुर में बिजली केबल, बाजार में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, वर्मा हास्पीटल से सब्जी मंडी तक पक्की नाली निर्माण कार्य, आम जन मानस के लिए सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य,फाटक पार मार्कंडेय साहनी के घर से मल्लु राम के घर तक पक्की नाली का निर्माण कार्य, गरीबों को जमीन का पट्टा, नरायनपुर में फाटक पार रास्ते में पानी भर जाने से आवागमन के सम्बन्ध में विडियो को ज्ञापन दिया। रेलवे अंडरपास में भरे पानी से दर्जनों गांव का आवागमन प्रभावित।

### सरकारी सबमर्सिबल का बिजली कनेक्शन काटने से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा कला गाँव में शुक्रवार को लाव लश्कर के साथ पहुँचा बिजली विभाग ने कटिया चेकिंग अभियान के तहत गाँव मे सार्वजनिक पेयजल स्थल का बिजली कनेक्शन काट दिया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है की मुफ्त कनेक्शन के नाम पर पहले तो लाल कार्ड पर मुफ्त बिजली कनेक्शन का लालच देकर गरीबों का कनेक्शन कर दिया गया। अब बिजली बिल वसूली के नाम पर गाँव के गरीबों का शोषण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की घरों का कनेक्शन काट दिये हम लोग शांत रहे। गाँव में दो से तीन बोर समर्सेबल ऐसे है जहाँ से पुरा गाँव पानी पिता है। बिजली विभाग अपनी मनमानी करते हुए सार्वजनिक पेयजल स्थल का भी कनेक्शन काट दिया । सभी ग्रामीण पानी की किल्लत को देखते हुए विभाग के सामने गिड़गिड़ाते रहे किन्तु विभाग ने एक नही सुना । पेयजल समर्सेबल का केबल काटते ही ग्रामीण उग्र हो गये। ग्रामीणों को इकट्ठा होते देख बिजली विभाग वहाँ से भाग खड़ा हुआ । जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पटेहरा से मिजार्पुर जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया । सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया गया जिसके बाद आवागमन शुरू कराया गया।

### कांग्रेस ने नियुक्त किया दो ब्लॉक अध्यक्ष

**मीरजापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने 3 कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है जिसमें लालगंज ब्लाक का कार्यकारी अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय जमालपुर ब्लाक शशी पटेल, राजगढ़ ब्लाक गोविंद भारती को कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी गई। बधाई देने में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, पूर्व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन दीपचंद जैन, जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे, मीडिया प्रभारी छोटे खान, गुलाब चंद पांडेय, शशि भूषण दुबे, राज धर दुबे, अमिताभ पांडेय, कंचन पांडेय, कैलाश नाथ उपाध्याय, कमलेश दुबे, अशोक धरकार, अनुज दुबे, मोनू पटेल, प्रियंका जैन, जनार्दन पाठक, अर्चना चौबे, द्वारका पाल, राजू भारती सत्येंद्र जायसवाल आदि लोगों ने बधाई दी।

### विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**हलिया।** क्षेत्र के मड़वां धनावल गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ व रामकथा के समापन के बाद शुक्रवार को ग्रामीणों तथा क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नौ दिन तक चले श्रीराम महायज्ञ पूजा व राम कथा से भक्तिमयी वातावरण बना रहा। शुक्रवार को दिनभर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रीराम महायज्ञ व रामकथा के संयोजक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने श्रीराम महायज्ञ व रामकथा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व सहयोग करने के लिए क्षेत्रीय लोगों का आभार जताया। ग्राम प्रधान रमेश सिंह, प्रतीक सिंह, शिव दत्त दूबे, दामोदर सिंह, सत्येन्द्र दूबे, घनश्याम श्रीवास्तव, देवेन्द्र शुक्ल, प्रमोद मिश्र, पुष्पेन्द्र शुक्ल, द्वारा भंडारे में विशेष योगदान दिया।

### युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** कटरा पुलिस द्वारा युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने व घर में घुसकर धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक जनवरी को क्षेत्र की निवासिनी एक महिला द्वारा अपनी बहन की आपत्तिजनक वीडियो वनाकर वायरल करने व घर में घुसकर धमकी देने के सम्बन्ध में नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी इमरान फारूखी को शुक्रवार को हथिया फाटक के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।


### शरद यादव के निधन पर जताया शोक

**जमालपुर।** क्षेत्र के बहुआर गांव स्थिति रबिंद्रालय में गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं ने प्रखर वक्ता एवं सात बार रहे लोक सभा सदस्य शरद यादव के निधन पर समाजवादी पार्टी चुनार द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रविप्रकाश त्रिपाठी, राणा प्रताप सिंह, वीरेन्द्र यादव, जंगबहादुर सिंह, हरिवंश सिंह, विजय सिंह, अशोक सिंह, मोहित यादव, बुल्लू यादव, रमाकांत चौबे, राजेश बियार, अवधेश सहित तमाम लोगों ने दुख व्यक्त किया।

### 15 जनवरी को होगा कम्बल का वितरण

**जमालपुर।** क्षेत्र के गोरखी गांव में नवनिर्मित सचिवालय का लोकार्पण एवं गरीब असहायों को कम्बल वितरण 15 जनवरी दिन रविवार को सदस्य राज्य सभा व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा की दर्शना सिंह करेगी। उक्त आशय की जानकारी ग्राम प्रधान वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने दिया है।

# चोरों ने चटकाया पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के घर का ताला



चोरी के बाद बिखरा सामान

**मीरजापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रमई पट्टी मोहल्ले में गुरुवार की बीती रात में चोरों ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया।

जब मेन गेट का ताला पड़ोसियों ने टूटा देखा तो इसकी जानकारी अध्यक्ष के परिजनों को दी। अध्यक्ष के परिजनों को चोरी के सूचना की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। बताया जाता है कि परिवार के सभी लोग घर से बाहर गए थे। घटना के समय परिवार का कोई भी सदस्य घर में मौजूद नहीं था। पड़ोसियों की मानें तो चोरों ने 10 से 12 लाख रुपए के सामान पर हाथ साफ किया है। जैसे ही घटना की जानकारी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जीडी बिनानी अभिषेक कुशवाहा को हुई तो उन्होंने घटना की जानकारी शहर कोतवाली पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल अरविंद मिश्रा ने मामले की छानबीन कर जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन परिजनों को दिया।

मौके पर पहुंची शहर कोतवाल ने मोहल्ले के ही एक युवक को उठाकर मामले की छानबीन कर रहे हैं। शहर क्षेत्र में आजकल चोरियों की संख्या में इजाफा हुआ है। देर रात तक गश्त करने वाली पुलिस चोरों तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है, यह जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने आयुक्त कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों की सेक्टरवार समीक्षा कर विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति लाते हुये पारदर्शिता बरतने का दिया निर्देश। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा संयुक्त निदेशक कृषि को निर्देशित करते हुये कहा कि किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के दृष्टिगत उन्हें दी जाने वाली बीज संयत्र, उरवरक व अन्य देय सुविधाओं में पूरी पादर्शिता अपनाते हुये मुहैया कराया जाय।

धान खरीद के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि मण्डल के जनपदवार धान का उत्पादन कितना है तथा अब तक खरीद प्रगति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट आगामी 16 जनवरी की बैठक में रखा जाय। उरवर्का की उलब्धतता के बारे में बताया गया कि वर्तमान में यूरिया की मांग अधिक है परन्तु मण्डल के तीनों जनपदों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध हैं। मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशि करते हुये कहा कि सहकारिता विभाग केन्द्रो एवं प्राइवेट दुकानों पर कृषि विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उरवरकों की बिक्री निर्धारित मूल्य पर ही किया जाय।

**लिया हाल**

**किसान केडिट कार्ड को आधार से लिंक कराने का दिया निर्देश**

**उर्वरकों की बिक्री में लायें पारदर्शिता, अधिक दाम पर बेचने की शिकायत पर होगी कार्रवाई : मण्डलायुक्त**

यदि कही पर अधिक मूल्य पर खाद बेचने की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित केन्द्र एवं जिला कृषि अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने क्रेडिट कार्ड बनाये जाने की प्रगति समीक्षा के दौरान कहा कि केडिट कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किया जाय ताकि सही व्यक्ति केडिट कार्ड की सुविधा ले सकें। निशुल्क सोलर सिचाई के सम्बन्ध में बताया गया कि फरवरी माह तक शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करा लिया जायेगा।

फसल बीमा योजना में किसानों के मुआवजे का समय से भुगतान न करने पर सम्बन्धित एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्राचार करें। बैठक में फसली ऋण वितरण, सहकारिता औद्यानिक मिशन के कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। औद्यानिक मिशन के अन्तर्गत जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्राप्त धनराशि के सापेक्ष मण्डल में शत प्रतिशत व्यय करा लिया गया हैं। भूमि संरक्षण कार्यो में भी प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। खाद्य एवं रसद विभाग के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि मण्डल के तीनों जनपदों में रिक्त राशन की दुकानों का नियमानुसार कार्यवाही करते हुये आवंटन सुनिश्चित करा लिया जाय। ऊर्जा विभाग में विद्युत वसूली, विद्युत बिलों को उपभोक्ताओं तक पहुॅचाना, त्रुटिपूर्ण बिलों में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में पंचायती राज विभाग के तहत सामुदायिक शौचायल, पंचायत भवन, श्रम विभाग में श्रमिकों के देय सुविधाओं में प्रगति तथा खादी ग्रामोद्योग विभाग में टूल किट वितरण आदि के प्रगति के बारे में समीक्षा की गयी। दुग्ध विकास के योजनाओं की समीक्षा के दौरान दुग्ध समितियों को क्रियाशील करने तथा पशुपालको से क्रय किये जाने वाले दूध का भुगतान समय से कराने का निर्देश दिया। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र, उपायुक्त श्रम पंकज राणा सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीएम ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने की अपेक्षित प्रगति न आने पर डीएम द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी /नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत को निर्देशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायतों के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर गोल्डन कार्ड बनाये जाने की प्रगति में सुधार लायें।

उन्होने कहा कि गोल्डन कार्ड की प्रगति जनपद की डी श्रेणी में आने पर जनपद की स्थिति खराब हो रही हैं। अतएव जनवरी माह के अन्त तक प्रगति न लाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा। आशाओं के मानदेय भुगतान को समय से कराने का निर्देश दिया गया। जननी सुरक्षा योजना में भी कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना दिये जनपद से बाहर एवं बैठक से अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण की मांग की गयी। आई.सी.डी.एस. की समीक्षा के दौरान निमार्णाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रों के प्रगति की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि जिन केन्द्रो पर छत स्तर तक कार्य पूर्ण हो गया है उसकी फिनिशिंग करते हुये तत्काल हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। सड़क निर्माण एवं चैड़ीकरण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि पॉच नये स्वीकृत सड़कों पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया हैं। डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि सड़को के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाय। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के द्वारा बताया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष चार सड़को को पूर्ण करा लिया गया हैं 18 सड़को पर द्वितीय किश्त प्राप्त हो गयी है जिस पर कार्य प्रगति पर हैं। अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि कुछ सड़को पर वन विभाग एवं एक सड़क पर स्थानीय लोगो का विवाद है जिस पर डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व वन विभाग सम्पर्क स्थापित करते हुये समस्या का निदान कराते हुये कार्य प्रारम्भ किया जाय।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा उप डीएमसदर से वार्ता कर समस्या निदान कराने का निर्देश दिया। फसल बीमा के सम्बन्ध में उप निदेशक कृषि एवं सम्बन्धित बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि को कड़े निर्देश देते हुये कहा गया कि किसानों के फसलों के नुकसान का मुआवजा देते हुये साप्ताहिक रूप से प्रगति से अवगत कराया जाय। बैठक के दौरान डीएम द्वारा जिला गंगा समिति की भी बैठक की गयी। जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा गंगा आरती, गंगा किनारे प्राकृतिक खेती, घाटों का विकास, गंगा किनारे सामाजिक वनीकरण, गंगा के किनारे पार्को का निर्माण सौन्दर्यीकरण आदि कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया गया।

## पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कराने को लेकर दी तहरीर

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के लहंगपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े विभिन्न गांवो में बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी कर रहे 5 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को बिजली विभाग के एसडीओ सुमित यादव के नेतृत्व में लहंगपुर क्षेत्र के पगार, चिंताग, मड़वा नेवादा आदि गांवों में बिजली विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में 12 लोगो का कनेक्शन काटने के साथ 5 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराया गया। विद्युत विभाग के एसडीओ सुमित यादव, अवर अभियंता रामकेश पटेल, सर्वेश दुबे की टीम ने 12 बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काटते हुए 5 लोगों विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। एसडीओ ने कहा जिन विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है। बिना विद्युत बिल जमा किए बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गए तो उनके खिलाफ एफआइआर की कार्रवाई की जायेगी। चेकिंग टीम में एस डी ओ सुमित यादव, जेई रामकेश पटेल, सर्वेश दुबे, लाइनमैन गुड्डू, अक्षैवर, महेंद्र, व राकेश विश्वकर्मा मौजूद रहे ।

# दो आरोपी गिरफ्तार दो अपहृता बरामद

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** मड़िहान पुलिस द्वारा युवती को बहला फुसलाकर भगाने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपहता को बरामद किया। थाना मड़िहान पर 10 जनवरी को थाना मड़िहान क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा आरोपी के विरूद्ध बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी।

जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर धारा 363 ,366,504,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। शुक्रवार को उ.नि. सुरेश यादव व म.आ. अंजली यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहता को बरामद करते हुए नामजद आरोपी कमलेश मुसहर पुत्र सुरजभान निवासी गोपलपुर तनुईया थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं दूसरी ओर थाना राजगढ़, मीरजापुर पर पांच जनवरी को थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर धारा 363,366 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

शुक्रवार को उ.नि. शिवानन्द राय व म.आ. ललिता यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहता को बरामद करते हुए नामजद आरोपी सिन्टू पुत्र खटाई लाल सोनकर निवासी ददरा थाना राजगढ़ को गिरफ्तार करके जेल भेजा दिया।

**सफलता**

**मड़िहान व राजगढ़ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार**

# चैन से सोइये, क्योंकि हम आपकी सेवा में जाग रहे है ?

## जनसंदेश टाइम्स की टीम ने रात्रि में की पड़ताल, चुस्त दिखी पुलिस की व्यवस्था

मुकेश पाडेंय

**मीरजापुर।** जब आपके जिले का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस हो। रात के 12 बज रहे हो और शीतलहर के साथ कोहरे का जबरदस्त प्रकोप हो, तब आप कमरें में रूम हीटर लगाकर रजाई में सो रहे होते है। बॉर्डर पर सुरक्षा करने वाले सेना के जवान की तारीफ सभी करते है, लेकिन आपके अपने शहर में सड़कों पर तैनात रहने वाले जवान जो मुस्तैदी के साथ आपकी सुरक्षा करते है।

उनकी तारीफ कोई नही करता है। जिले में इन दिनों भयंकर ठंड पड़ रही है। रात्रि में तापमान पांच डिग्री तक चला जाता है। पांच डिग्री सेल्सियस तापमान हो जाने के बाद भी पुलिस का जवान मुस्तैदी के साथ आपकी सेवा में तत्पर रहा है। शहर में जनसन्देश टाइम्स की टीम ने रात्रि पड़ताल किया, जहां पर भीषण ठंड में भी पुलिस के जवान गस्त करते हुए नजर आए। कहीं पैदल तो कहीं पर बाइक से, कहीं पर सिटी बजाकर तो कहीं लाइट से पुलिस के जवान जनता की सेवा करते हुए नजर आए।

### 11 बजकर 13 मिनट पर गश्त करती दिखी पुलिस




जनसंदेश टाइम्स की टीम सबसे पहले सुरेखापुरम कालोनी में पहुंची। सुरेखापुरम कालोनी में पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ सिटी बजाकर टार्च के सहारे गलियों में भ्रमण करते हुए नजर आए। पुलिस के जवान से जब बातचीत किया गया तो उन्होंने बताया कि रात्रि के 11 बजे से 5 बजे तक इसी तरह गस्त करके चोरों और उच्चकों पर नजर रखा जाता है, ताकि कोई घटना ना होने पाए।

### 11 बजकर 50 मिनट पर ड्यूटी पर तैनात मिले जवान



कटरा कोतवाली के नटवां तिराहा पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए पुलिस के तीन जवान मुस्तैदी से मौजूद रहे। अलाव के सहारे जवान रात्रि में ठंड के बीच में खड़ा होकर वाहनों के आवागमन सुचारु रूप से बनाये रखा, इसके साथ ही संदेह पर होने पर लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस के जवान ने बताया कि इस पुल से वाहन न जाए, इसके साथ ही जाम की समस्या न हो हम लोगों यहां ड्यूटी देते रहते है।

### 11 बजकर 56 मिनट पर इमामबाड़ा में भ्रमण करते दिखे सिपाही



कटरा क्षेत्र के इमामबाड़ा में रात्रि के 12 बजकर 13 मिनट पर पुलिस के दो जवान हाथ में लाठी लेकर सिटी व टार्च के साथ गस्त करते दिखे। इस दौरान गलियों में जाकर भी गस्त किया, वहीं गली में खड़े लोगों से पूछताछ भी की।

### होमगार्ड नही, इन्हें भी समझिये जवान

पुलिस के जवान के साथ होमगार्ड की भी सराहना की जानी चाहिये, जिन्हें जिस चीज की ड्यूटी मिलती है वो शिद्दत से निभाते है। शायद यही वजह है कि होमगार्ड के जवान रात्रि के 12 बजकर 26 मिनट पर रोडवेज तिराहा पर बिना अलाव के सहारे ड्यूटी करते नजर आए। होमगार्ड के जवान से बातचीत किया गया तो उन्होंने बताया कि हम लोग तिराहे पर ड्यूटी देते है, जहां पर आने जाने वाले लोगों से पुछताछ करते है। कई बार यात्री भी भटक जाते है, जिन्हें रोडवेज रेन बसेरा में रुकने को लेकर सलाह दिया जाता है। परिवार के लोगों की चिंता के सवाल पर कहा कि घर के लोग बड़े चिंतित रहते है, लेकिन यह हमारी ड्यूटी है और इसे करना हमारा फर्ज है। दो दिन से अलाव नही जल रहा है, उसके बावूजद भी हम ड्यूटी कर रहे है।

### 12 बजकर तीन मिनट पर त्रिमोहानी में मिले शहर कोतवाल



शहर के सबसे व्यस्त इलाके में पुलिस के दो जवान अलाव के सहारे ड्यूटी में तैनात रहे। इसी बीच शहर कोतवाली प्रभारी अरविंद मिश्रा भी सायरन बजाते हुए पहुंचे, शहर कोतवाली प्रभारी ने मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि गलियों में भ्रमण करते रहे। आते जाते वक्त कोई संदिग्ध दिखाई दे तो उससे पूछताछ करें। पुलिस की सायरन अपराधियों के कान में जाते ही नौ दो ग्यारह हो जाते है।

## हिंदू युवा वाहिनी ने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

**मीरजापुर।** बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर के नालंदा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में रामचरित मानस पर दिए बयान से आक्रोशित हिन्दु युवा वाहिनी ने फूंका पुतला। श्रीरामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बताने के खिलाफ भड़के हिन्दु युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने मंत्री को बर्खास्त किए जाने की मांग की। शिक्षा मंत्री के बयान से नाराज कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। कहा कि प्रोफेसर चंद्रशेखर को बिहार सरकार मंत्री पद से बर्खास्त किया जाय। बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर सिंह नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करने गए थे। उस वक्त श्री रामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बताने के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने इसे मानसिक विकृति बताया। कहा की प्रोफेसर चंद्रशेखर के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं होती है, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर अभिषेक केसरी बजरंगी, सुनील सिंह, पवन मालवीय, अंशु साहू, विजय गुप्ता, हर्ष रावत, हेमन्त सिंह, शरद कुमार एवं विवेक सिंह राजपूत सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# स्पोर्ट्स

## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब चोटिल, अधिकारियों को भारत दौरे के लिए समय पर फिट होने की उम्मीद

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब के कूल्हे में चोट लग गयी है जिसके कारण अगले महीने होने वाले भारत दौरे के लिये उनका फिट होना मुश्किल लग रहा है लेकिन अधिकारियों को उनके सही समय पर उबरने का भरोसा है। मंगलवार को विक्टोरिया में क्लब क्रिकेट में पुल शॉट लगाने के प्रयास में उन्हें यह चोट लगी जिससे वह मैदान से रिटायर्ड हर्ट होकर गये। इस शॉट के बाद उन्होंने एक और पुल शॉट लगाने का प्रयास किया और तीन गेंद बाद दर्द से कराहने लगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, ह्यह्यस्कैन में पुष्टि हुई है कि उन्हें दायें कूल्हे के उत्तकों को नुकसान पहुंचा है। इसके अनुसार, अधिकारियों को भरोसा है कि हैंड्सकोंब इस महीने भारत दौरे के लिये आस्ट्रेलियाई टीम के साथ रवाना होने के लिये फिट होंगे।



# भारतीयों का जीत से आगाज, स्पेन को 2-0 से हराया

राउरकेला। हॉकी विश्व कप में भारत ने शानदार जीत के साथ शुरूआत की। उसने स्पेन को पहले मैच में 2-0 से हरा दिया। भारत के लिए मैच में अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने गोल किया। भारत का दूसरा मैच में अब 15 जनवरी (रविवार) को मजबूत इंग्लैंड के खिलाफ होगा। इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में वेल्स को 5-0 से हराया था। पूल डी में टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही दूसरा पायदान हासिल कर लिया। इंग्लैंड ने इससे पहले वेल्स को 5-0 से हराया था। वह बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर है। टीम इंडिया के लिए अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने दो बेहतरीन गोल किए। अमित रोहिदास को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने मैच में शुरूआत धीमी की थी। शुरूआती पांच मिनटों तक स्पेन ने टीम इंडिया को काफी छकाया, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा भारत ने मैच में पकड़ बनानी शुरू कर दी। इसका फायदा 11वें मिनट में टीम इंडिया को मिली। भारत को

**हॉकी विश्व कप**

### मेजबानों के लिए अमित हार्दिक ने किए गोल

पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन उस पर गोल नहीं आ सका। अगले ही मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। इस पर अमित रोहिदास ने शानदार गोल कर टीम इंडिया को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने 26वें मिनट में दूसरा गोल किया। हार्दिक सिंह ने चार खिलाड़ियों को छकाते हुए जबरदस्त गोल किया। उनका यह गोल लंबे समय तक याद रखा जाएगा। इस विश्व कप में भारत का यह पहला फील्ड गोल है। हार्दिक स्पेन के सर्कल में गेंद को लेकर आगे बढ़ रहे थे। वह गोलपोस्ट के करीब खड़े ललित उपाध्याय को गेंद देना चाहते थे, लेकिन स्पेन के डिफेंडर से लगकर गेंद गोलपोस्ट में चली गई। हार्दिक ने टीम इंडिया को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने कोई गोल नहीं किया।



## अर्जेंटीना ने दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराया माइको कासेला ने दागा गोल

भुवनेश्वर। अर्जेंटीना ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पहले मुकाबले में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए पूल-ए मुकाबले में माइको कासेला ने तीसरे क्वार्टर में विजेता टीम के लिए गोल किया। इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने तीन अंक अर्जित कर लिये हैं और वह अपने पूल में पहले स्थान पर है। पिछले विश्व कप में सातवें स्थान पर रही अर्जेंटीना ने यहां अपने अभियान की आक्रामक शुरूआत की और शुरूआती मिनटों में ही दक्षिण अफ्रीका के गोल पर हमला किया। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने हालांकि इस प्रयास को नाकाम करके गेंद अपने कब्जे में कर ली। सेंजविजले न्यूबाने इसके बाद गेंद को लेकर अर्जेंटीना के डी में बढ़े लेकिन उसके रक्षण ने गेंद को बाहर धकेल दिया। अर्जेंटीना को मैच के दूसरे क्वार्टर में दो पेनल्टी मिलीं, हालांकि उन्हें बढ़त हासिल करने के लिये तीसरे क्वार्टर का इंतजार करना पड़ा।शुरूआती 30 मिनटों में कोई सफलता न मिलने के बाद भी अर्जेंटीना ने विपक्ष के गोलपोस्ट पर हमला करना जारी रखा। उन्हें इसका फायदा तब मिला जब लूकस टोस्कानी के पास पर कासेला ने दक्षिण अफ्रीकी गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने चौथे क्वार्टर में गोल करने के कई प्रयास किये लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर ने दबाव को सोखते हुए अपनी टीम की एक गोल से जीत सुनिश्चित की।

## सानिया मिर्जा ने की संन्यास की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने संन्यास की घोषणा कर दी है। 16 जनवरी से होने जा रहा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सानिया का आखिरी टूर्नामेंट होगा। सानिया मिर्जा ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट करके इस बात की जानकारी दी। सानिया मिर्जा ने बताया कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद अपने बेटे के साथ अधिक वक्त बिताना चाहेंगी। उन्होंने लिखा, '30 साल पहले हैदराबाद की एक छह साल की लड़की कोर्ट पर पहली बार अपनी मां के साथ गई और कोच ने बताया कि टेनिस कैसे खेलते हैं। मुझे लगा था कि टेनिस सीखने के लिए मैं बहुत छोटी हूं। मेरे सपनों की लड़ाई 6 साल की उम्र में ही शुरू हुई। सानिया आगे बताया कि मेरे माता-पिता और बहन, मेरा परिवार, मेरे कोच, फिजियो समेत पूरी टीम के समर्थन के बिना यह संभव नहीं था, जो अच्छे और बुरे समय में मेरे साथ खड़े रहे।

## हिमाचल रणजी टीम के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से निधन



हिमाचल रणजी टीम के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ शर्मा (27) का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से वीरवार रात को निधन हो गया है। गुजरात के बड़ौदा स्थित एक अस्पताल में युवा क्रिकेटर ने अंतिम सांस ली। शुक्रवार को शव बड़ौदा से एयरलिफ्ट कर चंडीगढ़ लाया गया। यहां से पैतृक गांव ऊना जिले के बसदेहड़ा में शव पहुंचाकर दोपहर बाद 2:00 बजे विभौर साहिब में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है सिद्धार्थ की किडनी और अन्य अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। वहीं, परिजनों का आरोप है कि उन्हें मौत के सही कारणों की जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि हमारा बेटा किसी साजिश का शिकार हुआ है। मैचों में चयन को लेकर भी बेटा तनाव में था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। सिद्धार्थ हिमाचल की रणजी टीम में शामिल थे। अभी चल रही रणजी ट्रॉफी में सिद्धार्थ हिमाचल के लिए खेल रहे थे।

# नैतिकता अधिकारी ने खारिज की बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खिलाफ 'हितों के टकराव' की शिकायत

### कहा कि शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता के दावों का कोई आधार नहीं है



नई दिल्ली। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के नैतिकता अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विनीत सरन ने बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खिलाफ हितों के टकराव का मामला खारिज कर दिया और कहा कि शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता के दावों का कोई आधार नहीं है। संजीव गुप्ता ने अपनी शिकायत में तर्क दिया था कि बिन्नी की पुत्रवधू मयंती लैंगर बिन्नी बतौर एकंर स्टार स्पोर्ट्स के साथ काम कर रही हैं जिसका बीसीसीआई से करार है जिससे यह हितों के टकराव का मामला बनता है। स्टार स्पोर्ट्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय राष्ट्रीय टीम के घरेलू टूर्नामेंटों के साथ आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के सभी टूर्नामेंट का आधिकारिक प्रसारक है। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) की शीर्ष परिषद के पूर्व सदस्य गुप्ता भारतीय क्रिकेट के मशहूर खिलाड़ियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते रहे हैं जिसमें सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण और विराट कोहली भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति सरन ने अपने 11 पन्ने 20 बिंदुओं की रिपोर्ट में गुप्ता की शिकायत को खारिज कर दिया और कड़ी चेतावनी भी जारी की कि वह शिकायत संबंधित दस्तावेज ह्यगैर संबंधित पक्षों के साथ साझा नहीं करें।

गुप्ता की आदत है कि वह अपने सभी दस्तावेज सैकड़ों पत्रकारों, बीसीसीआई के पूर्व और मौजूदा अधिकारियों को ईमेल कर देते हैं। बीसीआई डॉट टीवी पर अपलोड किये गये। इस फैसले में सरन ने कहा, शिकायतकर्ता (गुप्ता) का मामला यह नहीं है कि मयंती लैंगर स्टार स्पोर्ट्स के बिक्री, विपणन, व्यवसाय या प्रबंधन में शामिल है। उन्होंने कहा, वह स्टार स्पोर्ट्स के लिये लाइव प्रसारण और पैनल की मेजबानी कर रही हैं। तथ्य यह है कि बीसीसीआई और आईपीएल के लिए मीडिया अधिकार 5.04.2018 और 27.06.2022 को स्टार स्पोर्ट्स को दिये गये थे और इसमें भी कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि बतौर अध्यक्ष प्रतिवादी (बिन्नी) ने अपनी पुत्रवधू को स्टार स्पोर्ट्स में शामिल करने के लिए मदद की। मयंती लैंगर स्टार स्पोर्ट्स की कर्मचारी भी नहीं है और वह सिर्फ बतौर एंकर अनुबंध पर काम कर रही हैं।

## अश्विन की गेंदबाजी से निपटने के लिए मार्नस लाबुशेन ने अपने खेल में किया बदलाव



**मेलबर्न**। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन अगले महीने भारत के टेस्ट दौरे के दौरान रविचंद्रन अश्विन की गेंदबाजी का सामना करने के लिये बेताब हैं क्योंकि उन्होंने इस शीर्ष स्पिनर से निपटने क लिये अपने खेल में जरूरी बदलाव किये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2004 के बाद से भारत में कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीता है। टीम नागपुर (नौ से 13 फरवरी), नई दिल्ली (17 से 21 फरवरी), धर्मशाला (एक से पांच मार्च) और अहमदाबाद (नौ से 13 मार्च) में चार टेस्ट मैच खेलेगी। लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी में 53.25 के औसत से 426 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे लेकिन अश्विन ने उन्हें दो बार आउट किया था। लाबुशेन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, मैंने अश्विन के बारे में जो कुछ भी सुना है और उसने मुझे जैसी गेंदबाजी की है, उससे अपने खेल में कुछ बदलाव किया है। उन्होंने कहा, मैंने अपने खेल में कुछ बदलाव किया है कि वह किस तरह से गेंदबाजी करेगा। उसके खिलाफ मुकाबला शानदार होगा जिसके लिये मैं और इंतजार नहीं कर सकता। लाबुशेन (28 वर्ष) ने कहा कि उन्होंने भारत दौरे के लिये अपनी तैयारी 2020-21 घरेलू श्रृंखला के बाद ही शुरू कर दी थी। वह इस समय बिग बैश लीग में ब्रिसबेन हीट के लिये खेल रहे हैं।

# सूर्यकुमार यादव का भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं होना हैरानी की बात, श्रीलंका के पूर्व कप्तान दिनेश चांदीमल का बयान





**दुबई**। श्रीलंका के पूर्व कप्तान दिनेश चांदीमल ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय एकदिवसीय एकादश में जगह नहीं मिलने पर आश्चर्य जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इस तरह का आक्रामक बल्लेबाज 30 से 50 रन की पारी से पूरे मैच का रूख मोड़ सकता है। श्रीलंका के लिए 157 एकदिवसीय में लगभग 5000 (4936) रन बनाने वाले चांदीमल ने कहा, यह दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है। मुझे फिर भी लगता है कि सूर्यकुमार यादव एकदिवसीय टीम का हिस्सा हो सकते है। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय में सूर्यकुमार ने शतकीय पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित की। उनकी 51 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी से भारत ने निर्णायक मुकाबले में श्रीलंका को 91 रन के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला को 2-1 से जीता था। संयुक्त अरब अमीरात में खेले जा रहे इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) में डेजर्ट्स वाइपर्स टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे चांदीमल ने कहा , सूर्यकुमार यादव जैसा खिलाड़ी 30 से 50 रन की पारी से प्रतिद्वंद्वी टीम को परेशानी में डाल सकता है। उनकी रन बनाने की गति से काफी फर्क पड़ता है इससे टीम के दूसरे खिलाड़ियों का काम आसान हो जाता है। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को गंवाने के बाद श्रीलंका की टीम तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 0-2 से पीछे है और इसका आखिरी मुकाबला 15 जनवरी को खेला जायेगा। चांदीमल ने उम्मीद जताई कि टीम सकारात्मक क्रिकेट खेलकर दौरे को अच्छे से खत्म करेगी। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ उसकी घरेलू सरजमीं पर खेलना आसान नहीं है। लेकिन मैं चाहूंगा कि हमारे खिलाड़ी सकारात्मक क्रिकेट खेले। सकारात्मक सोच के साथ बल्लेबाजी करें और सकारात्मक सोच के साथ गेंदबाजी करें। चांदीमल ने कहा कि आईएलटी20 की तरह के लीग से उन खिलाड़ियों को भी फायदा होगा जो राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं। पिछले साल फरवरी में अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय और नवंबर में एकदिवसीय खेलने वाले इस पूर्व कप्तान ने कहा, ह्यह्य इस लीग में अच्छा प्रदर्शन कर खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकते है। अपने कौशल को दुनिया को दिखाने का यह अच्छा मंच है। चांदीमल ने इस बात पर हैरानी जताई की उनकी राष्ट्रीय टीम के कप्तान दासुन शनाका के लिए इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी ने बोली नहीं लगायी।

उन्होंने कहा, इस मुझे हैरानी हुई। वह ऐसा खिलाड़ी है जो छोटे प्रारूप में कभी में मैच के रूख को बदल सकता है। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में कोई टीम उसे अपने साथ जोडेगी। शनाका ने भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के शुरूआती एकदिवसीय में नाबाद 108 रन की पारी खेली। उन्होंने इससे पहले टी20 श्रृंखला में भी गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने नाबाद 56 रन की पारी खेलने के बाद चार रन देकर दो विकेट झटके थे जिससे श्रीलंका ने 16 रन से मैच जीता था।

## तीसरे वनडे से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका, कोच राहुल द्रविड़ हुए बीमार!



**नई दिल्ली**। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मैच से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ की तबीयत खराब हो गई है और वह बेंगलुरु रवाना हो गए हैं। बीसीसीआई ने कहा है कि द्रविड़ तीसरे वनडे के लिए कोलकाता से सीधे तिरुवनंतपुरम पहुंचे हैं। मगर अब भी उनके स्वास्थ्य को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राहुल द्रविड़ की तबीयत ठीक नहीं है। द्रविड़ को ब्लड प्रेशर से संबंधित समस्या है, जो दूसरे वनडे मैच के दौरान सामने आई थी। तब क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के डॉक्टर्स ने उनका चेकअप किया था। बीसीसीआई सूत्रों ने बताया है कि चिंता की कोई बात नहीं है। वह शुक्रवार की सुबह कोलकाता से बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए थे। बता दें कि टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। शुरूआती दो मैचों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज कर सीरीज पर 2-0 से कब्जा जमा लिया। अब आखिरी मुकाबला रविवार (15 जनवरी) को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। द्रविड़ उससे पहले यानी शनिवार को ही टीम को तिरुवनंतपुरम में जॉइन कर लेंगे।

# सुदर्शन पटनायक ने चावल की भूसी से बनाई विश्व कप हॉकी ट्रॉफी की मोजेक कलाकृति

### सोनपुर के इंडोर स्टेडियम में उनके संस्थान के 10 छात्रों की मदद से चावल की भूसी की मोजेक कला 4682 वर्ग फुट के क्षेत्र में बनाई गई




भुवनेश्वर। प्रसिद्ध रेत कलाकार एवं पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित सुदर्शन पटनायक ने पहली बार पश्चिमी ओडिशा के सोनपुर में विश्व कप हॉकी की थीम पर 'चक दे इंडिया' संदेश के साथ चावल की भूसी से मोजेक कलाकृति बनाई। सुवर्णपुर जिला प्रशासन के निमंत्रण पर सोनपुर महोत्सव में पहुंचे सुदर्शन ने टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने के लिए विश्व कप हॉकी ट्रॉफी की चावल की भूसी से मोजेक कलाकृति तैयार की है। भारत शुक्रवार की शाम को राउरकेला में स्पेन के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस बहुप्रतिक्षित मैच के लिए ओडिशा के सभी जिले टीम इंडिया को अपनी शुभकामनाएं भेज रहे हैं। सैंड आर्टिस्ट (रेत कलाकार) सुदर्शन ने दुनिया को यह संदेश भी दिया कि कला किसी भी चीज से बनाई जा सकती है, जैसा कि सोनपुर में चावल की भूसी से किया गया है। सोनपुर के इंडोर स्टेडियम में उनके संस्थान के 10 छात्रों की मदद से चावल की भूसी की मोजेक कला 4682 वर्ग फुट के क्षेत्र में बनाई गई। इस कलाकृति को बनाने में लगभग 100 बोरी चावल की भूसी का उपयोग किया गया। छह घंटे में बनाई गई मोजेक कला को 14 जनवरी से सोनपुर महोत्सव में प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी के समापन के बाद, सभी चावल की भूसी को उनके पुनः उपयोग के लिए मालिक को वापस कर दिया जाएगा। सुदर्शन के लिए यह एक जबरदस्त अनुभव था क्योंकि उनके साथ कई स्कूली छात्र भी थे। सुदर्शन को छात्रों के साथ बातचीत करने और उन्हें कला के बारे में सिखाने का अवसर भी मिला।

## भारत की अंडर-19 महिला टीम में बेहतरीन प्रदर्शन करने की काबिलियत : सचिन तेंदुलकर



**दुबई**। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय महिला अंडर-19 टीम शुरूआती आईसीसी अंडर-19 टी20 विश्व कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों से एक हो सकती है। सीनियर खिलाड़ी शेफाली वर्मा और ऋचा घोष 15 सदस्यीय भारतीय महिला टीम का हिस्सा हैं जो शनिवार से दक्षिण अफ्रीका में शुरू हो रही इस आईसीसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। तेंदुलकर ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के लिये लिखे एक कॉलम में लिखा, मैं कहूंगा कि भारत की महिला टीम में इस बार बेहतरीन टीम में से एक होने की काबिलियत है। उन्होंने कहा, टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में कुछ अनुभवी खिलाड़ियों और कुछ युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें 41 मैच खेले जायेंगे। तेंदुलकर को लगता है कि आईसीसी के टूर्नामेंट का महिला क्रिकेट के परिदृश्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने लिखा, अंडर-19 महिला टूर्नामेंट पहली बार हो रहा है जिससे काफी उम्मीदें हैं। मुझे लगता है कि यह परिदृश्य बदल सकता है क्योंकि एक वैश्विक मंच से युवा महिला क्रिकेटरों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा और उन्हें अनुभव हासिल होगा। तेंदुलकर ने लिखा, महिला क्रिकेट ने हालांकि काफी प्रगति कर ली है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में अभी भी विकास किया जाना बाकी है। इस समय दुनिया भर में और अधिक मजबूत जमीनीं प्रणाली की जरूरत है। हम जितना 'बेस' बढ़ायेंगे, उतनी ही ज्यादा प्रतिभा खोज पायेंगे।

# 'नफरत की राजनीति' ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी: राहुल गांधी

**राहुल गांधी तंज कसते हुए कहा कि कुछ विभाजनकारी ताकतें हमारी विविधता को हमारे खिलाफ इस्तेमाल कर रहा, एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से, एक भाषा को दूसरी भाषा से और एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि कुछ विभाजनकारी ताकतें देश की विविधता को देशवासियों के खिलाफ ही इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन नफरत की राजनीति ज्यादा दिनों तक नहीं चलने वाली है। उन्होंने यह टिप्पणी उस पत्र में की है, जो कांग्रेस अपने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी के संदेश के तौर पर लोगों के बीच वितरित करेगी। कांग्रेस अपनी भारत जोड़ो यात्रा के आगे के कार्यक्रम के रूप में यह अभियान 26 जनवरी को शुरू करने वाली है, जो दो महीने तक चलेगा।

जनता के नाम संदेश वाले इस पत्र में राहुल गांधी ने दावा किया, आज हमारी विविधता खतरे में है। कुछ विभाजनकारी ताकतें हमारी विविधता को हमारे ही खिलाफ इस्तेमाल कर रही हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से, एक भाषा को दूसरी भाषा से और एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ये विभाजनकारी ताकतें जानती हैं कि वो लोगों के दिल में असुरक्षा और डर पैदा करके ही समाज में नफरत का बीज बो सकती हैं। लेकिन इस यात्रा के बाद मुझे विश्वास हो गया है कि नफरत की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और वो ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकती।

राहुल गांधी ने आर्थिक संकट, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए पत्र में कहा, मैं संसद से लेकर सड़क तक हर दिन इन बुराइयों के खिलाफ लड़ूंगा। उनका कहना है, मैं ऐसा भारत बनाने को दृढ़संकल्पित हूं, जहां हर एक भारतीय के पास सामाजिक खुशहाली के साथ आर्थिक समृद्धि के लिए समान अवसर हो, युवाओं को रोजगार मिले, किसानों को उनकी फसल का सही दाम मिले, छोटे और मझोले उद्योगों को प्रोत्साहन मिले, डीजल-पेट्रोल सस्ता हो, रुपया डॉलर के सामने मजबूत हो और गैस सिलिंडर की कीमत 500 रुपये से अधिक न हो। राहुल गांधी ने कहा, आज हर भारतीय ये महसूस कर रहा है कि आपसी नफरत और झगड़े हमारे देश के विकास में बाधक हैं। मुझे इस बात का पूरा विश्वास है कि हम सब समाज में बुराई पैदा करने वाले जाति, धर्म, क्षेत्र, और भाषा के मतभेदों से ऊपर उठेंगे। हमारी महानता 'विविधता में एकता की हमारी पहचान है। मेरा आप सभी को यही संदेश है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, डरो मत! अपने दिल से डर को निकाल दो, नफरत अपने आप हमारे समाज से खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, इस यात्रा ने मुझे आप सब के हक में लड़ने के लिए एक नई ताकत दी है। ये यात्रा मेरे लिए एक तपस्या थी। इस यात्रा ने मुझे सिखाया है कि हक की लड़ाई में कमजोरों की ढाल बनना है, जिनकी आवाज दवाई जा रही है, उनकी आवाज उठाना है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के संदर्भ में संवाददाताओं से कहा, यह अभियान भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार है। इस अभियान के तहत हम यात्रा का संदेश राजनीतिक भाषा में बताएंगे। कांग्रेस कार्यकर्ता देश के हर परिवार को राहुल गांधी जी का एक खत और मोदी सरकार की विफलताओं का आरोपपत्र भी जनता को सौंपेंगे। उन्होंने कहा, हम देश के करीब ढाई लाख पंचायतों, करीब छह लाख गांवों और 10 लाख से अधिक मतदान केंद्रों तक पहुंचेंगे।

## पान सिंह तोमर के पटकथा लेखक संजय चौहान का निधन, फिल्म निमार्ता अविनाश दास ने दी जानकारी

**मुंबई।** पान सिंह तोमर और साहिब बीवी और गैंगस्टर जैसी फिल्मों के पटकथा लेखक संजय चौहान का निधन हो गया। उनके दोस्त और फिल्म निमार्ता अविनाश दास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दास ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि लीवर सिरोसिस से पीड़ित 61 वर्षीय पटकथा लेखक का बृहस्पतिवार रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दास ने बताया, कल रात 11.30 बजे अस्पताल में उनका निधन हो गया। उन्हें पिछले महीने अस्पताल में भर्ती कराया गया था और लीवर सिरोसिस के कारण वेंटीलेटर पर थे। चौहान के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटी हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। चौहान ने 1990 के दशक में सोनी टीवी के क्राइम ड्रामा शो भंवर के साथ एक लेखक के रूप में अपना करियर शुरू किया था। वह पहले नई दिल्ली में एक पत्रकार थे। इसके बाद उन्होंने सुधीर मिश्रा की हिट फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी के लिए संवाद लिखे, जो 2003 में रिलीज हुई थी।

## 200 करोड़ की ठगी के मामले में बयान दर्ज कराने कोर्ट पहुंचीं नोरा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही 200 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में आज यानी 13 जनवरी को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट पहुंची थीं। कोर्ट में उन्होंने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में अपना बयान दर्ज करवाया। दरअसल, कोर्ट में अभिनेत्री से पूछताछ की है कि वह महाठग सुकेश चंद्रशेखर के संपर्क में कैसे आईं और उन्होंने सुकेश से कई महंगे तोहफे भी लिए थे? रिपोट्र्स के मुताबिक, नोरा फतेही ने खुद ही दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच से संपर्क किया था और अपना बयान दर्ज कराने की बात कही थी। वहीं, इस मामले में नोरा फतेही के वकील विक्रम सिंह चौहान की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। अभिनेत्री के वकील ने कहा कि आज मेरी मुवक्किल यानी नोरा फतेही कोर्ट में पेश हुईं और उन्होंने जांच में मदद के लिए मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दिया। उनका आचरण हमेशा ही आज्ञाकारी रहा है, क्योंकि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के साथ-साथ इस देश के कानूनों में अत्यधिक विश्वास है। इसके साथ ही अभिनेत्री के वकील विक्रम सिंह चौहान ने कहा कि नोरा फतेही अपने इस आचरण के माध्यम से बार-बार यह साबित कर रही हैं कि अपनी व्यवसायिक जिम्मेदारियों के बावजूद वह इस बात का ध्यान रखती हैं कि जब भी जरूरत होती है तो वह जांच में एजेंसियों की मदद करती हैं।

## खास खबर

### लोहड़ी पर्व पर उट मान का तोहफा, 6000 से अधिक अनियमित कर्मचारी होंगे नियमित

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने लोहड़ी पर्व पर कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, मैं लोहड़ी के मौके पर एक और खुशखबरी साझा करने जा रहा हूं। हमारी सरकार लगातार लोकहितैषी फैसले ले रही है और इसी कड़ी में छह हजार से अधिक अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का रास्ता साफ हो गया है। सभी को लोहड़ी की मुबारकबाद।

### दिल्ली-पुणे विमान में बम होने की गलत सूचना दी गई

नई दिल्ली। एयरलाइन स्पाइसजेट ने बताया कि बृहस्पतिवार को उसकी दिल्ली-पुणे उड़ान में बम होने की सूचना मिली थी, जो बाद में अफवाह साबित हुई। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि स्पाइसजेट रिजर्वेशन कार्यालय को बृहस्पतिवार को विमान एसजी 8938 (दिल्ली-पुणे) में बम की सूचना देने के लिए एक फोन आया। उस समय विमान में यात्रियों ने चढ़ना शुरू नहीं किया था। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद विमान को एक पृथक क्षेत्र में ले जाया गया और सुरक्षा अधिकारियों ने उसकी अच्छे से तलाशी ली।

### जबरन धर्मांतरण मामले में मौलवी को राहत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी एक मौलवी को शुक्रवार को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की पीठ ने आरोपी वरवाया अब्दुल वहाब महमूद को 16 जनवरी से 28 जनवरी तक रोजाना सुबह 11 बजे संबंधित जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, आरोप और प्रत्यारोप पर जाने से पहले, याचिकाकर्ता को पूछताछ और जांच के लिए 16 जनवरी से 28 जनवरी के बीच सुबह 11 बजे जांच एजेंसी/अधिकारी के सामने पेश होने दें।

## नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई को मिली लालू के खिलाफ मुकदमे की अनुमति

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। जमीन के बदले नौकरी से जुड़े मामले में लालू के खिलाफ सीबीआई को गृह मंत्रालय से मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। सीबीआई ने पिछले साल अक्टूबर में अपने आरोप पत्र में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी, बेटी, मध्य रेलवे के तत्कालीन जीएम, तत्कालीन मुख्य कार्मिक अधिकारी (सीपीओ), निजी व्यक्तियों और मामले में कुछ उम्मीदवारों सहित 16 आरोपियों को नामजद किया था। सीबीआई ने कहा था कि जांच के दौरान यह पाया गया है कि आरोपियों ने मध्य रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक और केंद्रीय रेलवे के सीपीओ के साथ साजिश रचकर जमीन के बदले में अपने या अपने करीबी रिश्तेदारों के नाम पर लोगों को नियुक्त किया था। यह भूमि प्रचलित सर्ल रेट से कम और बाजार दर से काफी कम कीमत पर अधिग्रहित की गई थी।

सीबीआई ने चार्जशीट में आरोप लगाया है, उम्मीदवारों ने गलत टीसी का इस्तेमाल किया है और रेल मंत्रालय को झूठे प्रमाणित दस्तावेज जमा किए हैं। सीबीआई को जांच के दौरान पता चला है कि लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और बेटी हेमा यादव को नौकरी चाहने वालों द्वारा नौकरी घोटाले के लिए भूमि के संबंध में जमीन उपहार में दी गई थी, जिन्हें बाद में रेलवे में भर्ती की गई थी। रेलवे कर्मचारी हरिदयानंद चौधरी और लालू प्रसाद के तत्कालीन ओएसडी भोला यादव को पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। भोला 2004 से 2009 के बीच लालू के ओएसडी थे। अधिकारी ने कहा कि 2004 से 2009 की अवधि के दौरान, लालू प्रसाद ने उम्मीदवारों से रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप डी के पदों पर नौकरी के बदले अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन ली थी और आर्थिक लाभ प्राप्त किया था।पटना के रहने वाले कई लोगों ने खुद या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से प्रसाद के परिवार के सदस्यों और उनके परिवार द्वारा नियंत्रित एक निजी कंपनी के पक्ष में पटना स्थित अपनी जमीन बेची थी, वे ऐसी अचल संपत्तियों के हस्तांतरण में भी शामिल थे।

## असंवैधानिक आदेश जारी कर रहे हैं एलजी, सरकारी कामकाज में भी दखल ज्यादा- सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में जारी अधिकारों की लड़ाई के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की। जिसके बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम केजरीवाल ने जोर देकर कहा है कि एलजी दिल्ली की सरकार को काम करने से रोक रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल के साथ बैठक के बाद कहा कि हस्तांतरित विषयों पर 2018 के उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला दिया, जिसके अनुसार उपराज्यपाल के विभिन्न आदेश अवैध हैं। सीएम केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने एलजी के सामने सुप्रीम कोर्ट का आदेश रखा, हाई कोर्ट का ऑर्डर रखा, जोर देकर कहा कि वे दिल्ली सरकार के काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं।

लेकिन केजरीवाल के मुताबिक एलजी सिर्फ ये कहते रहे कि वे सुप्रीम हैं, उनके पास पूरी ताकत है। यहां तक दावा हुआ कि एलजी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को सिर्फ एक राय बताया और कहा कि वे कार्डीनेटर हैं और संविधान के मुताबिक एक कार्डीनेटर के पास पूरी ताकत रहती है।

## नाबालिग मुस्लिम लड़की को शादी की अनुमति देने के हाईकोर्ट के फैसले को मिसाल के तौर पर न लें: एससी

**हाईकोर्ट ने कहा था कि प्यूबर्टी प्राप्त कर चुकी 15 साल की मुस्लिम लड़की पर्सनल लॉ के तहत शादी कर सकती है**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जावेद बनाम हरियाणा राज्य और अन्य मामले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को मिसाल के तौर पर न लें। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि प्यूबर्टी प्राप्त कर चुकी 15 साल की मुस्लिम लड़की पर्सनल लॉ के तहत शादी कर सकती है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा दायर एक विशेष अनुमति याचिका में नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। हाईकोर्ट के फैसले को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि यह यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के खिलाफ है जो यौन सहमति के लिए 18 वर्ष की आयु निर्धारित करता है। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनसीपीसीआर की ओर से पेश होकर, पास्को के तहत अपराधों के बचाव के लिए पर्सनल लॉ का उपयोग करने के बारे में चिंता व्यक्त की। सॉलिसिटर ने कहा, 14,15,16 साल की लड़कियों की शादी हो रही है। क्या पर्सनल लॉ इसका बचाव कर सकता है? क्या आप आपराधिक अपराध के लिए कस्टम या पर्सनल लॉ की पैरवी कर सकते हैं?

केंद्र के कानून अधिकारी ने कहा, हम इस सवाल पर हैं कि क्या विवाह मौजूदा आपराधिक कानून और पास्को अधिनियम के सामने वैध होगा। सीजेआई चंद्रचूड़ इस मामले में नोटिस जारी करने और उच्च न्यायालय के अन्य निर्णयों के खिलाफ एनसीपीसीआर द्वारा दायर पहले की इसी तरह की याचिकाओं के साथ इसे टैग करने पर सहमत हुए, जिन्होंने समान विचार रखे हैं। एसजी ने बेंच से फिलहाल हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध किया। हालांकि, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि निर्णय पर रोक लगा दी जाती है, तो लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके माता-पिता के पास वापस भेजा जा सकता है। उसके माता-पिता चाहते थे कि वह अपने मामा से शादी करे।

आगे कहा, हम कानून के सवाल पर फैसला करने के लिए नोटिस जारी करेंगे और कहेंगे कि फैसले को मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि एसजी द्वारा इंगित किए जाने के बाद कि कई मामलों में उच्च न्यायालयों द्वारा ऐसे कई आदेश पारित किए जा रहे हैं। बेंच ने कानून के सवाल को निपटाने के लिए एनसीपीसीआर की याचिका में नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा, आगे के आदेश लंबित होने पर, विवादित फैसले को मिसाल के तौर पर नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने देखा कि सीनियर एडवोकेट राजशेखर राव को एनसीपीसीआर द्वारा इसी मुद्दे (एनसीपीसीआर बनाम गुलाम दीन) पर दायर पिछली याचिका में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था, पीठ ने उन्हें तत्काल मामले में भी सहायता देने के लिए कहा।

## शंकर मिश्रा का अदालत में यू-टर्न, शिकायतकर्ता पर पेशाब नहीं किया

**बचाव पक्ष के वकील ने मिश्रा की ओर से कहा, मैं आरोपी नहीं हूं**



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के विमान में एक बुजुर्ग महिला सहयात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा ने अचानक यू-टर्न लेते हुए शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत से कहा कि उसने आपत्तिजनक कृत्य नहीं किया। पिछले साल 26 नवंबर को एअर इंडिया की न्यूयॉर्क-नई दिल्ली उड़ान में हुई कथित घटना को लेकर कुछ सहयात्रियों द्वारा आरोपी की निंदा किए जाने और घटना होने के संबंध में पीड़ित महिला के साथ आरोपी के व्हाट्सऐप संदेशों के बावजूद पहली बार उसके वकील ने दावा किया कि घटना हुई ही नहीं थी। बचाव पक्ष के वकील ने मिश्रा की ओर से कहा, मैं आरोपी नहीं हूं। कोई और होना चाहिए। उसने (महिला) खुद पेशाब किया। वह प्रोस्टेट से जुड़ी किसी बीमारी से पीड़ित थी। ये वो नहीं था। बैठने की व्यवस्था ऐसी थी कि कोई उसकी (महिला) सीट तक नहीं जा सकता था। वकील ने कहा, उसकी (महिला) सीट पर केवल पीछे से ही जाया जा सकता था, और किसी भी हालत में पेशाब सीट के सामने वाले हिस्से तक नहीं पहुँच सकता था। साथ ही शिकायतकर्ता के पीछे बैठे यात्री ने भी ऐसी कोई शिकायत नहीं की। न्यायाधीश आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने से जुड़ी दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।

## बर्फबारी के चलते श्रीनगर हवाई अड्डे पर कई उड़ानें रद कश्मीर से आने-जाने वाले यात्रियों को हो रही परेशानी

**मेहर इलाके में भूस्खलन और सड़क पर फिसलन की स्थिति के कारण राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया**



**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शुक्रवार को बर्फबारी के कारण कई उड़ानें रद्द की गईं, जिसके कारण कश्मीर से आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हुई। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। ताजा हिमपात सुबह शुरू हुआ और खबर लिखे जाने तक जारी रहा। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में जहां मध्यम से भारी बर्फबारी हुई, वहीं मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक कुलदीप सिंह ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, लगातार हो रही बर्फबारी और कम दृश्यता के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर अगले आदेश तक उड़ान परिचालन निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुबह उड़ानें संचालित हुईं, लेकिन कम दृश्यता और बर्फबारी के कारण सुबह 10 बजे के बाद इन्हें निलंबित करना पड़ा। सिंह ने कहा कि खराब मौसम के कारण एअर इंडिया, एयर एशिया, इंडिगो, स्पाइस जेट और विस्तारा सहित अधिकांश एयरलाइन ने शुक्रवार की अपनी सभी शेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण, घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली एक मात्र बारहमासी सड़क - श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग - को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेहर इलाके में भूस्खलन और सड़क पर फिसलन की स्थिति के कारण राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सड़कों को साफ करने का काम जारी है लेकिन लगातार हो रही बर्फबारी और बारिश के कारण मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

## मोदी कल सिकंदराबाद-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी


**यह ट्रेन भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की जाने वाली आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस होगी**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सिकंदराबाद और विशाखापट्टनम के बीच प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की जाने वाली आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सिकंदराबाद को विशाखापत्तनम से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन लगभग 700 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए दो तेलुगु भाषी राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को जोड़ने वाली पहली ट्रेन होगी। यह आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम, राजमुंदरी और विजयवाड़ा स्टेशनों और तेलंगाना के खम्मम, वारंगल और सिकंदराबाद स्टेशनों पर रुकेगी। स्वदेशी रूप से डिजाइन यह ट्रेन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है और उपयोगकताओं को तेज, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करेगी। ज्ञात हो कि पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद-वाराणसी मार्ग पर हरी झंडी दिखाई गई थी। पिछले साल दिसंबर महीने में प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी तक चलने वाली नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।

## यूपी के इन जिलों में बारिश का अलर्ट, लखनऊ से नोएडा तक धुंध

**शुक्रवार की सुबह अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों को कम ठंड का अहसास हुआ**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। पश्चिमी यूपी में जहां गुरुवार को बारिश हुई तो वहीं अब इसका असर आज पूर्वांचल तक देखने को मिल रहा है। शुक्रवार की सुबह अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों को कम ठंड का अहसास हुआ। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से राजधानी लखनऊ में हवा चलती दिख रही है। हवा के प्रभाव ने विजिबिलिटी बढ़ाई है। सुबह 8:00 बजे राजधानी में विजिबिलिटी 500 मीटर देखी गई। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर आज भी बारिश की संभावना जताई जा रही है। बादल के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद एक बार फिर से लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास होगा।

शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में भारी मौसम के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि देखी गई। गुरुवार को राजधानी का तापमान पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण बढ़ा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 18.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सुबह से आसमान में बादल जैसी स्थिति और 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हवाओं के कारण लोगों को धुंध और कोहरे का कम असर दिखा। हालांकि, विजिबिलिट घटी हुई दिखी। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

### *16 जनवरी से फिर शुरू होगी शीतलहर*

आंचलिक विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक दानिश के अनुसार, शुक्रवार को धूप निकलने से तापमान बढ़ेगा और सर्दी से राहत मिलेगी। कुछ जगहों पर बादलों की आवाजाही रहेगी और पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में बारिश के आसार हैं। हालांकि शनिवार से एक बार फिर तापमान में दो से चार डिग्री तक कि गिरावट दर्ज हो सकती है। 16 जनवरी से प्रदेश भर में शीतलहर की आशंका भी है। रुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

## महाराष्ट्र : साईं बाबा के भक्तों को ले जा रही बस की ट्रक से टक्कर, 10 लोगों की मौत, कई अन्य घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नासिक-शिरडी राजमार्ग पर पथारे के पास साईं बाबा के भक्तों को ले जा रही बस के ट्रक से टकरा जाने से 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। महाराष्ट्र के नाशिक जिले के सिन्नर शिरडी रोड पर पठारे के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है।

बताया जा रहा है कि एक प्राइवेट लग्जरी बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। ये बस हादसा ईशानेश्वर मंदिर के पास हुआ है। पुंलिस के मुताबिक हादसे में अब तक 10 लोगों के मरने की जानकारी है।


नाशिक के मुताबिक कुल 10 लोगो की मौत हुई है, जिसमे 6 महिलाएं, 2 पुरुष और 2 बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि जबकि 15 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को सिन्नार के ग्रामीण अस्पताल और यशवंत अस्पताल ले जाया गया।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी से 2022 राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) के पदक विजेताओं को सम्मानित किया और कहा कि यह अपने खिलाड़ियों पर गर्व करने का दिन है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के मामले में शहर में काफी सुधार हुआ है।



**सेंसेक्स**
सेंसेक्स 303 अंक चढ़कर 60,261 के स्तर पर बंद हुआ



**सोना**
365 रुपए महंगा होकर 56 हजार 462 रुपए पर पहुंच गया

# लगातार 3 दिन की गिरावट के बाद संभला बाजार:सेंसेक्स 303 अंक चढ़कर 60,261 पर बंद, निफ्टी भी 98 अंक चढ़ा

## सेंसेक्स 303 अंक चढ़कर 60,261 के स्तर पर बंद हुआ




**नई दिल्ली।** तीन दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार (13 जनवरी) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 303 अंक चढ़कर 60,261 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी 98 अंक उछलकर 17,956 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में बढ़त रही। वहीं सिर्फ 10 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। वहीं सोना अपने ऑल टाइम हाई तक पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 13 जनवरी को सराफा बाजार में सोना 365 रुपए महंगा होकर 56 हजार 462 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसी महीने 9 जनवरी को सोना सबसे महंगा हुआ था। तब 10 ग्राम के दाम 56 हजार 336 रुपए हुए थे। आईटी कंपनी विप्रो लिमिटेड ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इसके अनुसार अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 2695 करोड़ रुपए से बढ़कर 3050 करोड़ रुपए रहा। तिमाही आधार पर कंसोलिडेटेड इनकम 22540 करोड़ रुपए बढ़कर 23230 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने 1 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान किया।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, ग्लोबल मार्केट में मिलजुल रुख के बीच इन्फोसिस तथा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में खरीदारी और इन्फ्लेशन में कमी के आंकड़े के कारण बाजार में तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित इरए रील्लरी७ शुरूआती कारोबार में मजबूती लेकर 60,044.96 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 60,418.26 के उच्चतम और 59,628.43 के न्यूनतम स्तर तक जाने के बाद 303.15 अंक या 0.51 फीसदी की बढ़त के साथ 60,261.18 पर बंद हुआ।

### शुक्रवार को कीमतों में तेजी से सोना चमका



**मुंबई।** शुक्रवार को 24 कैरेट सोने की कीमत 56,290 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचने के साथ और बढ़ गई। क्वांटम एएमसी के फंड मैनेजर-वैकल्पिक निवेश गजल जैन के अनुसार, नवंबर 2022 से अमेरिकी सीपीआई संख्या में कमी और कम आक्रामक फेडरल रिजर्व की प्रत्याशा के बीच सोने की कीमतों में तेजी का रुख है। जैन ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के साथ-साथ अमेरिकी प्रतिफल भी ठंडा होना शुरू हो गया है, जिससे सोने को समर्थन मिल रहा है। कीमतों पर प्रभाव डालने वाले अन्य गौण कारकों में वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की मजबूत खरीदारी और चीनी बाजारों के खुलने को देखते हुए सोने की मांग पर संभावित सकारात्मक प्रभाव रहा है। जैन ने आगे कहा, जबकि हम वर्तमान में सभी उच्च कीमतों पर हैं, अगले कुछ महीनों में फेड द्वारा दरों में बढ़ोतरी से सोने की कीमतों में अस्थिरता बढ़ेगी।

## एयर इंडिया ने गणतंत्र दिवस सप्ताह के दौरान उड़ानों की कैंसिलेशन, रिशेड्यूलिंग की घोषणा की



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे द्वारा जारी नोटिस टू एयरमेन (एनओटीएएम) के अनुसार कुछ मार्गों पर घरेलू उड़ानें रद्द करने की घोषणा की।भारतीय वायु सेना द्वारा गणतंत्र दिवस की तैयारियों को देखते हुए, 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक हर दिन लगभग तीन घंटे के लिए हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित किया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए, एयर इंडिया ने व्यवधानों को कम करते हुए उड़ानों को रद्द करने के साथ-साथ पुनर्निर्धारित करने के लिए उचित उपाय किए हैं। 2023 के लिए नोटम 19-24 जनवरी और 26 जनवरी को रात 10.30 बजे से 12.45 बजे तक जारी किया गया है। नोटम, का पालन करने के लिए, एयर इंडिया उपरोक्त वर्णित समय सीमा के दौरान सात दिनों की अवधि में दिल्ली से और दिल्ली से चलने वाली सभी उड़ानों को रद्द कर देगी। यह अन्य मार्गों पर व्यवधान पैदा किए बिना किया गया है। निर्धारित समय सीमा से पहले या बाद में चलने वाली उड़ानें हमेशा की तरह चलती रहेंगी। जहां तक अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों का संबंध है, एयर इंडिया या तो एक घंटे की देरी या आगे बढ़ने के साथ इसे फिर से व्यवस्थित करेगी। इसके कारण, एलएचआर (लंदन), आईएडी (डलेस), ईडब्ल्यूआर (नेवार्क), केटीएम (काठमांडू) और बीकेके (बैंकॉक) जैसे पांच स्टेशनों से अल्ट्रा-लॉन्ग हॉल, लॉन्ग-हॉल और शॉर्ट हॉल अंतरराष्ट्रीय परिचालन एक घंटे की देरी या देरी के कारण प्रभावित होंगे। एयरलाइन ने शुक्रवार को कहा कि इस अवधि के दौरान कोई अंतरराष्ट्रीय परिचालन रद्द नहीं किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि आईजीआई हवाईअड्डे, नई दिल्ली से आने और जाने वाले घरेलू या अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से अनुरोध है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी उड़ान की स्थिति की जांच कर लें।

### जोमैटो के सीईओ दीपिंदर ने फंड जुटाकर खरीदी शानदार स्पोर्ट्स कार : अशनीर

**नई दिल्ली,।** भारतपे के पूर्व सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर ने दावा किया है कि जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल और ब्लिंकिट के अलबिंदर ढींढसा फंडिंग राउंड के बाद लग्जरी कार खरीदी है। पोडकास्ट वगेरह वगेराह पर बोलते हुए अश्नीर ग्रोवर ने कहा कि उनके पास चार कारें हैं और उनके जैसे कई उद्यमी भी हैं जिन्हें लग्जरी वाहनों के प्रति यही जुनून है। आगे कहा कि ऐसे नहीं है कि मुझे ही कारों का शौक है, दीपिंदर को सबसे ज्यादा शौक था। जब भी उसका फंडिंग राउंड ऊपर उठता था उसकी नई स्पोर्ट्स कार आ जाती थी तो हम बड़े चिड़ते थे। उन्होंने दावा किया कि ब्लिंकिट के ढींढसा ने फंडिंग राउंड के बाद एक रेंज रोवर भी खरीदी। जोमैटो ने ब्लिंकिट के साथ 4,447 करोड़ रुपए का अधिग्रहण किया है। ग्रोवर ने आगे कहा, उन्हें लगता था कि जब तक वह एक शानदार स्पोर्ट्स कार नहीं खरीद लेते, मैं फंडिंग का एक दौर पूरा नहीं कर पाऊंगा। उन्होंने कहा, मैंने एक जीएलएस (मर्सिडीज-बेंज जीएलएस) खरीदी।

## कोयला खानों के पानी से 900 गावों को फायदा, हरित अभियान को गति: मंत्रालय

### खदानों में उपलब्ध पानी से उन क्षेत्रों के करीब 900 गांवों के 18 लाख लोगों को लाभ मिल रहा




**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सरकारी क्षेत्र की कोयला तथा लिग्नाइट कंपनियों की खानों से छोड़े गए पानी के साथ-साथ परित्यक्त खदानों में उपलब्ध पानी से उन क्षेत्रों के करीब 900 गांवों के 18 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसके निदेर्शानुसार, कोयला/लिग्नाइट पीएसयू खानों के पानी के संरक्षण और कुशल उपयोग के लिए विभिन्न कदम उठा रहे हैं।

पीएसयू अपने क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई जैसे सामुदायिक उपयोग के लिए खानों से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। बयान के अनुसार चालू वित्त वर्ष के दौरान ऐसी खानों के लगभग 4000 लाख किलो लीटर (एलकेएल) पानी की आपूर्ति करने की योजना बनाई थी, जिसमें से दिसंबर 2022 तक 2788 एलकेएल की आपूर्ति की जा चुकी है। इसमें से 881 एलकेएल पानी का उपयोग पेयजल सहित घरेलू उपयोग के लिए किया गया है।

बयान में कहा गया है कि खानों के पानी के लाभार्थी मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोग हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि 2022-23 में सरकारी क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने दिसंबर 2022 तक अपने हरित आवरण को 1600 हेक्टेयर तक विस्तारित करते हुए अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य 1510 हेक्टेयर को पार कर लिया है। सीआईएल ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर, 2022 तक 31 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। मंत्रालय का कहना है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान 4392 हेक्टेयर के खनन पट्टा क्षेत्र में हुए हरित पहल से 2.2 लाख टन/वर्ष की कार्बन सिंक क्षमता पैदा हुई है। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2022 तक लगभग 2230 हेक्टेयर भूमि में वृक्षारोपण किया है और लगभग 360 हेक्टेयर में घास लगाई गई है।

### भविष्य में गूगल टीवी को मिलेगा सेल्फ-चार्जिंग,बैटरी-फ्री रिमोट

**सैन फ्रांसिस्को।** हाल के वर्षों में अधिकांश एंड्रॉइड टीवी और गूगल टीवी उपकरणों पर उपयोग किए जाने वाले संदर्भ रिमोट के पीछे यूके स्थित कंपनी टीडब्ल्यू इलेक्ट्रॉनिक्स ने रिमोट का एक नया डिजाइन पेश किया है जिसमें नीचे एक फोटोवोल्टिक पैनल शामिल है जो बैटरी को स्वयं चार्ज करने की अनुमति देता है।टीडब्ल्यू इलेक्ट्रॉनिक्स ने ट्वीट किया, इनडोर लाइट द्वारा संचालित एक सेल्फ-चार्जिंग, बैटरी-मुक्त हैशटैग रिमोर्ट कंट्रोल के लॉन्च की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं। हैशटैग एक्सिगर के साथ विकसित, डिवाइस हैशटैग गूगल टीवी के लिए तैयार है और आपके मौजूदा सिस्टम में आसानी से एकीकृत है। 9टु5गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, रिमोट में उपयोग किया जाने वाला पैनल उस ऊर्जा को बिजली में बदलने के लिए प्रकाश स्त्रोतों का उपयोग करता है जो डिवाइस के भीतर बैटरी को चार्ज कर सकता है।

## एस बैंक ने शुरू की 25 और 35 महीने की एफडी, मिलेगा 8.25 फीसदी का रिटर्न




**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के जाने-माने लेंडर्स में से एक एस बैंक ने 25 और 35 महीने की नए फिक्स्ड डिपॉजिट टेन्योर का ऐलान किया है। बैंक के अनुसार 25 महीने के नए टेन्योर के तहत, आम जनता को 7.50 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 8 फीसदी ब्याज मिलेगा। 35 महीने के नए एफडी टेन्योर के तहत, यस बैंक के सामान्य और सीनियर सिटीजंस को क्रमशः 7.75 फीसदी और 8.25 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी। यस बैंक की नई एफडी रेट 12 जनवरी 2023 तक प्रभावी हैं। यस बैंक 7 दिनों से 14 दिनों की एफडी पर 3.25 फीसदी ब्याज दर देगा। 15 दिनों से 45 दिनों की एफडी पर 3.70 फीसदी दर देगा। 46 दिनों से 90 दिनों की एफडी पर यस बैंक 4.10 फीसदी ब्याज दर देगा। 91 दिनों से 180 दिनों की एफडी पर 4.75 फीसदी ब्याज दर देगा। 181 और 271 दिनों के बीच की एफडी पर 5.75 फीसदी की दर देगा। 272 और 1 वर्ष के बीच एफडी पर 6 फीसदी का ब्याज दर देगा। 1 साल से 120 महीने की एफडी पर यस बैंक आम जनता को 7 फीसदी ब्याज देगा।

### भारत को 2023 में शेवरॉन, टोटल के रूप में 58 बिलियन के निवेश की उम्मीद : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में 2023 में तेल और गैस की खोज में लगभग 58 अरब डॉलर का निवेश होने की संभावना है, क्योंकि शेवरॉन कॉर्प, एक्सॉनमोबिल और टोटल एनर्जी जैसी प्रमुख ऊर्जा संस्थाओं ने रुचि दिखाई है। वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस साल तक खोज और उत्पादन (तेल और गैस) में करीब 58 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद कर रही है क्योंकि शेवरॉन, एक्सॉनमोबिल और टोटल एनर्जी जैसी कई कंपनियां देश के अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र में निवेश करने में रुचि रखती हैं। भारत आयात पर निर्भरता कम करने के लिए अपने घरेलू उत्पादन को बढ़ाने का इच्छुक है। यह 85 फीसदी कच्चे तेल का आयात करता है, जिसे पेट्रोल और डीजल में बदला जाता है। पुरी ने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य अन्वेषण और उत्पादन के तहत भौगोलिक क्षेत्र को मौजूदा 0.25 मिलियन वर्ग किमी से 2025 तक 0.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर या 15 प्रतिशत तक बढ़ाना है।

## विप्रो ने तीसरी तिमाही में 30.5 अरब रुपये पोस्ट किए




**चेन्नई।** प्रौद्योगिकी सेवाओं और परामर्श कंपनी विप्रो लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही को 30.5 अरब रुपये के शुद्ध लाभ के साथ बंद किया।कंपनी बोर्ड ने शुक्रवार को अपनी बैठक में प्रति इक्विटी शेयर 1 रुपये के अंतरिम लाभांश की घोषणा की। विप्रो ने 232.3 अरब रुपये (वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही 203 अरब रुपये) का राजस्व अर्जित किया था और 30.5 अरब रुपये (29.6 अरब रुपये) का शुद्ध लाभ कमाया था। सीईओ और प्रबंध निदेशक थियरी डेलापोर्टे के अनुसार, मार्जिन में 120 आधार अंकों का सुधार हुआ और कर्मचारियों की छंटनी में लगातार चौथी तिमाही में सुधार हुआ।

डेलापोर्टे ने कहा, ग्राहक संबंधों को गहरा करने और हायर विन रेट्स के परिणामस्वरूप हम बाजार हिस्सेदारी हासिल करना जारी रख रहे हैं। मुख्य वित्तीय अधिकारी जतिन दलाल ने कहा, मार्जिन का यह विस्तार हमारे वरिष्ठ नेतृत्व के लिए वेतन वृद्धि, पदोन्नति और दीर्घकालिक प्रोत्साहन के माध्यम से हमारे लोगों में किए गए निवेश को अवशोषित करने के बाद था। मार्जिन वृद्धि मजबूत परिचालन सुधारों और स्वचालन-आधारित दक्षताओं द्वारा अगुआई की गई थी। हमने तिमाही के लिए अपनी शुद्ध आय के 143 प्रतिशत पर मजबूत परिचालन नकदी प्रवाह उत्पन्न किया और हमारे ईपीएस में तिमाही-दर-तिमाही 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## टेस्ला ने अमेरिका, यूरोप में ईवी की कीमतों में की कटौती



**सैन फ्रांसिस्को।** एलन मस्क के स्वामित्व वाली टेस्ला ने बिक्री को बढ़ावा देने के प्रयास में अमेरिका और यूरोप में अपने लाइनअप में ईवी की कीमतों में भारी कमी की है क्योंकि इसका स्टॉक 60 प्रतिशत से अधिक गिर गया है।एंगैजेट की रिपोर्ट के अनुसार, सबसे सस्ता ईवी, मॉडल 3 आरडब्ल्यूडी, 46,990 डॉलर से गिरकर 43,990 डॉलर हो गया है। इसके अलावा, 5-सीटर मॉडल वाई लॉन्ग रेंज की कीमत 20 फीसदी घटकर 65,990 डॉलर से 52,990 डॉलर हो गई। नतीजतन, बाद वाला मॉडल अब 7,500 डॉलर यूएस फेडरल टैक्स क्रेडिट के लिए पात्र है, जिसके परिणामस्वरूप 20,500 डॉलर की अंतिम कीमत में कमी आई है जो कि 30 प्रतिशत से अधिक है। मॉडल 3 और मॉडल वाई के परफोर्मेन्स वर्जन्स और मॉडल एस और मॉडल एक्स के नियमित और प्लेड वर्जन्स सहित अन्य मॉडलों के लिए भी कीमतों में कटौती की गई थी। हालांकि, मॉडल वाई के 7-सीटर विकल्प की कीमत 1,000 डॉलर से 4,000 डॉलर तक बढ़ गई है। जर्मनी में, मॉडल 3 और मॉडल वाई की कीमतों में एक से 17 प्रतिशत की कमी की गई और ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड और फ्रांस में भी गिरावट आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 80,000 डॉलर से कम कीमत वाली एसयूवी और 55,000 डॉलर से कम कीमत वाली कारें कर छूट के पात्र हैं। इस बीच, इलेक्ट्रिक कार निमार्ता ने 2022 के लिए उत्पादन और डिलीवरी में 50 प्रतिशत की वृद्धि के अपने लक्ष्य को याद किया है, क्योंकि पिछले साल मस्क के 44 अरब डॉलर के ट्विटर अधिग्रहण के दौरान इसका स्टॉक लगभग 65 प्रतिशत गिर गया था। वाहन निमार्ता को 50 प्रतिशत वृद्धि मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए अपनी चौथी तिमाही में 495,760 वाहन बेचने की आवश्यकता थी। चौथी तिमाही में, टेस्ला ने 439,000 से अधिक वाहनों का उत्पादन किया और 405,000 से अधिक वाहनों की डिलीवरी की। निवेशकों को डर है कि चीन की कोविड स्थिति और आपूर्ति श्रृंखला संबंधी चुनौतियां टेस्ला की बिक्री को और प्रभावित करेंगी। वे अपने ट्विटर ओवरहाल द्वारा मस्क की व्याकुलता के बारे में भी चिंतित हैं। टेस्ला के सीईओ हाल ही में अपने निवल मूल्य से 200 अरब डॉलर खोने वाले पहले व्यक्ति बने। टेस्ला ने पिछले महीने अपने मॉडल 3 और मॉडल वाई वाहनों के लिए 7,500 डॉलर की छूट की पेशकश करते हुए अधिक वाहनों को बेचने के लिए अपने कई मॉडलों पर कीमतों में गिरावट की घोषणा की।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ऑटो एक्सपो 2023 में 'थ्रिल एंड जॉय ऑफ मूविंग टुगेदर' की अवधारणा से रोमांचित किया



**ग्रेटर नोएडा।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ऑटो एक्सपो 2023 में अपने उत्पादों और तकनीक की रोमांचक रेंज प्रदर्शित की है। इंसका उद्देश्य ग्राहकों की आकांक्षाओं और उभरती जरूरतों को पूरा करना है ताकि 'सभी को सामूहिक खुशी' मुहैया कराना है । थ्रिल एंड जॉय ऑफ मूविंग टुगेदर की थीम पर आधारित , स्टॉल नंबर 10 में स्थित टोयोटा स्टॉल की अवधारणा टेक्नोलॉजी जोन, इमोशनल जोन और सस्टेनेबिलिटी जोन की तीन विशिष्ट थीमों पर आधारित है। भारत में अपने 25 शानदार वर्षों के संचालन के दौरान, टोयोटा सम्मानित उपभोक्ताओं की गतिशीलता संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। ग्राहकों की संतुष्टि पर अपने मजबूत फोकस के साथ, कंपनी ने 2 मिलियन से अधिक टोयोटा ग्राहकों के परिवारों का विश्वास जीता है। भिन्न जोन में निम्नलिखत प्रदर्शित किए गये हैं: प्रौद्योगिकी क्षेत्र - उन्नत विद्युतीकृत और हरित वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकियों की एक श्रृंखला प्रदर्शित करता है - कार्बन तटस्थता और हरित भविष्य की दिशा। प्रदर्शनों में शामिल हैं: हाल में लॉन्च की गई इनोवा हाईक्रॉस , जो एक पौरुष रुख और एक एमपीवी की विशालता के साथ परिवार की जरूरतों को पूरा करने वाला एक आदर्श वाहन है। इनोवा हाईक्रॉस टीएनजीए 2.0 लीटर 4-सिलेंडर गैसोलीन इंजन, एक मोनोकोक फ्रेम के साथ 5वीं पीढ़ी के सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम द्वारा संचालित है, जिसमें सेगमेंट की पहली कई विशेषताएं हैं। अर्बन क्रूजर हाइराइडर, जिसने भारत में मास सेगमेंट में टोयोटा की विश्व स्तर पर प्रशंसित सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल (एसएचईवी) तकनीक के प्रवेश को चिह्नित किया, अनुकरणीय प्रदर्शन और सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता प्रदान करते हुए टोयोटा के 'मास इलेक्ट्रिफिकेशन' के प्रयासों को बढ़ावा दिया। निर्भीक, निडर और भव्य रूप से विशिष्ट वेलफायर, जो निरंतर जारी रहने वाली विलासिता, भोग और स्थिति को पारिभाषित करता है। 2.5 लीटर गैसोलीन हाइब्रिड इंजन से लैस और डुअल मोटर्स के साथ मिलकर, वाहन इष्टतम प्रदर्शन, परम लक्जरी और बेहतर ईंधन दक्षता प्रदान करता है। केमरी हाइब्रिड, जो शक्तिशाली प्रदर्शन, पर्यावरण मित्रता, उच्चतम सुरक्षा और उन्नत बाहरी और आंतरिक सुविधाओं के साथ विलासिता की विरासत को आगे बढ़ाता है - शक्ति और विलासिता का एक अद्भुत मेल है जिसे सहज ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। अन्य प्रदर्शित वाहनों में प्योर इलेक्ट्रिक वाहन जैसे बीजेड4एक्स भी शामिल हैं। *एजेंसी*

## संक्षेप

### एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड को लगातार पंद्रहवें वर्ष क्रिसिल एए/स्टेबल रेटिंग मिलने की पुनर्पुष्टि हुई

**नई दिल्ली।** एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड (एनएसई क्लियरिंग) को क्रिसिल से अपनी 'क्रिसिल एए/स्टेबल' क्रेडिट रेटिंग की पुनः पुष्टि प्राप्त हुई है। "क्रिसिल एए/स्टेबल" रेटिंग समयबद्ध तरीके से ऋण दायित्वों का पालन करने की दृष्टि से उच्चतम स्तर की क्षमता को दर्शाती है। एनएसई क्लियरिंग, एनएसई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। क्रिसिल के अनुसार, यह रेटिंग जनक कंपनी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई), के साथ मजबूत परिचालन एवं वित्तीय संबंधों एवं व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणालियों को दर्शाती है। क्रिसिल ने कहा है कि बाजार की विफलताओं को रोकने के लिए प्रणालियों को नियमित रूप से अपग्रेड किया जाता है। क्रिसिल ने एनएसई क्लियरिंग के लिए स्टेबल दृष्टिकोण की पुष्टि की है और कहा है कि, एनएसई क्लियरिंग की एनएसई के साथ जुड़ाव के कारण मजबूत बाजार स्थिति बनी रहेगी और यह मध्यम अवधि में व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली और क्लियरिंग वॉल्यूम के अनुरूप पर्याप्त कोर एसजीएफ को बनाए रखेगी। जारी रूप में, एनएसई क्लियरिंग सदस्यों के चयन हेतु अपने कठोर मानदंडों, मजबूत मार्जिन प्रणाली, और जोखिम-आधारित स्थिति सीमाओं एवं निगरानी तंत्र के साथ समाशोधन और निपटान से जुड़े जोखिमों को लगातार नियंत्रित रखती रही है।

### पिरामल फाइनेंस ने एक अनूठा अभियान

**नई दिल्ली।** पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, जिसे पिरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (पीईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पिरामल फाइनेंस के रूप में पहचाना जाता है, ने आज अपना पहला ब्रांड अभियान शुरू करने की घोषणा की। यह अभियान ऐसे लोगों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित है, जिन्हें फाइनेंस संबंधी बहुत कम सुविधाएं उपलब्ध हैं। हम कागज से ज्यादा नीयत देखते हैं- शीर्षक वाला यह अनूठा अभियान ऋण चाहने वाले ग्राहकों की साख का आकलन करने के साधन के रूप में सिर्फ कागजों/दस्तावेजों से परे देखने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। यह अभियान ग्राहकों को केंद्र में रखने की पिरामल फाइनेंस की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है और इसका उद्देश्य भारत भर के टियर 2 और टियर 3 शहरों में बजट के प्रति जागरूक ग्राहकों के साथ-साथ मध्यम और छोटे व्यवसायों तक पहुंचना है। यह अभियान दो विज्ञापन फिल्मों के साथ शुरू हुआ, जो पिरामल फाइनेंस को एक ऐसे ब्रांड के रूप में स्थापित करता है, जो केवल कागजों/दस्तावेजों के बजाय अंडरराइटिंग के साथ-साथ ग्राहकों की सत्यनिष्ठा पर ध्यान केंद्रित करता है। वॉम्ब द्वारा परिकल्पित ये दोनों फिल्में 2 ऐसे परिवारों के जीवन को दशार्ती हैं, जो ऋण लेने की कोशिश करते समय वास्तविक जीवन की बाधाओं का सामना करते हैं और फिर कैसे पिरामल फाइनेंस ऐसे व्यक्तियों के साथ-साथ उनके परिवारों की खुशी की तलाश में साथ खड़ा नजर आता है। होम लोन, बिजनेस लोन और पर्सनल लोन और यूज्ड कार लोन के रूप में अपने प्रोडक्ट्स के साथ, पिरामल फाइनेंस ग्राहकों को न केवल औपचारिक क्रेडिट इतिहास और कागजात/दस्तावेजों को मान्य करके ऋण प्रदान करता है, बल्कि ग्राहकों के इरादे और उनकी ईमानदारी का मूल्यांकन भी करता है।

### कोका-कोला कंपनी की कॉस्टा कॉफी ने भारत में विस्तार किया

**नई दिल्ली।** देश में वृद्धि का सफर जारी रखते हुए भारत में कमर्शियल बेवरेज श्रेणियों में कोका-कोला के प्रमुख कॉफी ब्रांड, कॉस्टा कॉफी ने अपना 100 वाँ स्टोर नई दिल्ली के खान मार्केट में खोला है, जिसका उद्घाटन दिसंबर, 2022 में किया गया। देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएल) के साथ साझेदारी में कॉस्टा कॉफी भारत में सबसे पसंदीदा कॉफी ब्रांड्स में से एक के रूप में उभरा है, और 30 शहरों में अपने रिटेल स्टोर स्थापित कर चुका है। विनय नायर, जनरल मैनेजर, भारत एवं इमर्जिंग मार्केट्स, कॉस्टा कॉफी ने कहा, हमें अपना 100 वाँ स्टोर खोलने की खुशी है क्योंकि भारत विश्व में कॉस्टा कॉफी के लिए एक मुख्य बाजार है। इस उपलब्धि से प्रदर्शित होता है कि भारत में लगातार बढ़ते कॉफीप्रेमी समुदाय ने किस प्रकार हमारे सिग्नेचर ड्रिंक - द फ्लैट व्हाईट जैसी हैंडक्राफ्टेड कॉफी को अपना लिया है। कॉस्टा कॉफी हमारे उपभोक्ताओं को कॉफी का यादगार अनुभव देती है और हम यह अनुभव देश में और ज्यादा कॉफीप्रेमियों तक ले जाना चाहते हैं। ज्यादा कॉफी प्रेमियों को सेवाएं देने के उद्देश्य के साथ कॉस्टा कॉफी भारत में हाई स्ट्रीट्स, मॉल्स, और एयरपोर्ट्स पर अपने कैफे स्टोर्स का विस्तार करने पर केंद्रित है। कॉस्टा कॉफी टियर 1 और टियर 2 शहरों में अपना रिटेल विस्तार जारी रखेगा और इनोवेटिव कॉफी पसंद करने वाले उपभोक्ताओं के साथ कॉफी की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।

### जीरो स्क्रैप मिशन के तहत उत्तर मध्य रेलवे ने स्क्रैप बेचकर 200.83 करोड़ की कमाई की

**नई दिल्ली।** उत्तर मध्य रेलवे ने कबाड़ बेचकर 12 जनवरी तक ही 200.83 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। 19095 मीट्रिक टन रेल की पटरी, 17772 मीट्रिक टन बेकार पड़ा लोहा बेचकर पूरे साल का लक्ष्य हासिल किया।जीरो स्क्रैप मिशन के तहत उत्तर मध्य रेलवे ने 12 जनवरी 2023 तक, स्क्रैप (कबाड़) बेचकर कुल 200.83 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल कर लिया है। इसके साथ ही उत्तर मध्य रेलवे ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 200 करोड़ रुपये के स्क्रैप बिक्री लक्ष्य को पार कर लिया है। रेल मंत्रालय के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे ने पिछले साल इसी अवधि के दौरान कुल 171 करोड़ रुपये के स्क्रैप की बिक्री की थी। इस लिहाज से पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इस साल उत्तर मध्य रेलवे ने स्क्रैप से होने वाली कमाई में 14.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार इन दिनों उत्तर मध्य रेलवे जोन के जनरल मैनेजर सतीश कुमार के नेतृत्व और दिशा निर्देशन में इस काम को किया जा रहा है। जीरो स्क्रैप मिशन के तहत स्क्रैप का निपटान अभियान चलाया जा रहा है। सभी मंडलों और कारखानों में पड़े बेकार स्क्रैप आइटम को इकट्ठा कर बेचकर जा रहा है और बड़े स्तर पर राजस्व की प्राप्ति की जा रही है। खास बात ये है कि रेलवे को स्क्रैप की बिक्री से सिर्फ कमाई ही नहीं होती बल्कि वर्क स्टेशन और पर्यावरण को भी साफ-सुथरा रखने में भी मदद मिलती है। रेलवे के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में ही 12 जनवरी तक करीब 19095 मीट्रिक टन रेल की पटरी, 17772 मीट्रिक टन वर्कशॉप का अनुपयोगी लोहा और 415 मीट्रिक टन नॉन-फेरस स्क्रैप के साथ 231 मालगाड़ी डिब्बे, 14 पैसेंजर ट्रेन के डिब्बे और 4 इंजन की ई-नीलामी की गई, जिससे उत्तर मध्य रेलवे को 200.83 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ है।

### एनडीटीवी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** एनडीटीवी ने शुक्रवार को घोषणा की कि एनडीटीवी समूह की अध्यक्ष सुपर्णा सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है।कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा- आपको सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (कंपनी) के निम्न वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है: 1. सुपर्णा सिंह, अध्यक्ष, एनडीटीवी समूह; 2. अरिजीत चटर्जी, मुख्य रणनीति अधिकारी, एनडीटीवी समूह; 3. कवलजीत सिंह बेदी, मुख्य प्रौद्योगिकी और उत्पाद अधिकारी, एनडीटीवी समूह। कंपनी नई नेतृत्व टीम लाने की प्रक्रिया में है जो कंपनी के लिए नई रणनीतिक दिशा और लक्ष्य निर्धारित करेगी। इससे पहले, एएमजी मीडिया नेटवर्क?स लिमिटेड (एएमएनएल) ने अपनी अप्रत्यक्ष सहायक आरआरपीआर के माध्यम से राधिका रॉय और प्रणय रॉय से एनडीटीवी में 27.26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया, जिसके परिणामस्वरूप एएमएनएल द्वारा अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से एनडीटीवी में 64.71 प्रतिशत की नियंत्रित हिस्सेदारी हासिल की। एनडीटीवी में राधिका रॉय और प्रणय रॉय की 5 फीसदी हिस्सेदारी बनी हुई है। अडानी समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहाः अडानी समूह को एनडीटीवी को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और प्रतिभा के साथ आगे बढ़ाने और एनडीटीवी को एक संपन्न बहु-मंच वैश्विक समाचार संगठन में बदलने का सौभाग्य मिला है।

# एफसीआई गोदाम पर सीबीआई की छापेमारी में दो गिरफ्तार

## एक लाख रुपये बरामद, दूसरे दिन ठप रहीं गतिविधियां

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पक्खनपुर गांव स्थित सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन पर पड़े सीबीआई की छापेमारी के दूसरे दिन खौफ का माहौल रहा। लेबर अघोषित छुट्टी पर रहे। जिसके चलते सारी गतिविधियां ठप रहीं। गुरुवार को सीबीआई ने सेन्ट्रल वेयर हाउस पर छापेमारी की थी जिसमें एफसीआई के तकनीकी सहायक सुजीत मौर्य पुत्र रामपलट तथा सरपतहां थाना क्षेत्र के जंगीपुर निवासी संदीप कुमार पुत्र राधेश्याम को गिरफ्तार किया गया था। पकड़े गए आरोपितों के पास से नकद रुपये भी बरामद हुआ जिसके बाद सीबीआई ने सीएचसी से मेडिकल कराकर उसे अपने साथ ले गयी। सीबीआई खौफ के चलते दूसरे दिन गोदाम पर सन्नाटा पसरा रहा। जहां ट्रकों की आमद कम हुई वहीं जो ट्रक माल लेकर आये या जिनको माल लेना था वह भी खाली बैठे रहे। बताया जाता है कि लेबर अघोषित छुट्टी पर हैं। हालांकि कोशिश की जा रही है कि काम चालू हो सके। मालूम रहे कि सीबीआई इंस्पेक्टर रोहित के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी। मामले में जिलाधिकारी भी मानिटरिंग कर रहे हैं। फिलहाल सीबीआई रात में ही लौट चुकी है लेकिन संचालन में वक्त लगेगा। सीडब्लूसी पर सीबीआई की छापेमारी ने करोड़ो के लेन-देन का खेल उजागर कर दिया। बताया जाता है कि प्रति ट्रक दस से बीस हजार रुपये का खेल चलता था। राइस मिलर कंडम चावल बेचने हेतु एफसीआई के कर्मचारियों को मोटी रकम उपलब्ध कराते रहे। यह खेल निकासी व उठान दोनों में चलता रहा। सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन की क्षमता पचपन हजार मिट्रिक टन है। उक्त गोदाम को भारतीय खाद्य निगम ने चालीस लाख रुपये प्रतिमाह किराये पर लिया है जिसमें प्रति दिन 80 ट्रकों की लोडिंग अनलोडिंग होती है। यहां दो जनपदों अम्बेडकर नगर व जौनपुर का गेहूं व चावल रखा जाता है।


एफसीआई गोदाम पर खड़ी सीबीआई की गाड़ियां

# गांव की समस्या के समाधान के लिए लगाई गई चौपाल



**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लाक अंतर्गत तरसंड एवं सम्मोपुर कला गांव में गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान चौपाल में पहुंचे बीडीओ के समक्ष तरसंड गांव के लगभग 12 ग्रामीणों ने शौचालय एवं आवास की मांग की जिस पर बीडीओ ने आनलाइन आवेदन करवाने के लिए कहा तथा बताया की पात्रता जांच के बाद सरकार के हर महत्वपूर्ण योजना का लाभ पात्र लोगों को दिया जाएगा। सम्मोपुर कला गांव में ग्रामीणों ने गांव में नाली खड़ंजा बनवाने की मांग की जिस पर बीडीओ ने बताया जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान सेक्रेटरी अरविंद यादव, धर्मेंद्र राय, ग्राम प्रधान उषा सिंह, जयप्रकाश सिंह, दीपक सिंह, लाल बहादुर यादव, राम आजाद, ज्ञानेश्वर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# जौनपुर का युवक सऊदी अरब में बनाया गया बंधक

**गुहार**

### पीड़ित ने फोन पर स्वजनों से लगाई वतन वापसी की गुहार

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के ईशापुर गांव का रोजी रोटी कमाने की गरज से सऊदी अरब गए युवक को उसके मालिक ने बंधक बना लिया है। पीड़ित ने गुरुवार को फोन पर स्वजनों तथा गांव के ही पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार श्रीवास्तव से वतन वापसी की गुहार लगाई। गांव निवासी अबूसाद 26 लगभग तीन वर्ष पूर्व ड्राइवर की नौकरी करने सऊदी अरब गया था। बताते हैं कि पहले तो एक दो साल तक सब ठीक-ठाक चला किंतु धीरे-धीरे उसके नियोक्ता (मालिक) ने उससे ड्राइवरी के अलावा अन्य काम भी कराने शुरू कर दिया जो अनवरत बढ़ता ही गया। बाद में अबूसाद ने जब ड्राइवरी के अलावा अन्य कार्यो को करने से मना किया तो आरोप है कि उसके नियोक्ता ने उसे खाना आदि न देने की ज्यादती करने लगा। इसके बाद अबूसाद ने उसके यहां नौकरी करने से मना करते हुए जब घर वापस आने की बात कही तो वह टाल-मटोल करने लगा। इधर कुछ दिनों से जब उससे एक घर ही नहीं बल्कि चार-पांच घरों का कार्य लिया जाने लगा तो अबूसाद घर आने के लिए ज्यादा ही जोर देने लगा। आरोप है कि इसके बाद उसके नियोक्ता ने उसका पासपोर्ट, वीजा समेत अन्य जरूरी दस्तावेज जब्त कर उसे बंधक बना लिया। गुरुवार को जब उसने किसी तरह अपने घर फोन कर आपबीती सुनाई तो मां जोहर व बहन कायनात परेशान हो उठीं। जोहर के पति अर्थात अबूसाद के पिता सुकुरुल्लाह की पहले ही मौत हो चुकी है। अब बेटे की हजारों किमी दूर किसी अनजान देश मे ऐसी दशा सुनकर जोहर व कायनात का रो-रोकर बुरा हाल है। वे किसी भी तरह बेटे की सकुशल घर वापसी के लिए परेशान हैं।

### लूट का प्रयास नहीं, ओवरटेक को लेकर हुआ था विवाद

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के अरसियां-अलीपुर मार्ग पर बुधवार को कार सवार दंपति से लूट का प्रयास नहीं बल्कि बाइक सवारों से ओवरटेक को लेकर विवाद हुआ था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो मामले का राजफाश हुआ। खुटहन थाना क्षेत्र के शेख अशरफपुर निवासी शनि कुमार तिवारी बुधवार को कार से अपने स्वजनों संग अपनी रिश्तेदारी उनुरखा जा रहे थे। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उन्होंने आरोप लगाया कि वे अरसियां बाजार से जैसे ही दो किमी आगे बढ़े बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक करके तमंचे से आतंकित कर जबरन रोक लिया। इतना ही नही वे गालियां देते हुए उनकी कार का दरवाजा जबरन खोलने का प्रयास करने लगे। किंतु इस बीच किसी तरह वे जान बचाकर मौके से भाग निकले। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरपतहां संजय सिंह ने बताया कि आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो मामला ओवरटेक का निकला। जहां तक आरोपितों के पास तमंचे का सवाल है तो उसकी जांच की जा रही है जिसके बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सीएमओ ने किया टीकाकरण अभियान का निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** शाहगंज ब्लाक के विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान का सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को मजडीहा गांव में निरीक्षण किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम टीकाकरण से इन्कार करने वाले परिवारों के बच्चों को टीकाकरण करते पाई गई। सीएमओ ने भी ऐसे परिवारों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया।

डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और एसएम नेट की टीम छूटे बच्चों को टीकाकरण के लिए विशेष अभियान चला रही है। पीएचसी सोंधी के एमओआईसी डा. रमेश चंद्रा के नेतृत्व में खेतासराय, मजडीहा, कौड़िया, सोंगर, कयार, भुड़कुड़हा में छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण का निरीक्षण करने सीएमओ मजडीहा गांव पहुंची। तब तक टीम एक दर्जन छूटे बच्चों का टीकाकरण कर चुकी थी। उन्होंने टीकाकरण न कराने से बच्चों पर इसके दुष्प्रभाव के बारे में बच्चों के परिवार वालों को बताया। टीम में चिकित्साधिकारी डॉ. मसूद अहमद, डीएमसी गुरदीप कौर, बीएमसी अवधेश कुमार तिवारी, शिक्षा स्वस्थ्य अधिकारी अजय कुमार सिंह, अवधेश कुमार, एएनएम हौसला राय, अर्चना प्रजापति, उर्मिला देवी, राममिलन यादव रहे।


टीकाकरण अभियान का निरीक्षण करती सीएमओ

# केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा

**जौनपुर।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा का आयोजन गुरूवार को बदलापुर पड़ाव स्थित एक पैलेस पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के डीएलए नरेश मोहन दीपक एवं विशिष्ट अतिथि डीआई जौनपुर चंद्रेश द्विवेदी तथा अति विशिष्ट अतिथि आईएमए अध्यक्ष डा. अरुण कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम सभा की अध्यक्षता शकील अहमद ने किया।

शकील अहमद ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से किया। मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने ऑनलाइन मेडिसिन, नकली दवाओं से बचने और निगाह रखने की जरूरत बताया। उन्होंने कहाकि फरवरी में अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में हल्ला बोल का कार्यक्रम किया जाएगा जिसका आयोजन ब्लॉक व तहसील लेवल से शुरूआत होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दवा की खरीद अपने निकटवर्ती स्टॉकिस्ट्स से खरीदें और नकली या अधोमानक दवाओं से बचें। एआईओसीडी के वोकल फार लोकल के नारे को दोहराया और इस बात पर चिंता व्यक्त की कि रिटेल में 20 प्रतिशत के डिस्काउंट से दवा व्यवसाय और ग्राहकों दोनो का नुकसान हो रहा है। ज्यादा डिस्काउंट के चक्कर में नकली या अधोमानक दवाइयों की संभावना बढ़ जाती है। ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा की दुकान चलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिविशिष्ट अतिथि डा. अरुण कुमार मिश्र ने स्वामी विवेकानंद को जन्म दिवस पर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि नरेश मोहन दीपक ने अपने उद्बोधन में नकली दवाओं को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बताया और इस व्यापार में लिप्त लोगों को समाज का सबसे बड़ा अपराधी बताया।


मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित करते एसोसिएशन के लोग

### युवक हुआ जहर खुरानी का शिकार

**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र के चेरापुर निवासी सुजीत कुमार यादव मुंबई घूम कर वापस आते समय प्रयागराज में जहरखुरानी का शिकार हो गया। जानकारी होने पर परिजन प्रयागराज पहुंच गए। उसे बबूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि सुजीत कुमार यादव उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में संविदा ड्राइवर हैं। 4 जनवरी को मुंबई घूमने गए। वापसी कामायनी एक्सप्रेस से प्रयागराज उतर कर परिजनों को फोन से सूचना दिया की प्रयागराज पहुंच गया हूं। आधे घंटे बाद रोडवेज बस पकड़कर घर आ जाऊंगा। कुछ समय बाद परिजनों द्वारा उनके नंबर पर फोन करने पर फोन रिसीव नहीं हो रहा था। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान थे तभी नशे की हालत में सुजीत का फोन आया कि किसी ने कुछ खिला दिया है मैं गिर गया हूं मुझे चोट आई है मैं सिविल लाइन रोडवेज में हूं। परिजन निजी वाहन से प्रयागराज पहुंचे। सिविल लाइंस रोडवेज परिसर के पिछले गेट के बाहर बेहोशी के हालात में मिले परिजन अपने साथ बाबूसराय लाकर निजी चिकित्सालय में इलाज करा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि लगता है रेलवे स्टेशन से रोडवेज के बीच में ही घटना घटी है उनके पास से सारे सामान गायब हैं सिर्फ मोबाइल बचा है।

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शिकायतों का किया निस्तारण

**ग्राम चौपाल**

### ग्राम चौपाल में आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हो सुनिश्चित

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल गॉव की समस्या, गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सुरियावां विकास खंड के पुरेमनोहर एवं बहुताचकडाही गाँव में नामित नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव, खण्ड विकास अधिकारी सुरियावॉ कमलजीत सिंह व जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भूषण त्रिपाठी, विकास खण्ड अभोली में भानीपुर एवं गोकुलपट्टी में जिला पंचायत अधिकारी राकेश कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के पाली एवं सरईमिश्रानी में जिला सहकारिता निबन्धक, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के डभका एवं मवैयाहरदोपट्टी में नामित नोडल अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के नारेपार एवं गोलखरा में उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के बेदमनपुर एवं चौरीखास में उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं खण्ड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्या, गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के दो-दो ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा के परिवार पर प्रशासन की कार्रवाई जारी

**ज्ञानपुर।** पूर्व विधायक विजय मिश्रा के परिवार पर पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। शुक्रवार को भदोही पुलिस ने प्रयागराज पहुंचकर विजय मिश्रा के भतीजे मनीष मिश्रा की संपत्ति को कुर्क किया है। जिसकी कीमत सात करोड़ तीस लाख रुपए बताई जा रही है। भदोही पुलिस ने नियम के तहत मुनादी करते हुए कुर्की का नोटिस घर पर चिपका दिया। जिस संपत्ति को कुर्क किया गया है वह तीन मंजिला मकान है। पूर्व बाहुबली विजय मिश्रा के बेटे, बहू और भतीजे की अब तक करोड़ों की संपत्ति को कुर्क किया जा चुका है, यह सभी संपत्ति विजय मिश्रा की काली कमाई से बनाई गई थी। यह संपत्ति हंडिया थाना क्षेत्र के खपटिया गांव में मौजूद है। तीन मंजिला आलीशन मकान की कीमत 7.30 करोड़ है। इसे विजय मिश्रा की बेनामी संपत्ति माना जा रही है जो कि भतीजे मनीष मिश्रा के नाम पर है। भदोही पुलिस ने यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की है। मनीष न केवल विजय मिश्रा का भतीजा है बल्कि उसके गैंग का सक्रिय सदस्य भी है। विजय मिश्रा इन दिनों आगरा की जेल में बंद है। इससे पहले भी प्रयागराज के बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम म्युनिसपल में आधुनिक सुविधाओं से लैस मनीष का एक और मकान कुर्क किया गया था।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### कायाकल्प विद्यांजलि के तहत मिली सहयोग राशि

**ज्ञानपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कायाकल्प विद्याजंलि के तहत 22155 रुपए की सहयोग राशि दिया गया जो बहुत ही सराहनीय है। बीएसए ने बताया कि जिलाधिकारी गौरांग राठी जी के आह्वान पर जनपद भदोही के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक परिवेश एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु सहयोगियों द्वारा भदोही विद्यांजली कायाकल्प सोसायटी के यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया ज्ञानपुर भदोही के खाता में अब तक कुल 22155 रुपये की सहयोग राशि प्रेषित की जा चुकी है। साथ ही भदोही में रह रहे व अन्य शहरों में निवासरत सुविधा सम्पन्न जनमानस से अपील है कि आगे बढ़ कर अपने गाँव एवं क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में योगदान देकर अपनी भावी पीढ़ी हेतु सर्व सुविधायुक्त परिषदीय विद्यालयों के निर्माण में अपना सहयोग दें एवं औरों को भी प्रेरित करें। बीएसए ने बताया कि अन्नदान श्रेष्ठ दान में आता है परंतु विद्यादान उससे भी श्रेष्ठ है। अन्न से क्षणिक तृप्ति होती और विद्या आजीवन साथ रहती है। अतः विद्या के लिए किया गया योगदान सर्वश्रेष्ठ दान है। इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

# तालाब पर बसे गरीबों को बेदखल न करने को लेकर 'आप' ने सौंपा पत्रक

**मांग**

### कलेक्ट्रेट पहुँचकर एडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**भदोही।** औराई तहसील क्षेत्र के औराई चौराहे के पास नरथुआ तालाब पर बसे गरीब व भूमिहीन को बेदखल न करने के सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधमंडल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुँचकर एडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

डीएम को दिए ज्ञापन के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने बताया कि समाज सेवा से जुड़े होने के कारण नरथुआ गाँव में तालाब पर बसे लोगो से जनसम्पर्क किया गया तो पता चला कि वे लोग सौ वर्षो से उक्त जमीन पर घर बनाकर रह रहे है। उन लोगों ने अपनी पीड़ा एवं दर्द बयान करते हुए कहा कि अगर जिला प्रशासन उन्हें अन्यत्र व्यवस्था नही देती है तो हम लोग निश्चित रूप से इस कड़ाके के ठंड में बेघर हो जाएंगे, ऐसी स्थित में जब तक उक्त तालाब पर बसे लोगो के लिए जिला प्रशासन स्तर पर अन्यत्र आवास की व्यवस्था नहीं कर दी जाती, तब तक के लिए उक्त तालाब से बेदखल न किया जाय, क्योकि महिलाये व बच्चे भी साथ में है और ये इस कड़ाके की ठंड में कहा जायेंगे। आम आदमी पार्टी ने गरीबो को अन्यत्र बसाये जाने के बाद ही बेदखली की कार्यवाही करने की माँग की। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक यादव, महिला जिलाध्यक्ष कविता राय एडवोकेट, पंकज कुमार (एडवोकेट), ओम प्रकाश तिवारी, श्रमिक नेता, रोशन अली मिडिया प्रभारी आदि लोग मौजूद रहें।


कलेक्ट्रेट पहुँचकर एडीएम को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के लोग

## संक्षेप

### मकर सक्रांति पर्व को लेकर वितरित हुई खाद्य सामग्री

शाहगंज। मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर सामाजिक संस्था लायंस क्लब स्टार द्वारा गरीबों में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। नगर के मालगोदाम रोड पर गरीबों के बीच लाई-चूड़ा, गट्टा गुड़ सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया और छोटे-छोटे बच्चों को पतंग व धागा भी वितरित किया गया। संस्था अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ने कहा कि मकर सक्रांति पर दान देने की प्रथा है। गरीबों, असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। गरीबों की मदद करना साक्षात ईश्वर की पूजा के करने के समकक्ष है। कार्यक्रम में मौजूद प्रोग्राम डायरेक्टर रुपेश जायसवाल ने कहा कि अन्न दान सबसे बड़ा दान होता है। गरीबों के चेहरे पर मुस्कुराहट से हमें नई प्रेरणा मिलती है। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारूकी, संजीव जायसवाल, मनोज जायसवाल, आनंद मोदनवाल, मनीष अग्रहरि, धीरज पाटिल, वेद प्रकाश जायसवाल, आनंद मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

चाइनीज मांझा के विरुद्ध निकाली जन जागरुकता रैली

### फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज में हुआ आयोजन

शाहगंज। फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कालेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत स्वयं सेवकों ने चाइनीज मांझा के विरुद्ध जन जागरूकता रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डा. तबरेज आलम ने झंडी दिखा रवाना किया। रैली सबरहद से होते हुए शाहगंज नगर पहुंची जहां जेसीआई शाहगंज सिटी की जूनियर जेसी विंग ने उसका स्वागत किया तथा नगर भ्रमण कर लोगों को चाइनीज मांझा के प्रयोग के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डा. अनामिका पांडेय की देख रेख में रैली निकाली गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्रवक्ता डा. राकेश सिंह, रियाज अहमद, डा. भाष्कर तिवारी, खुर्शीद हसन खॉ, आर्यन अग्रहरी, रोमिल अग्रहरी, आर्यन यादव, हिमांशु, विशाल, विकास आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत

मड़ियाहूं। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बाबागंज बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के बीरबलपुर गांव निवासी आदित्य 17 वर्ष पुत्र मनोज अपनी मां सीमा को बाइक से लेकर मलिकानपुर अपने ननिहाल जा रहा था। वह जैसे ही बाबागंज बाजार में पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार किशोर अपनी मां को लेकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहू पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने आदित्य 17 वर्ष पुत्र मनोज निवासी बीरबलपुर थाना को मृत घोषित कर दिया। मां सीमा को हल्की चोटें आई हैं उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अन्तर्गत कोपा गांव निवासी दो बाइक सवार भूसा लदे ट्रक से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरन्त सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। कोपा गांव निवासी सफाई कर्मी 48 वर्षीय मुकेश गौतम पुत्र कलई अपने पिता की बरसी का सामान लेने सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर बाजार जा रहे थे। इनके साथ गांव के ही 52 वर्षीय छोटे लाल भी बाइक पर साथ थे। खरीददारी कर गुरुवार देर शाम घर लौट रहे थे। इसी दौरान हलियापुर बेलवाई मार्ग पर देवनगर बाजार के समीप अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 50ए-9312 से टक्कर हो गयी जिसमें दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर के बाद परिजन सीएचसी पहुंचे। फिलहाल शव पोस्ट मार्टम हेतु सुल्तानपुर जनपद भेजा गया है।

### पंचायत भवन को चोरों ने बनाया निशाना

सुइथाकला। थाना क्षेत्र के खेतापुर गाँव के पंचायत भवन को बीती रात चोरों ने अपना निशाना बना डाला। वहाँ पर लगे इनवर्टर सहित अन्य सामान की चोरी कर ग्राम पंचायत को लाखों का चूना लगा दिया। मामले में ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गयी है।बताया जाता है कि गुरूवार की रात थाना क्षेत्र के खेतापुर गांव के पंचायत भवन को चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए दरवाजा तोड़कर इलेक्ट्रानिक के सामान, इनवर्टर, कम्प्यूटर, सीसी कैमरा सहित अन्य सामान उठा ले गए। मामले की सूचना पर ग्राम प्रधान ने मौके पर जाकर देखा तो सभी सामान गायब थे। प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि कोई लिखित सूचना नहीं है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और आवश्यक जानकारी ली।

### सफाईकर्मी के निधन पर कर्मचारियों ने जताया शोक

खेतासराय। शाहगंज ब्लाक के ताखा पश्चिम गांव में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत मुकेश गौतम की सड़क हादसे में हुई मौत की खबर मिलते ही ब्लाक कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सूचना पर कर्मचारियों ने ब्लाक कार्यालय सोंधी परिसर में शुक्रवार को बीडीओ नंदलाल कुमार की अध्यक्षता में शोकसभा की। इसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक सफाईकर्मी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, एडीओ पंचायत लक्ष्मीचंद, सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष बालकृष्ण यादव, विजय कुमार, दुर्गेश शर्मा, चंद्रशेखर यादव, सुनीता यादव, कमलाकांत मौर्या, सत्यपाल सिंह, राजकुमार मौजूद रहे।

### पॉलिथीन को लेकर अधिशासी अधिकारी ने लोगों को किया जागरूक

लालानगर। स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्ग स्वच्छ ढाबा व रेस्टोरेंट अभियान के तहत गोपीगंज नगर के एक प्रतिष्ठित दुकान पर अधिशाषी अधिकारी अमिता सिंह ने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों एवं मोजूद लोगो को उक्त अभियान के विषय में जानकारी दी। इस दौरान लोगो को प्रतिबंधित पालीथीन के स्थान कपड़ा का झोला के प्रयोग और सूखा कचरा, गीला कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखने के संबध में जानकारी दिया गया। जिसमे प्रमुख रूप से पालिका कर्मचारी आशीष यादव, शशि प्रकाश, विवेक, जनक मौजूद रहे।

### एसबीआई शाखा प्रबंधक ने सौ गरीबों में बांटे कम्बल

जलालपुर। एसबीआई के सभी कर्मचारियों के सहयोग से गुरुवार की शाम को कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के सौ गरीब महिला व पुरुषों को कम्बल वितरित किया गया। शाखा प्रबंधक मो. इम्तियाज ने कहाकि बैंक कर्मियों ने सहयोग राशि इकट्ठा करके इस भीषण ठंड में कम्बल वितरण करने का कार्य किया है। गरीब व असहाय लोगों की मदद करना एक पुनीत कार्य है। ऐसे कार्यों में सहयोग के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। इस मौके पर सत्य प्रकाश, अरविंद कुमार, संजय कुमार, मनीष, अनिल आदि मौजूद रहे।

### पदभार ग्रहण कर सीडीओ ने गिनाई प्राथमिकताएं

ज्ञानपुर। उपसचिव ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ रमेश चंद्र मिश्र के आदेश के क्रम में उन्नाव जनपद में परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत रहें यशवंत कुमार को पदोन्नति के फलस्वरूप भदोही जनपद के मुख्य विकास अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई।शुक्रवार को नए सीडीओ यशवंत कुमार ने विकास भवन में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नए सीडिओ ने प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो लक्ष्य मिला हैं उसे तय समय में पूर्ण कराया जाएगा।सीडीओ के निर्देश पर आज शनिवार को सभी ब्लाक मुख्यालय खुले रहेंगे। ज्ञात हो कि 31 दिसम्बर को मुख्य विकास अधिकारी रहें भानुप्रताप सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद सीडीओ कार्यालय में कुर्सी खाली चल रही थी, हालांकि प्रभारी सीडीओ के तौर पर श्याम जी कार्यभार देख रहे थे।

### दिव्यांग दम्पत्ति को शादी के लिए मिलेगा पुरस्कार

ज्ञानपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह पुरस्कार योजना के अंतर्गत गत वर्ष एवं चल रहे वित्तीय वर्ष में हुई शादी हेतु दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर 15 हजार व युवती के दिव्यांग होने पर 20 हजार तथा युवक युवती दोनो के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप दिया जायेगा। बताया कि शादी के समय दम्पत्ति में युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तक तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष से अधिक न हो। बताया कि सीएमओ द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार 40 प्रतिशत दिव्यांगता या उससे अधिक होनी चाहिए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर हुई शोक सभा

भदोही। जनता दल (यूनाइटेड) व राष्ट्रीय जनता दल की एक संयुक्त शोक सभा नगर के नेशनल तिराहा के पास स्थित एक प्रतिष्ठान में हुई। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। इस दौरान जद (यू) के जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने कहा कि शरद यादव ने छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत की। वें सात बार लोकसभा का सदस्य और तीन बार राज्यसभा के सदस्य रहे। केंद्र में कई विभागों के मंत्री भी रच चुके थे। इमरजेंसी के दौरान वें जेल भी गए थे। उन्होंने कहा कि शरद यादव जनता दल व जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के शोषित, दलित, वंचित, पिछड़ों व कमजोर लोगों के उत्थान को समर्पित कर दिया था। इधर दो वर्षों से वें बीमार चल रहे थे। उनके निधन से समाजवादी राजनीति की अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई संभव नहीं। शोक सभा में उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत में दो मिनट का मौन रखकर की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता नेता तेज बहादुर यादव, डॉ.लोलारख उपाध्याय, डीएम सिंह गहरवार, ओमप्रकाश मौर्या, जफर महमूद अंसारी, मो.फिरोज खां, विनय राय, विमलधर दुबे, शिवनरेश यादव, कृष्णा मिश्रा, प्रभाकर सिंह, आशिक अली अंसारी, प्रियांशु सिंह, अमरेश पाठक, डॉ.एसएन दुबे, सुधीर पाठक, परवेज आलम अंसारी, सुशील पाठक व अब्दुल मुतल्लिब अंसारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।




# समाजवादी आंदोलन की मुखर आवाज जो खामोश हो गई

## अलविदा शरद यादव 1947-2023

रवि प्रकाश सिंह

समाजवादी आंदोलन से निकले नेता शरद यादव की आवाज हमेसा के लिए खामोश हो गयी। लेकिन उनके राजनीतिक सफर को भारतीय राजनीति में हमेसा याद रखा जायेगा। एक ऐसा नेता जिसने डॉ. लोहिया को अपना आर्दश बनाया तो जय प्रकाश नारायण यानी जेपी को गुरु। लोहिया के



सिद्धांतों पर चलकर सामाजिक लड़ाई लड़ी तो जेपी के कहने पर उप चुनाव में लड़ा और जीता जीता। वो नेता जिसने मंडल कमिशन की सिफारिशों को लागू कराने में अहम भूमिका निभाई तो लालू को सीएम भी बनाया। ऐसा नेता की जिसकी पृष्ठभूमि तीन राज्यों से होकर गुजरी, राजनीति का शुरुआत मध्य प्रदेश और बाद में यूपी और बिहार की राजनीति का बड़ा चेहरा बना। शरद यादव का जन्म मध्य प्रदेश में हुआ लेकिन उनकी कर्मभूमि उत्तरप्रदेश और बिहार रही। जेपी आंदोलन से निकलकर भारतीय राजनीति में एक अलग पहचान बनाने वाले शरद यादव के नाम ऐसी कई उपलब्धियां है जिसका बखान करना भारतीय राजनीति में छोटी बात होगी। जेपी आंदोलन लोहिया के आदर्श पर चलने वाले और उनकी उंगली पकड़कर सक्रिय राजनीति में खुद को स्थापित करने वाले कम ही नेता है, उनका परिधान भी परंपरागत यानी धोती कुर्ता था। उसमें चंद्र शेखर सिंह, मुलायम सिंह यादव का नाम आता है।

संसद में समाजवादी विचारों को दमखम के साथ रखने वाले शरद यादव कभी अपनी कही बातों से पीछे नहीं हटे, हां इसका राजनीतिक खामियाजा भी उन्हें उठाना पड़ा। संबन्धों का निर्वहन कैसे किया जाता है ये शरद यादव के अंदर कूट-कूट कर भरा था। वाराणसी में कृष्णानंद राय की हत्या में जब राजनाथ सिंह समेत कई नेता धरने पर बैठे थे और इस बात की जानकारी लगने पर शरद यादव खुद यहां आये धरने का समर्थन किया। वहीं जब 2014 में नरेंद्र मोदी के खिलाफ जब केजरीवाल वाराणसी ताल ठोकने उतरे तो उस समय केजरीवाल के शरद यादव प्रचार करने वाराणसी आये थे।

### 27 साल की उम्र में बने सांसद और तीन बार दिया इस्तीफा

1947 को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद के बंदाई गांव के एक किसान परिवार में जन्मे शरद यादव 27 की उम्र में जबलपुर लोकसभा सीट से सांसद चुनकर पहली बार शरद यादव संसद पहुंचे। मध्य प्रदेश मूल का होते हुए भी अपने राजनीतिक जीवन की धुरी बिहार और उत्तर प्रदेश की सियासत से बनाई। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज (रॉबट्र्सन मॉडल साइंस कॉलेज) के छात्र संघ अध्यक्ष भी चुने गए।



### बनारस से था लगाव लगा था आना-जाना

शरद यादव का बनारस आना जाना लगा रहा। लंबे समय तक यहां के लोगों से मिलते-जुलते रहे। 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान शरद यादव बनारस आए थे। मोदी के खिलाफ उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अरविंद केजरीवाल के लिए चुनाव प्रचार किया था। उनके लिए समर्थन मांगने के बाद वापस चले गए थे। इसके पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के समय जब मौजूदा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठे थे तब शरद यादव यहां आए थे। उन्होंने राजनाथ सिंह के धरने को समर्थन दिया था।

### जेपी और लोहिया को माना गुरु

जब शरद यादव छात्र राजनीति में मशगूल थे, तब देश में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के लोकतंत्र वाद और डॉ. राम मनोहर लोहिया के समाजवाद की क्रांति की लहरें परवान चढ़ रही थीं। शरद यादव भी इनसे खासे प्रभावित हुए। डॉ. लोहिया के समाजवादी विचारों से प्रेरित होकर शरद ने अपने मुख्य राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। युवा नेता के तौर पर सक्रियता से कई आंदोलनों में भाग लिया और आपातकाल के दौरान मीसा बंदी बनकर जेल भी गए।

### यूपी, एमपी और बिहार से सांसद रहे शरद यादव

1977 में चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे, उस वक्त वह युवा जनता दल के अध्यक्ष थे। 1986 में वह राज्यसभा से सांसद चुने गए और 1989 में यूपी की बदाऊं लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर तीसरी बार संसद पहुंचे। 1989-90 में टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री रहे। 1991 से 2014 तक शरद यादव बिहार की मधेपुरा सीट से सांसद रहे। 1995 में उन्हें जनता दल का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया और 1996 में वह पांचवी बार लोकसभा का चुनाव जीते। 2001 को वह केंद्रीय श्रम मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री रहे। 2004 में वह राज्यसभा से दूसरी बार सांसद बने और गृह मंत्रालय के अलावा कई कमेटियों के सदस्य रहे। 2009 में वह 7 वीं बार सांसद बने और उन्हें शहरी विकास समिति का अध्यक्ष बनाया गया।


### आरजेडी और कांग्रेस गठबंधन के सूत्रधार थे शरद यादव

2015 में जब बीजेपी के खिलाफ आरजेडी और कांग्रेस के साथ मिलकर नीतीश कुमार ने बिहार में महागठबंधन बनाया तो शरद यादव को इसका सूत्रधार माना गया। बाद में नीतीश कुमार ने जब फिर बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया तो शरद यादव उनके इस फैसले से खुश नहीं थे। बाद में वे जेडीयू से खुद को अलग कर लिया और एक अलग पार्टी बना ली, जिसका की राष्ट्रीय जनता दल में विलय हो गया।

### लालू प्रसाद को सीएम बनाने में अहम रोल

1990 में लालू प्रसाद को बिहार का मुख्यमंत्री बनवाने में उनकी अहम भूमिका थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने राम सुंदर दास को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया था। लेकिन शरद यादव ने तत्कालीन डिप्टी पीएम चौधरी देवी लाल को जनता दल के सीएम उम्मीदवारों के बीच चुनाव कराने के लिए राजी कर लिया और अखिरकार राजनीतिक दांव पेंच के बाद लालू यादव बिहार के मुख्यमंत्री बने।





### जेपी ने लड़वाया था पहला चुनाव

शरद यादव ही वो चेहरे हैं जिन्हें जेपी आंदोलन से निकलने के बाद पहली जीत मिली थी। टीम जेपी से सलाखों के भीतर रहकर जीत हासिल करने वाले शरद यादव पहले राजनेता थे। जेपी के छात्र आंदोलन का देश की राजनीति पर आनेवाले समय में कितना असर होने वाला है इसकी पहली झलक 1974 में शरद यादव ने दिखाई थी। दरअसल, जेपी ने छात्र आंदोलन के बाद जिस पहले उम्मीदवार को हलधर किसान के चुनाव निशान पर चुनाव लड़वाया था वो कोई और नहीं बल्कि शरद यादव थे और उनकी उम्र महत 27 साल थी। इतना ही नहीं आपातकाल के समय तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने लोकसभा सदस्यों का कार्यकाल 5 साल से बढ़ाकर 6 साल कर दिया था और इसके विरोध में सिर्फ दो सांसदों ने इस्तीफा दिया था जिनमें मधु लिमये और शरद यादव का नाम शामिल है।

### जनता दल के संस्थापक सदस्यों में से एक थे

शरद यादव जनता दल के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे 1989-1990 में केंद्रीय टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग मंत्री भी रहे। उन्हें 1995 में जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। 1996 में बिहार से वे पांचवीं बार लोकसभा सांसद बने। 1997 में जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने और 1998 में जॉर्ज फर्नांडीस के सहयोग से जनता दल यूनाइटेड पार्टी बनाई और एनडीए के घटक दलों में शामिल होकर केंद्र सरकार में फिर से मंत्री बने। 2004 में शरद यादव राज्यसभा गए।

### समय बदला तो फिर लौटूंगा

लालू की पार्टी राजद ने वादा करने के बावजूद जब उन्हें राज्यसभा नहीं भेजा। तो उन्होंने कहा था कि बेहतर यही है कि अब कहानी को पीछे छोड़ दिया जाए, क्योंकि हर जगह राज्यसभा के टिकट तय हो गए हैं। मैंने अपने पूरे जीवन में संघर्ष किया है। मैंने नैतिक आधार पर तीन बार संसद से इस्तीफा दिया है। कितने नेताओं ने अपने राजनीतिक जीवन में ऐसा किया है? शरद यादव ने कहा था, मैंने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं। समय बदला तो फिर यहां लौटूंगा।

### भ्रष्टाचार का लगा आरोप तो दे दिया इस्तीफा

1989 में बदायूं सीट से जनता दल की तरफ से चुनाव लड़कर शरद यादव फिर से लोकसभा पहुंचे और वीपी सिंह की सरकार में केंद्रीय कपड़ा मंत्री बने। कुर्सी को कभी भी ना चाहने वाले शरद यादव पर जैन हवाला कांड में 5 लाख रुपए लेने का आरोप लगा। हालांकि, अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। शरद यादव ने अपने ऊपर आरोप लगने के बाद लोकसभा सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया था। .

### जेपी मूवमेंट से निकला छात्रनेता बना समाजवादी आंदोलन का प्रतीक

जयप्रकाश नारायण ने जब सत्तर के दशक में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा था तो इसमें लालू प्रसाद, शरद यादव और बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उभर कर निकले थे। इन तीनों गुरुभाइयों के बीच की कड़ी बने थे शरद यादव। नीतीश उन्हें राजनीतिक गुरु मानते हैं, जबकि मधेपुरा लोकसभा सीट से उन्होंने अपने दूसरे गुरुभाई लालू प्रसाद को हराया था। यह वह दौर था जब शरद ने जनता दल से अलग होकर जनता दल (यू) बना लिया था।

# बड़े भवनों में रहने वाले एक कमरे में कर रहे गुजारा

**जोशीमठ वालों की व्यथा**


### दरकती जमीन ने भविष्य पर लगाया प्रश्नचिह्न

जोशीमठ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और इसी ठंड में यहां के लोग अपने पांच, छह, सात कमरों के घरों की सुविधा और आराम से महरूम किसी होटल, स्टे-होम के एक कमरे में गुजारा कर रहे हैं। कभी-कभी की बूंदाबांदी ठंड को बढ़ा देती है. साथ ही ये डर भी कि कहीं इस शहर की दरारें इसे जमीन में और न धंसा दें। एक तरफ जहां जोशीमठ के धंसने से इसके भविष्य पर प्रभाव को लेकर बहस चल रही है, तो दूसरी ओर जोशीमठ के लोगों को अपने बच्चों के भविष्य की फिक्र है। पिछले कुछ वक्त से उत्तराखंड के लोग शिकायत कर रहे थे कि उनके घर जमीन में धंस रहे हैं, उनमें दरारें आ रही हैं। जोशीमठ भारत के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित इलाके जोन-5 में आता है. साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, यहां करीब 4,000 घरों में 17,000 लोग रहते थे, लेकिन वक्त के साथ इस शहर पर भी इंसानी बोझ बढ़ा है। अक्टूबर में भी सड़कों, घरों में दरारों पर कुछ जगह रिपोर्ट की गई थी, लेकिन दो महीने बाद वही दरारें चौड़ी हो गई हैं और घरों में रहना खतरे से खाली नहीं रहा। ऐसा क्या हुआ कि दरारें बढ़ीं, ये साफ



नहीं। भूवैज्ञानिक मामले की जांच कर रहे हैं। चमोली के ज़िला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना ने बताया कि 169 परिवारों को विभिन्न होटलों में स्थानांतरित किया गया है. इन जगहों में स्थानांतरित किए जाने के बावजूद कई लोग घर में छूट गए महंगे सामान, मवेशियों को लेकर इतने फि क्रमंद हैं कि वो दिन में वापस घर जाते हैं और शाम या रात में होटलों और स्टे-होम में वापस आ जाते हैं। इस आवाजाही से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि उनके जीवन में ये उथल-पुथल किस वजह से है।

घर से बाहर निकल गए तो दिक्कत तो होनी ही है। दस कमरे से एक रूम में आ जाओ तो क्या करें? बच्चे पागल जैसे हो गए कि क्या हो रहा है। नगर के मध्य में नगरपालिका के कमरे ऐसी ही जगह हैं जहां परिवारों को रखा गया है। यहां ठहरे लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए ज़िम्मेदार अधिकारी रघुवीर सिंह के मुताबिक, नगरपालिका के कमरों में 58 लोग रुके हैं। ऐसे ही एक कमरे के बाहर कुर्सी पर 27 वर्षीय अंशु रावत अपनी छह महीने की बेटी खुशी के साथ खेल रही थीं। कुछ दिन पहले तक वो दो फ़्लोर के नौ कमरे और तीन किचन वाले मकान में रहती थीं. उसी मकान में आठ साल पहले वो शादी करके आई थीं, वहीं से उन्होंने बीए, एमए की पढ़ाई की. वहीं उनकी बेटी पैदा हुई। आज वो इस नगरपालिका के एक कमरे वाले मकान में रहती हैं. कमरे के एक कोने में गैस, बर्तन और खाने का सामान रखा था. उसके सामने वाली दीवार पर ढेर सारे कपड़े लटके हुए थे. बीच में दो बिस्तर थे जिसमें वो, उनकी बेटी, सास-ससुर सोते हैं। पति और देवर को जमीन पर सोना पड़ता है। वो कहती हैं कि यहां रहना बहुत मुश्किल है। अपने यहां एक कमरा भी हो तो आप ऐडजस्ट कर लेते हैं। यहां बच्ची बार-बार बाहर जाने की कोशिश करती है। उसको उल्टी हो रही है, सर्दी-जुकाम खांसी भी है। अपने घर को छोड़ने का दर्द बताना नामुमकिन है। जब किसी इंसान के ऊपर से छत छिन जाती है तो उसका बहुत दुख होता है।



### क्या हुआ था उस रात

बात दो जनवरी की रात के करीब साढ़े बारह से एक बजे के बीच की है जब उन्हें मकान धसकने की आवाज सुनाई दी। सही में उस रात क्या हुआ, ये साफ नहीं। वो याद करती हैं, जोर-जोर से ऐसे लगा कि मकान नीचे को धसक रहा है। सभी अगल-बगल वाले बाहर निकले। लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर भाग रहे थे। अंशु के मुताबिक, लोग कह रहे थे कि बगल का एक होटल टूट गया है, लेकिन बाद में पता चला कि होटल तो नहीं टूटा था, लेकिन उनके घर को बहुत नुकसान पहुंचा था। घर में दरारें थीं, बरामदा पूरा टूट गया था। डर के मारे वो, उनकी बेटी खुशी, सास-ससुर, देवर और पति के साथ घर के छत पर पहुंचीं। वो कड़ाके सर्दी वाली रात उन्होंने छत पर गुजारी और दिन की रोशनी का इंतजार किया। बच्ची रात भर रोती रही। वो याद करती हैं, अंदर जाते तो डर था कि मकान टूट जाएगा। पूरी रात हम छत पर रहे। बच्ची ने एक जैकट पहन रखी थी। मैंने उसे वैसे ही जैकेट में पूरी रात रखा। हमने चप्पल पहन रखी थी। सिर पर टोपी भी नहीं थी। लेकिन वो सड़क पर क्यों नहीं निकलीं और टूटे घर की छत पर क्यों रहने का सोचा? इस पर वो कहती हैं, ॰हम सड़क पर गए तो वहां थोड़ा डरावना जैसा था। तो मैंने सोचा कि बच्ची डर जाएगी। इसलिए हम वहीं छत पर खड़े रहे। अंशु रावत चाहती हैं कि अगर उन्हें मकान की कीमत जो उनके मुताबिक 70-80 लाख होगी, वो मिल जाए तो उन्हें जहां पर भी जाना होगा वो चली जाएंगी। चमोली के ज़िला मैजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के मुताबिक, प्रशासन पुनर्वास और सहायता पैकेज पर काम कर रहा है और इसे लेकर जो समिति बनी है, उसके साथ बातचीत चल रही है। वो कहते हैं, हम इस पर जल्द ही सर्वसम्मति से नतीजे पर पहुंचेंगे क्योंकि लोग अलग-अलग चीजें चाहते हैं। कुछ मुआवजा चाहते हैं, कुछ पुनर्वास चाहते हैं, इसलिए हमें स्टेकहोल्डर्स (या साझेदारों) से बात करनी होगी, लेकिन हम प्रक्रिया में तेजी ला रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि ये जल्द से जल्द पूरी हो। लेकिन स्थानीय लोगों में पुनर्वास पैकेज को लेकर बेचैनी बढ़ रही है। उनका कहना है कि हालात इतने खराब हो रहे हैं कि प्रशासन को तुरंत उन्हें नुकसान की भरपाई करनी चाहिए।